


■ पैन कार्ड आवेदन के नए नियम पहली अप्रैल से होंगे लागू - 12




■ पीएनजी का तेजी से नेटवर्क बढ़ाने पर राज्यों को मिलेगी ज्यादा एलपीजी- 12



■ ट्रंप बोले-ईरान युद्ध लंबा नहीं चलेगा, स्पष्ट समयसीमा बताने से इन्कार - 13



■ पूरी जिंदगी नहीं खेल सकते, इसलिए पढ़ाई जरूरी है : सिंधु - 14

आज का मौसम
35.0⁰ अधिकतम तापमान
20.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.14
सूर्यास्त 06.19

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| अयोध्या |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र कृष्ण पक्ष अमावस्या 06:53 उपरांत प्रतिपदा विक्रम संवत 2083

गुरुवार, 19 मार्च 2026, वर्ष 4, अंक 212, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये



नई दिल्ली के पालम इलाके में बहुमंजिला आवासीय इमारत में लगी आग को कई घंटों की मशक्कत के बाद बुझाया जा सका। ● एजेंसी

# दिल्ली और इंदौर में भीषण अग्निकांड, 17 लोगों की मौत

## पालम इलाके में आवासीय इमारत में लगी आग, तीन बच्चों समेत एक ही परिवार के नौ लोगों की जान गई

## इंदौर में इलेक्ट्रिक कार चार्ज करते वक्त हुआ हादसा 8 मृतकों में एक ही परिवार के दो बच्चे, तीन महिलाएं

नई दिल्ली/इंदौर, एजेंसी

दिल्ली और इंदौर की आवासीय इमारतों में हुए भीषण अग्निकांड में 17 लोगों की मौत हो गई। दिल्ली के पालम इलाके में बुधवार सुबह बहुमंजिला इमारत में लगी आग में एक बुजुर्ग महिला और उनकी तीन पोतियों समेत एक ही परिवार के नौ लोगों की मौत हो गई। इंदौर में तीन मंजिला मकान में तड़के इलेक्ट्रिक वाहन को चार्ज करते वक्त धमाके के बाद आग लग गई। यहां भी एक ही परिवार के दो बच्चों और तीन महिलाओं समेत आठ की जान चली गई।

दिल्ली के पालम मेट्रो स्टेशन के पास राम चौक मार्केट में स्थित इमारत के बेसमेंट, भूतल



इंदौर में घटनास्थल पर मौजूद बचावकर्मी।

और पहली मंजिल पर कपड़े तथा सौंदर्य प्रसाधन का शोरूम था, जिसके मालिक राजेंद्र कश्यप का परिवार दूसरी और तीसरी मंजिल पर रहता था। कश्यप के परिवार में पत्नी, पांच बेटों, एक बेटी, चार बहुओं और सात पोते-पोतियां थीं। मृतकों में राजेंद्र की पत्नी लाडो (70), उनके बेटे प्रवेश (33) और कमल (39), कमल की पत्नी आशु (35) और उनकी तीन बेटियां शामिल हैं। तीनों बेटियों की उम्र 15, छह और तीन साल थी। लाडो की बेटी हिमांशी (22) और बहू दीपिका (28) की भी मौत हो गई। राजेंद्र का बेटा अनिल (32) अपनी दो साल की बेटी को तीसरी मंजिल पर सीढ़ी से उतारने की कोशिश कर रहा था, तभी वह नीचे गिर गई। इस पर अनिल ने खुद भी छलांग लगा दी। आग से बचने के लिए पास की एक इमारत से कूदा सचिन (29) भी घायल हो गया।

इंदौर की ब्रजेश्वरी एनेक्स कॉलोनी के मकान में तड़के 4:00 आग लगी। पुलिस के मुताबिक मकान के बाहर एक कार को चार्ज किया जा रहा था। अचानक चार्जिंग प्वाइंट में धमाका हुआ और इसके बाद कार में लगी भीषण आग ने मकान को चपेट में ले लिया। इसके बाद घर में रखे रसोई गैस सिलेंडरों में भी धमाके हुए जिससे आग और विकराल हो गई। घटना में मकान के अंदर मौजूद तन्मय (6), राशि सेठिया (12), सिमरन (30), टीनू (35), सुमन सेठिया (60), विजय सेठिया (65), छोटू सेठिया (22) और मनोज (65) की मौत हो गई। दरवाजों पर इलेक्ट्रॉनिक ताले लगे थे जिन्हें तोड़ने में पुलिस को काफी मुश्किल हुई।

### दिल्ली: सौंदर्य उत्पादों से भड़की आग

पड़ोसियों ने बताया कि सुबह करीब सवा छह बजे आग पहली मंजिल पर लगी और तेजी से फैल गई। दुकान में मौजूद ज्वलनशील पदार्थ इत्र और अन्य सौंदर्य उत्पादों के कारण आग फैली। शोरूम में थिनर, नेल पॉलिश और रिमूवर जैसे कई ज्वलनशील पदार्थों का भंडार था।

### 30 दमकल गाड़ियों ने पाया काबू

बचाव अभियान के तहत पुलिस, बीएसईएस, एनडीआरएफ कर्मियों और वायुसेना पुलिस के साथ लगभग 30 दमकल गाड़ियां और 11 एम्बुलेंस सेवा में लगाई गईं। काले धुएं के घने गुबार और आग की लपटों के बीच भीड़ वाले बाजार में आग बुझाने के लिए अग्निशमन दल को काफी संघर्ष करना पड़ा।

### मोदी ने इंदौर की घटना पर दुख जताया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंदौर की घटना पर शोक जताया है। उन्होंने मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के परिजनों को दो-दो लाख रुपये और घायल को 50,000-50,000 रुपये की सहायता राशि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से देने की घोषणा की।

ब्रीफ न्यूज

### रुपये में 49 पैसे की बड़ी गिरावट, 93 के करीब



मुंबई। अमेरिकी मुद्रा में मजबूती और विदेशी निवेशकों की ओर से बाजार से लगातार निकासी के दबाव में रुपया बुधवार को 49 पैसे लुढ़ककर 92.89 प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 92.42 के भाव पर खुला और 92.41-92.89 के बीच कारोबार करता रहा। अंत में 92.89 प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ जो 49 पैसे की बड़ी गिरावट है। मंगलवार को रुपया 92.47 का स्तर छूकर 92.40 प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ था।

### विवादास्पद गीत पर दिया एनएचआरसी ने नोटिस

नई दिल्ली। विवादास्पद गीत 'सरके चुनर' में अश्लील, यौन उत्तेजक और द्विअर्थी' शब्दों के इस्तेमाल को लेकर मिली शिकायत के मद्देनजर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और सेंसर बोर्ड को नोटिस जारी किया है। आरोप लगाया गया है कि गीत के बोल आम जनता, विशेषकर बच्चों के लिए अनुपयुक्त हैं। संजय दत्त की आने वाली फिल्म 'केडी द डेविल' के इस गीत को लेकर लोगों ने सोशल मीडिया पर आक्रोश जताया है।

### खराब मौसम: दिल्ली में 16 उड़ानों का मार्ग बदला

नई दिल्ली। दिल्ली में मौसम की खराब स्थिति के कारण बुधवार शाम को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआईए) पर 16 उड़ानों का मार्ग परिवर्तित कर दिया गया। बुधवार शाम को राष्ट्रीय राजधानी में आंधी आई और भारी बारिश हुई। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने दिल्ली के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। एक अधिकारी ने बताया कि आईजीआईए की 16 आगमन उड़ानों को दूसरे हवाई अड्डों पर परिवर्तित किया गया। आईजीआईए देश का सबसे बड़ा हवाई अड्डा है जो प्रतिदिन 1,300 से अधिक उड़ानों का संचालन करता है।

# ईरान के शीर्ष अधिकारियों के मारे जाने के बाद पश्चिम एशिया में और बढ़ा घमासान

## ईरान ने इजराइल पर बरसाईं मिसाइलें, बगदाद में अमेरिकी दूतावास पर दूसरे दिन भी हमला

● यूएई में ऑस्ट्रेलियाई सैन्य ठिकाना भी बनाया मिसाइल का निशाना

दुबई, एजेंसी

ईरान के दो शीर्ष अधिकारी अली लारीजानी और जनरल गुलाम रजा सुलेमानी के मारे जाने के बाद बुधवार को पश्चिम एशिया में घमासान और तेज नजर आया। ईरान ने लारीजानी की हत्या का बदला लेने के लिए बुधवार को दोनों की मौत की पुष्टि के साथ जवाबी कार्रवाई करते हुए इजराइल पर मिसाइलों की बारिश की, इसमें तेल अवीव के पास दो लोग मारे गए। इसके अलावा, ईरान ने यूएई में ऑस्ट्रेलियाई एयरबेस को भी निशाना बनाया।

रिवोल्यूशनरी गार्ड के मुताबिक उसने मध्य इजराइल को 'मल्टीपल-वारहेड' मिसाइलों से निशाना बनाया, जिनमें रक्षा प्रणालियों से बचने और रडार को भ्रमित करने की क्षमता होती है। इसके अलावा खुर्रमशहर-4 और कादर मिसाइल भी दागीं। इस बीच, बगदाद में अमेरिकी दूतावास पर बुधवार तड़के



ईरान से दागी गई मिसाइलें बुधवार को मध्य इजराइल के आसमान में तेजी से गुजरीं।

लगातार दूसरे दिन हमला हुआ। मंगलवार को बगदाद स्थित दूतावास परिसर के अंदर एक ड्रोन भी गिरा था। ईरान ने बुधवार को संयुक्त अरब अमीरात स्थित अल मिनहाद एयर बेस पर भी हमला किया, हालांकि इसमें किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। यह एयर बेस एडीएफ कर्मियों की तैनाती के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र है। ऑस्ट्रेलिया के रक्षा विभाग ने कहा, 18 मार्च की सुबह बेस के उस हिस्से को निशाना बनाया गया जहां एडीएफ की लंबे समय से उपस्थिति रही है।

**मोसाद के लिए जासूसी के आरोप में फांसी:** ईरान में बुधवार को इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद के लिए जासूसी करने के आरोप में देश में एक व्यक्ति को फांसी दी गई। ईरानी न्यायपालिका की समाचार एजेंसी 'मिजान' ने मृतक की पहचान कुरुश कीवानी के रूप में की है। आरोप हैं कि उसने संवेदनशील स्थानों की तस्वीरें और जानकारी' मोसाद को उपलब्ध कराई थीं।

### ईरान के परमाणु संयंत्र और गैस संयंत्रों पर हमले, नुकसान नहीं

इस बीच, ईरान के बुशहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र पर मिसाइल हमला हुआ, लेकिन इसमें कोई नुकसान नहीं हुआ। इसके अलावा ईरान के विशाल अपतटीय साउथ पार्स क्षेत्र में प्राकृतिक गैस संयंत्रों पर भी बुधवार को हमला हुआ। ईरान और कतर फारस की खाड़ी में स्थित अपतटीय तेल क्षेत्र साझा करते हैं।

### मिसाइल हमलों के बाद दुबई में अलर्ट

दुबई। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने मिसाइल हमलों के कारण बुधवार को अलर्ट जारी कर दुबई के लोगों से सुरक्षित जगहों पर शरण लेने की अपील की। यूएई के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि हवाई रक्षा प्रणालियां मिसाइलों को रोक रही हैं। दुबई के विभिन्न हिस्सों में तेज आवाजें सुनाई देने के बाद अधिकारियों ने जनता से शांति बनाए रखने की अपील की।

### अमेरिका ने होर्मुज के निकट ईरानी मिसाइल ठिकानों पर की बमबारी

वाशिंगटन। अमेरिकी सेना ने ईरान के तट के पास होर्मुज जलडमरूमध्य के निकट स्थित ईरानी मिसाइल ठिकानों पर हमला किया है। अमेरिकी केंद्रीय कमान के मुताबिक ईरान के तटवर्ती क्षेत्र में स्थित सुदृढ़ (हार्डन) ईरानी मिसाइल ठिकानों पर 5,000 पाउंड के गहरे पैठ बनाने वाले कई बमों को गिराया है। इन ठिकानों पर मौजूद ईरानी एंटीशिप क्रूज मिसाइलें जलडमरूमध्य से गुजरने वाले अंतरराष्ट्रीय जहाजों के लिए खतरा मानी जा रही थीं।

# यूपी में सुरक्षा से विकास तक अब नया मॉडल: मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



● योगी ने किया 'नव निर्माण के 9 वर्ष' पुस्तक का विमोचन
● कहा, प्रदेश में अब न भय न तनाव, न ही दंगों का खतरा

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लोक भवन में 'नव निर्माण के 9 वर्ष' पुस्तक का विमोचन करते हुए कहा कि बीते नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने सुरक्षा, विकास, रोजगार और सुशासन का नया मॉडल स्थापित किया है। उन्होंने इस परिवर्तन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन, सरकार की नीतियों, जनप्रतिनिधियों की प्रतिबद्धता और जनता के सहयोग का परिणाम बताया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले प्रदेश पहचान के संकट, कमजोर कानून-व्यवस्था, बेरोजगारी और पलायन से जूझ रहा था, लेकिन अब न भय है, न अराजकता और न दंगों का खतरा। नवरात्रि और रमजान जैसे पर्व सौहार्द के साथ मनाए जा रहे हैं। सरकार ने 9 वर्षों में 9 लाख से अधिक नौकरियां दीं, जिनमें 2.19 लाख पुलिस भर्तियां शामिल हैं। पुलिस सुधार के तहत प्रशिक्षण क्षमता बढ़ी, कमिश्नरेट प्रणाली लागू हुई और हर जिले में साइबर थाने बने। योगी ने कहा कि प्रदेश इंफ्रास्ट्रक्चर हब के रूप में उभरा है।

सात शहरों में मेट्रो, मेरठ-दिल्ली रैपिड रेल, गंगा एक्सप्रेसवे और जेवर एयरपोर्ट इसकी पहचान हैं। राज्य में 16 एयरपोर्ट संचालित हैं और जेवर देश का सबसे बड़ा एयरपोर्ट होगा। निवेश के क्षेत्र में 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक निवेश ग्राउंडिंग हो चुकी है, जबकि जापान, सिंगापुर और जर्मनी के निवेशक भी उत्साहित हैं। कृषि विकास दर 8.5 से बढ़कर 18 प्रतिशत हुई, गन्ना किसानों को 3.16 लाख करोड़ का भुगतान हुआ और सिंचाई का विस्तार हुआ। महिला सशक्तीकरण में 1.75 लाख से अधिक बेटियों को नौकरी मिली, जबकि 1.10 करोड़ महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर आत्मनिर्भर बनी हैं। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, दोनों उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, और ब्रजेश पाठक ने भी उपलब्धियां गिनाई और पुस्तक के विमोचन में हिस्सा लिया।

### संवाद से जन-जन तक पहुंचेगा '9 वर्ष' का विजन

मुख्यमंत्री ने बताया कि 9 विषयों पर आधारित 9 दिवसीय कार्यक्रम बसंत नवरात्रि से शुरू होगा। इसमें युवा, किसान, महिलाएं व समाज के सभी वर्ग सहभागी बनेंगे। संवाद के जरिए जहां 9 वर्षों की उपलब्धियां साझा होंगी, वहीं आगे के विकास का विजन भी तय किया जाएगा। उन्होंने कहा, 9 पूर्णता का प्रतीक है और यह अभियान उसी दिशा में एक अहम कदम है।

# चुनाव से पहले पश्चिम बंगाल में बड़े पैमाने पर प्रशासनिक फेरबदल

● 13 आईएएस और पांच आईपीएस की तैनाती, संभालेंगे चुनाव की कमान

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में बुधवार को निर्वाचन आयोग ने वरिष्ठ अधिकारियों के तबादले का नया दौर शुरू करते हुए 13 आईएएस अधिकारियों को जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन अधिकारी (डीएम-डीईओ) के रूप में नियुक्त किया है। इसके साथ पांच आईपीएस अधिकारियों को भी उप महानिरीक्षक (डीआईजी) के रूप में तैनात किया है।

आईएएस अधिकारियों को जिलाधिकारी (डीएम) के रूप में नियुक्त किया गया है, जो जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) के रूप में भी कार्य करेंगे, जिससे वे जिला स्तर पर चुनाव प्रबंधन और पर्यवेक्षण के केंद्र में आ जाएंगे। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आधिकारिक सूचना के अनुसार तबादला निर्देशों को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाना है और अधिकारियों के कार्यभार ग्रहण करने के संबंध में अनुपालन रिपोर्ट 19 मार्च को दोपहर तीन बजे तक प्रस्तुत की जानी चाहिए। यह फेरबदल निर्वाचन आयोग द्वारा रविवार को चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के तुरंत बाद किए गए कई बदलावों के बाद हुआ है।

# राष्ट्रपति आज राम मंदिर में करेंगी श्रीराम यंत्र की स्थापना

**अयोध्या :** रामनगरी गुरुवार को एक बार फिर आध्यात्मिक और ऐतिहासिक महत्व के क्षण की साक्षी बनेगी। राष्ट्रपति श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में श्रीराम यंत्र की विधिवत स्थापना करेंगी। यह कार्यक्रम नव संवत्सर और नवरात्रि के प्रथम दिन पर आयोजित हो रहा है। बताया गया है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सुबह करीब 11 बजे अयोध्या एयरपोर्ट पहुंचेंगी। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी उनका स्वागत करेंगे। इसके बाद वह राम मंदिर पहुंचेंगी। यहां वह सबसे पहले रामलला के दर्शन- पूजन करेंगी। मुख्य अनुष्ठान राम मंदिर के द्वितीय तल पर स्थित गर्भगृह में होगा, जहां अभिजित मुहूर्त में ठीक 11:55 बजे वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रीराम यंत्र की स्थापना संपन्न होगी।



# उड़ानों में 60 प्रतिशत सीटों पर अतिरिक्त शुल्क न वसूल करें विमानन कंपनियां

● ज्यादा शुल्क वसूलने की शिकायतों के बीच सरकार ने जारी किए निर्देश

**नई दिल्ली।** सरकार ने विमानन कंपनियों को घरेलू उड़ानों में 60 प्रतिशत सीट पर यात्रियों से अतिरिक्त शुल्क न लेने का निर्देश दिया है। ये कदम ऐसे समय में उठाए गए हैं जब सीट चयन सहित विभिन्न सेवाओं के लिए विमानन कंपनियों की ओर से ज्यादा शुल्क वसूलने की शिकायतें लगातार बढ़ रही हैं।

नागर विमानन मंत्रालय ने कहा कि डीजीसीए ने विमानन कंपनियों को निर्देश दिया है कि उड़ान में 60 प्रतिशत सीट बिना अतिरिक्त शुल्क उपलब्ध कराई जाएं ताकि निष्पक्ष पहुंच तय हो सके। एक विमानन कंपनी के अधिकारी के मुताबिक अभी 20 प्रतिशत सीट बिना शुल्क बुक की जा सकती हैं, बाकी सीटों के लिए अतिरिक्त भुगतान करना पड़ता है।

### एक ही पीएनआर पर अब साथ-साथ देनी होगी सीट

नए निर्देशों के तहत एक ही पीएनआर पर बुक कराए गए टिकट पर अब यात्रियों को फ्लाइट में एक साथ सीट देना भी अनिवार्य कर दिया गया है। निर्देशों में कहा गया है कि जहां तक संभव हो उन्हें अगल-बगल की सीट दी जाएं। आमतौर पर एक ही परिवार के लोगों को एक ही पीएनआर पर बुक टिकट पर काफी दूर-दूर बैठने के लिए सीट आवंटित की जाती थीं।

# होर्मुज संकट पर मोदी ने की कुवैत के युवराज से बात

नई दिल्ली, एजेंसी

● कहा- सुरक्षित और निर्बाध नौवहन सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कुवैत के युवराज शेख सबाह अल-खालिद अल-हमद अल-मुबारक अल-सबाह के साथ पश्चिम एशिया में बढ़ते संकट पर विचार-विमर्श किया। प्रधानमंत्री ने इस दौरान कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित और निर्बाध नौवहन सुनिश्चित करना भारत की सर्वोपरि प्राथमिकता बनी हुई है।

दोनों नेताओं ने टेलीफोन पर हुई बातचीत में क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए निरंतर राजनयिक संपर्क बनाए रखने की आवश्यकता पर सहमति जताई। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, मैंने कुवैत के युवराज शेख सबाह अल-खालिद अल-हमद अल-मुबारक अल-सबाह से बातचीत कर उन्हें ईद की शुभकामनाएं दीं। हमने पश्चिम एशिया में बदलती स्थिति पर विचारों का आदान-प्रदान किया और हाल के घटनाक्रम को लेकर चिंता जताई। मोदी ने कुवैत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता पर हमलों की निंदा की। कुवैत में भारतीय समुदाय की सुरक्षा के लिए निरंतर समर्थन देने के वास्ते युवराज को धन्यवाद भी दिया।

# सोशल मीडिया मंच 'एक्स' की सेवाएं दुनिया भर में बाधित

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया मंच 'एक्स' को बुधवार को बड़ी तकनीकी खराबी का सामना करना पड़ा, जिसके कारण भारत सहित बड़े पैमाने पर दुनिया भर के यूजर्स के लिए इसकी सेवाएं बाधित हो गईं।

सेवाओं के बाधित होने पर नजर रखने वाली वेबसाइट 'डाउनडिटेक्टर' के अनुसार भारत में रात आठ बजे इस मंच के काम न करने की खबरें आईं। मोबाइल एप और कंप्यूटर वेबसाइट दोनों में समस्या आई। भारत में दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और हैदराबाद जैसे शहरों के यूजर्स ने टाइम लाइन को अपडेट करने, उत्तर देखने और नए संदेश साझा करने में दिक्कतें झेलीं।

कैबिनेट के फैसले

सरकार ने दी 33,660 करोड़ रुपये की औद्योगिक विकास योजना को मंजूरी

# देश भर में विकसित होंगे 100 प्लग एंड प्ले औद्योगिक पार्क

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बुधवार को 33,660 करोड़ रुपये की 'भारत औद्योगिक विकास योजना' (भव्य) को मंजूरी दी, जिसके तहत देशभर में 100 प्लग एंड प्ले औद्योगिक पार्क विकसित किए जाएंगे। कहा गया है कि इस योजना के तहत करीब 15 लाख प्रत्यक्ष रोजगार पैदा होने का अनुमान है।

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने फैसले की जानकारी देते हुए बताया कि इस पहल से देश में विश्वस्तरीय औद्योगिक बुनियादी ढांचा विकसित होगा और विनिर्माण क्षेत्र को



गति मिलेगी। 'भव्य' योजना के तहत 100 एकड़ से लेकर 1,000 एकड़ तक के औद्योगिक पार्क विकसित किए जाएंगे, जिनके लिए प्रति एकड़ एक करोड़ रुपये तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। प्लग एंड प्ले पार्क विकसित ढांचे वाले औद्योगिक क्षेत्र होते हैं जहां कंपनियां लंबी तैयारी के बगैर तुरंत उत्पादन शुरू कर सकती हैं।

### बाराबंकी से बहराइच तक राजमार्ग होगा 6969.04 करोड़ से फोरलेन

उत्तर प्रदेश में बाराबंकी से बहराइच के बीच एनएच-927 का 101.5 किमी का हिस्सा चार लेन का बनाया जाएगा। इस पर 6969.04 करोड़ लागत आएगी। चार लेन होने से इन जिलों के शहरी क्षेत्रों में भीड़ की समस्या हल होगी। साथ ही नेपालगंज सीमा के जरिए भारत और नेपाल के बीच एक महत्वपूर्ण सीमा पार व्यापार और पारगमन गलियारे के रूप में काम करेगी।

### कैबिनेट ने 2584 करोड़ लागत की लघु जल विद्युत विकास योजना की मंजूर

देश के दूरदराज के क्षेत्रों में पन बिजली क्षमता का दोहन करने के लिए 2584.60 करोड़ रुपये की लागत से ''लघु जल विद्युत विकास योजना'' शुरू करने का निर्णय लिया गया है जिसके अंतर्गत करीब 1500 मेगावाट क्षमता की परियोजनाओं की स्थापना की जाएगी। वैष्णव ने बताया कि योजना को वित्त वर्ष 2026-27 से वित्त वर्ष 2030-31 की अवधि के लिए स्वीकृति दी गई है।

### समर्थन मूल्य पर कपास खरीद के लिए 1,718.56 करोड़ रुपये

भारतीय कपास निगम को 2023-24 के कपास सत्र में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद व्यवस्था के तहत दिए गए मूल्य समर्थन को लेकर 1,718.56 करोड़ रुपये दिए जाने की मंजूरी दी गई है। केंद्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति (सीसीईए) की बैठक में यह निर्णय लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि सत्र के दौरान कपास के बाजार भाव एमएसपी से नीचे गिरने के कारण सरकारी एजेंसी को 32.84 लाख गांठ के लिए एमएसपी पर खरीद की व्यवस्था करनी पड़ी।

अमृत विचार



# टी-20 एपीएल : सरयू स्मैशर्स और गोमती थंडर टीम ने जीता लीग मैच

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** अयोध्या प्रीमियर लीग में बुधवार को गोमती थंडर व सरयू स्मैशर्स टीम ने लीग मुकाबले में जीत दर्ज की। मो. शारम व हिमांशु मैन आफ द मैच रहे।

अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल क्रिकेट स्टेडियम में हुए पहले मुकाबले में सरयू स्मैशर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में अमन के 33, दिव्यांशु 28, मो. शारम 27, विकास 26, वैभव के 25 रन के सहयोग से नौ विकेट पर 163 रन बनाया। चंबल चार्जर्स के वत्सल ने तीन, अमित दो, सचिन, सौरभ व अभिषेक ने एक-एक विकेट लिया। जवाब में चंबल ने अनुज के 28, ज्ञानेन्द्र 25, अमित 19, अंकुर के 17 रनों की बदौलत 151 रनों पर सिमट गई। सरयू के शारम ने तीन, मनीष, दिव्यांशु ने दो-दो व जावेद ने एक विकेट लिया। दूसरे मैच में मनोरमा मार्बल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में प्रिंस के 61, रितुराज 24, साजिद के 16 रन की मदद से आठ विकेट खोकर 128 रन बनाया। गोमती थंडर के रितिक, आतिफ ने दो-दो, शक्ति व प्रियांशु ने एक-एक विकेट लिया। जवाब में गोमती थंडर टीम ने हिमांशु के 56, जतिन 38, प्रियांशु के 17 रनों की सहायता से 10.5 ओवरों में सात विकेट से जीत दर्ज की।



एपीएल के रोमांचक लीग मुकाबले में शार्टलेग पर शॉट मारकर रन लेता बल्लेबाज।

## नामित सभासद का किया गया स्वागत

**बीकापुर, विचार।** भाजपा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष अभिषेक गुप्ता को नगर पंचायत का नामित सभासद चुने जाने पर नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश पांडेय राना और भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। अभिषेक जिले के सबसे कम उम्र के नामित सभासद है। नगर पंचायत चुनाव के दौरान अभिषेक गुप्ता को चुनाव संयोजक बनाया गया था। उनकी टीम के चुनावी रण कौशल के चलते नगर पंचायत बीकापुर में पहली बार भाजपा को अध्यक्ष पद पर जीत नसीब हुई थी। स्वागत कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष अनिल उपाध्याय, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुनील मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष भरत जी श्रीवास्तव, शैलेंद्र पांडे मोनू, आदित्य पांडे, गोमती तिवारी और अन्य भाजपा कार्यकर्ता शामिल रहे।



नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष व नामित सभासद गणों का स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता।

## 51 किलो की माला पहना किया नामित सभासदों का सम्मान

**मवई, अयोध्या। अमृत विचार :** पूर्व माध्यमिक विद्यालय नेवरा के प्रांगण में बुधवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष राधेश्याम त्यागी और नामित सभासदों का सम्मान किया। आयोजन रुदौली विधायक रामचंद्र यादव के नेतृत्व में हुआ। विधायक रामचंद्र यादव व अन्य पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष राधेश्याम त्यागी के साथ नामित रुदौली के पांच और मां कामाख्या धाम के तीन मनोनीत सभासदों को 51 किलो की माला पहनाकर स्वागत किया। विधायक ने कहा कि भाजपा के समर्पित, अनुभवी और जनसेवा की भावना से कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को दायित्व मिलने से विकास के कार्यों में तेजी आएगी। जिलाध्यक्ष राधेश्याम त्यागी ने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाया जाएगा। कार्यक्रम में मशहूर गायिका राधा चंचल ने सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। संचालन तेज तिवारी ने किया। समारोह में मवई ब्लॉक प्रमुख राजीव कुमार तिवारी व मां कामाख्या नगर पंचायत अध्यक्ष शीतला प्रसाद शुक्ल, वरिष्ठ नेता रघुनंदन चौरसिया, तेज तिवारी, ग्राम प्रधान विक्रमा यादव, निर्मल शर्मा, धर्मेंद्र वर्मा, डॉ. राधेश्याम रावत, राम प्रस यादव, भीम सिंह, संजय जायसवाल, प्रधान रामू रावत, राम प्रताप यादव, सुरेश निषाद, राकेश तिवारी सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय एआई कान्फ्रेंस में अवध विवि शोध टीम ने हासिल कीं उपलब्धियां

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या के भौतिकी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग की सह आचार्य डॉ. गीतिका श्रीवास्तव को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जापान के हकोडेटे, होक्काइडो में आयोजित कांफ्रेंस में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल हुई है।

ऐक्टिविटी एंड बिहेवियर कंट्रोल चैलेंज 2026 के तह आयोजित मल्टीमोडल अपर लिम्ब मूवमेंट इन्टेन्ट डिटेक्शन चैलेंज में डॉ. गीतिका श्रीवास्तव ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में उनकी टीम को उत्कृष्ट शोध कार्य के लिए बेस्ट पेपर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया, साथ ही प्रतियोगिता की कोडिंग श्रेणी में फर्स्ट रनर अप घोषित किया गया। इस उपलब्धि के लिए उन्हें नकद पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन आईईईई व कतर विश्वविद्यालय के मशीन लर्निंग ग्रुप से किया गया। प्रतियोगिता में विश्व के 23 देशों से चुने हुए 157 शोधकर्ताओं व वैज्ञानिकों ने प्रतिभाग किया। कोडिंग चैलेंज का मुख्य उद्देश्य मस्तिष्क के बहु-माध्यमीय जैव-संकेतों के माध्यम से मानव के अंगों की गति को पहचानने के लिए उन्नत कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित मॉडल विकसित करना था। यह तकनीक भविष्य में कृत्रिम अंगों, पुनर्वास रोबोटिक्स, एक्सोस्केलेटन नियंत्रण तथा मानव-रोबोट इंटरफेस जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। डॉ. गीतिका श्रीवास्तव एआई व बायोमेडिकल इलेक्ट्रानिक्स के क्षेत्र में अनुसंधान में महत्वपूर्ण योगदान कर रही हैं। उनके नेतृत्व में लगभग 1.5 करोड़ रुपये से अधिक की बाह्य वित्तपोषित शोध परियोजनाएं संचालित हो रही हैं।



श्री श्याम महोत्सव में श्याम बाबा का दिव्य दरबार। अमृत विचार

## 3000 श्रद्धालुओं ने किया बाबा का दर्शन

**भेलसर, अमृत विचार :** श्री श्याम भक्त मंडल रुदौली से रामलीला मैदान पर 6वां श्री श्याम महोत्सव का आयोजन धूमधाम के साथ सम्पन्न हुआ। कोलकाता से मंगाए गए फूलों से श्याम बाबा का भव्य श्रृंगार किया गया। बाबा के दिव्य दरबार और ज्योत के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। संकीर्तन की शुरुआत बाबा श्याम के महामंत्र के जाप से हुई, जिसके बाद भजनों की अमृतवर्षा ने श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। दिल्ली से आई गुनगुन दुबे ने प्यारा सा मुखड़ा, घुंघराले केश, कलयुग का राजा खाटू नरेश…और हारे का सहारा मेरा श्याम घणी…जैसे भजनों से संकीर्तन में जान फूंक दी। बाबा श्याम का छप्पन भोग के साथ में भव्य श्रृंगार, एवं इत्र की वर्षा हुई। सभी भक्तों को छप्पन भोग का प्रसाद व इत्र वितरित किया गया। मौके पर मण्डल के नीलमणि अग्रवाल, अजय गोयल, सुधीर सिंघल, अशोक गर्ग, विष्णु अग्रवाल, शैलेंद्र शर्मा, सतीश वैश्य, आलोक वैश्य, बनारसी अग्रवाल, हर्षित अग्रवाल , कुशल अग्रवाल, लालजी अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, शौर्य गर्ग, सूरज चौरसिया, आर्यन शाहू, शुभम धवन सहित बड़ी संख्या मे श्याम प्रेमी आदि थे।

## युवाओं को बिना भ्रष्टाचार के मिल रहा रोजगार का अवसर: शाही

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** केन्द्र सरकार के 11 वर्ष एवं प्रदेश सरकार के 09 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संकल्प से सिद्धि सुरक्षा सुशासन-समृद्धि के तहत कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग/जनपद प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही की अध्यक्षता में सर्किट हाउस सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

शाही ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा सफलतापूर्वक 09 वर्ष पूर्ण होने पर पूरे प्रदेश में गांव-गांव तक बिना किसी भेदभाव के गरीबें, पिछड़ों, असहायों, दिव्यांग जनों सहित समाज के हर वर्ग के लिए विभिन्न जनकल्याणकारी एवं लाभार्थीपरक योजनाओं के माध्यम से जो लाभ निरंतर दिया जा रहा है, उसका प्रभाव आज हम सभी को साफ दिख रहा है। कहा कि युवाओं को बिना किसी भ्रष्टाचार के पूर्ण पारदर्शिता के साथ नौकरी एवं रोजगार का अवसर मिल रहा है। कृषि मंत्री ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत 10 लाभार्थियों को डमी चेक तथा कृषि विभाग की ओर से पांच प्रगतिशील किसानों को मूंग का बीज वितरित किया। स्टालों का अवलोकन किया। महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, विधायक रामचन्द्र यादव, वेद प्रकाश गुप्ता, चन्द्रभानु पासवान, जिलाध्यक्ष राधेश्याम त्यागी, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह, जिला पंचायती राज अधिकारी, उपनिदेशक कृषि, जिला सूचना अधिकारी व अन्य उपस्थित रहे।



सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत करते कृषि व जिले के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही, साथ में महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, विधायक रामचंद्र यादव।

## महिला कार्यकर्ताओं ने गैस की किल्लत और महंगाई को लेकर किया प्रदर्शन

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद में में सपा की महिला कार्यकर्ताओं ने बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित आंबेडकर प्रतिमा प्रांगण में धरना-प्रदर्शन किया। उन्होंने गैस सिलेंडर की किल्लत, बढ़ती महंगाई और महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अत्याचारों को लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी किया। इस प्रदर्शन का नेतृत्व सपा महिला सभा की जिलाध्यक्ष सीमा यादव ने किया। प्रदर्शन के दौरान सपा महिला सभा की सदस्यों ने अपने गले में सिलेंडर की आकृति वाली तख्तियां टांगकर विरोध जताया। इस धरने में बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता शामिल हुईं। सपा महिला सभा की जिलाध्यक्ष सीमा यादव ने कहा कि देश में लगातार महंगाई बढ़ रही है, जिससे आम जनमानस परेशान है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियों के कारण पूरे देश में गैस सिलेंडर की कमी है। गैस के लिए सुबह से शाम तक लाइनों में लगना पड़ रहा है, फिर भी उन्हें सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कोई सुरक्षित नहीं है। उन्होंने बताया कि महिलाओं के साथ लगातार घटनाएं घट रही हैं और चोरी, डकैती, लूट तथा हत्या जैसी आपराधिक घटनाओं में वृद्धि हुई है।

## अकबरपुर डाकघर में बम की सूचना से मचा हड़कंप

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद के अकबरपुर प्रधान डाकघर में उस समय हडकंप मच गया जब आरपीओ लखनऊ को एक मेल के जरिए परिसर में बम रखे होने की सूचना मिली। यह मेल तमिल मुक्ति संगठन द्वारा भेजा गया था, जिसमें दावा किया गया था कि पासपोर्ट-डाकघर परिसर के वॉशरूम में 19 साइनाइड गैस बम रखे गए हैं। सूचना मिलते ही एलआईयू और अकबरपुर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने डाकघर की गहनता से जांच-पड़ताल किया। तलाशी के बाद स्थिति सामान्य पाई गई और कोई भी संदिग्ध वस्तु डाकघर से बरामद नहीं हुई। तमिल मुक्ति संगठन ने अपने मेल में दावा किया था कि यह बम दोपहर 2:10 बजे फटेंगे। मेल में सभी को तुरंत बाहर निकलने और नाक व मुंह ढकने की सलाह दी गई थी। अकबरपुर प्रधान डाकघर की पोस्टमास्टर नूतन सिंह ने बताया कि मेल की सूचना पर पुलिस को बुलाकर जांच कराई गई है, जिसमें कुछ भी नहीं मिला है।

## अवैध रूप से संचालित डायग्नोसिस सेंटर सील

जलालपुर, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन की संयुक्त टीम ने बुधवार को अवैध रूप से संचालित किए जा रहे एक अल्ट्रासाउंड सेंटर पर बड़ी कार्रवाई करते हुए उसे सील कर दिया। यह कार्रवाई उस समय की गई जब जानकारी मिली कि संबंधित सेंटर का लाइसेंस पूर्व में ही निरस्त किया जा चुका है, जिसके बावजूद वहां धड़ल्ले से जांच कार्य किया जा रहा था।

बता दें कि उप जिलाधिकारी राहुल गुप्ता के निर्देश पर नायब तहसीलदार हरिराम, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगपुर के अधीक्षक डॉ. पीके बदल और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मौके पर छापेमारी की। निरीक्षण के दौरान टीम ने पाया कि अल्ट्रासाउंड मशीन संचालित अवस्था में थी और कुछ लोग अपनी जांच व रिपोर्ट के लिए मौके पर मौजूद थे। हालांकि पूछताछ के दौरान कोई भी व्यक्ति सेंटर के संचालन या जिम्मेदार व्यक्ति के बारे में स्पष्ट जानकारी देने को तैयार नहीं हुआ। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने मौके की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्रवाई करते हुए अल्ट्रासाउंड सेंटर को सील कर दिया। इस छापेमारी अभियान में नायब तहसीलदार हरिराम, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अनिल त्रिपाठी, फार्मासिस्ट मनोज कुमार समेत अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।



अवैध रूप से संचालित अल्ट्रासाउंड सेंटर पर कार्रवाई करती स्वास्थ्य विभाग की टीम।

### लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़

अधीक्षक डॉ. पीके बादल ने बताया कि सेंटर का लाइसेंस पहले ही निरस्त किया जा चुका था, इसके बावजूद यहां अवैध रूप से संचालन किया जा रहा था, जो नियमों का खुला उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि मामले की विस्तृत जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ आगे भी सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## शांति पूर्ण मनाएं ईद-उल-फितर का त्योहार



शांति समिति की बैठक को संबोधित करते कोतवाल अजय प्रताप यादव।

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** कोतवाली परिसर में आगामी ईद-उल-फितर पर्व को सकुशल और शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से कोतवाल अजय प्रताप यादव की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुस्लिम समुदाय के गणमान्य लोगों ने बढ़ .चढक़र हिस्सा लिया और पर्व को लेकर आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान उपस्थित लोगों ने ईदगाहों की पूर्व साफ-सफाई पानी के टैंकर की व्यवस्था तथा नमाज के समय ट्रैफिक नियंत्रण सुनिश्चित कराने की मांग रखी। इस पर कोतवाल अजय प्रताप यादव ने सभी को आश्वस्त करते हुए कहा कि प्रशासन की ओर से सभी जरूरी व्यवस्थाएं समय से पूरी की जाएंगी। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों को ईद-उल-फितर की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए अपील किया कि त्योहार को शांति, सौहार्द और आपसी भाईचारे के साथ मनाएं, जिससे समाज में एकता का संदेश जाए। बैठक में ईद की नमाज के समय की जानकारी भी साझा की गई। नगपुर की ईदगाह में सुबह 7 :45 बजे, पुरानी ईदगाह मंगुराडिला में 8 बजे, अकबरपुर रोड स्थित ईदगाह में 8 :30 बजे, जबकि उर्दू बाजार की जामा मस्जिद में सुबह 7 :30 बजे नमाज अदा की जाएगी। इसके अलावा जाफराबाद, उस्मानपुर, मुस्तफाबाद व नगपुर क्षेत्र की विभिन्न मस्जिदों में अलग-अलग समय पर नमाज होगी। इस अवसर पर मौलाना नजीबुल्लाह, मंसूर अहमद, एहसान रजा, अब्दुल रकीब सहित कई गणमान्य नागरिक और सभासद उपस्थित रहे।

## शिक्षक के साथ मिली 2 साल से लापता किशोरी

**आजमगढ़। अमृत विचार :** जिले में ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। दो वर्ष से अधिक समय से लापता किशोरी को सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया गया है। थाना दीदारगंज क्षेत्र के मार्टिनगंज निवासी वादी ने दिनांक 23 अक्टूबर 2023 को अपनी 16 वर्षीय पुत्री के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप था कि विद्यालय के अध्यापक ज्ञानचन्द्र यादव उसे फुसलाकर भगा ले गए, जिसमें प्रधानाचार्या सुमन और उनके पति प्रबंधक त्रिभुवन की भी संलिप्तता बताई गई थी। इस मामले में थाना दीदारगंज पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई, लेकिन काफी समय तक किशोरी का पता नहीं चल सका। बाद में 8 अप्रैल 2025 को विवेचना थाना एएचटी को स्थानांतरित कर दी गई। जांच के दौरान पुलिस को संदिग्ध की लोकेशन दिल्ली और लखनऊ के रामजानकी नगर में मिली। इसके बाद मंगलवार को सर्विलांस के जरिए आरोपी के मोबाइल की लोकेशन रोडवेज बस स्टेशन, आजमगढ़ पर ट्रेस हुई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और किशोरी को आरोपी ज्ञानचन्द्र यादव के साथ सकुशल बरामद कर लिया। बताया गया कि आरोपी ज्ञानचन्द्र यादव को इलाहाबाद उच्च न्यायालय से पहले ही गिरफ्तारी पर स्थगन आदेश मिला हुआ है।

# परिश्रम व लक्ष्य के प्रति रहें समर्पित

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जनपद के पहितीपुर रोड पर स्थित आरजेएस पब्लिक स्कूल का सिल्वर जुबली वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में अकबरपुर विधायक राम अचल राजभर उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में शिक्षा के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन, परिश्रम और लक्ष्य के प्रति समर्पण अपनाने की प्रेरणा दी।

उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है, जो व्यक्ति को समाज में सम्मान दिलाने के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने योग्य बनाती है। विशिष्ट अतिथियों में रमाशंकर सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष, प्रिया पाठक एबीएसए कटेहरी, फायर विभाग के प्रतिनिधि जेपी यादव आदि शामिल रहे। सभी अतिथियों ने विद्यालय की प्रगति की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय के प्रबंधक कमला प्रसाद सिंह, अध्यक्ष सतीश सिंह और तेजनारायण सिंह के नेतृत्व में कार्यक्रम का सफल संचालन किया गया। विद्यालय के प्रबंधक बलवंत बहादुर सिंह और अनुशासन निदेशक नीलम सिंह के मार्गदर्शन में कार्यक्रम सुव्यवस्थित रूप से संचालित हुआ। प्रधानाचार्य रणन्वय सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यालय की उपलब्धियों, शैक्षिक गुणवत्ता और अनुशासन पर विस्तार से प्रकाश डाला।



कार्यक्रम में मौजूद विधायक राम अचल राजभर साथ में विद्यालय के प्रबंधक।

## विद्यालय में तोड़फोड व महिला से मारपीट मामले में कार्रवाई नहीं

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** थाना क्षेत्र राजेसुल्तानपुर अन्तर्गत ग्राम जमुनीपुर में लगभग दर्जन भर लोगों ने एक निजी विद्यालय पर जमकर तोडफ़ोड़ कर विरोध करने पर विद्यालय पर मौजूद महिला को मारपीट कर घायल कर दिया। विद्या के मन्दिर में इस तरह का उत्पात मचाने वाले दबंगों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया, लेकिन 15 दिन बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हुई जिससे दबंगों के हौसले बुलंद हैं। घटना विगत बीते 6 मार्च की है जब प्राथमिक विद्यालय चलाने वाली भानमती पत्नी राधेश्याम वर्मा अपने निजी विद्यालय में बैठी हुई थी, बच्चों की छुट्टी हो चुकी थी। इस दौरान श्यामनरायन, अरविन्द, शैलेन्द्र, अजय, अनीता, नमिता, बीनू, प्रियंका, हिमांशु वर्मा एक राय होकर विद्यालय में घुस गए और गाली-गलौज देते हुए विद्यालय में लगे नल, टोटी, दरवाजे को तोड़ दिया। जब भानमती ने विरोध किया तो दबंग कमरे में घुस आए और बाहर खींचकर लाठी डंडों ईंट से मार कर घायल कर दिया।

## दर्जनों जरूरतमंदों को वितरित किया ईद के लिए कपड़ा



जरूरतमंद को ईद का कपड़ा वितरित मोहम्मद सद्दाम।

**न्यौरी, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** पाक मुकद्दस रमजाननुउल मुबारक के खास मौके पर हमदर्द कबीला एसोसिएसन के अध्यक्ष मोहम्मद सद्दाम की जानिब से दर्जनों जरूरतमंदों को ईद के लिए कपड़ा वितरित किया गया। बता दें कि कस्बा जलालपुर की प्रसिद्ध सामाजिक संस्था हमदर्द कबीला एसोसिएसन के अध्यक्ष मोहम्मद सद्दाम के यौमे पैदाइश के मौके पर अध्यक्ष द्वारा समाज के दर्जनों जरूरतमंदों को निशुल्क ईद के लिए कपड़ा दिया गया। जरूरतमंदों को कपड़ा मिलने पर उनके खुशी का ठिकाना ना रहा। उन्होंने मोहम्मद सद्दाम को दुआएं देते हुए शुक्रिया अदा किया। मोहम्मद सद्दाम ने बताया कि उनकी संस्था के द्वारा पवित्र रमजान माह में रमजान किट सहित अनेकों सामाजिक कार्य निरंतर किया जा रहे हैं और भविष्य में भी सामाजिक संस्था द्वारा सर्व समाज के लिए सामाजिक कार्य किए जाने का पूरा प्रयास किया जाता रहेगा। इस अवसर पर हमदर्द कबीला एसोसिएसन के संस्थापक मेंराज अहमद, उपाध्यक्ष हामिद कमर, मास्टर जफर, मास्टर जीशान समेत संस्था से जुड़े अनेक लोग उपस्थित रहे।

## छात्र की सफलता पर विद्यालय परिवार प्रफुल्लित



परीक्षा उत्तीर्ण करने पर छात्र वैभव को सम्मानित करते शिक्षक। अमृत विचार

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** अकबरपुर शिक्षा क्षेत्र अंतर्गत मिर्जापुर कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय के कक्षा पांच के छात्र वैभव शर्मा द्वारा जवाहर नवोदय विद्यालय की परीक्षा उत्तीर्ण करने पर प्रसन्नता व्यक्त की गई है। मायावती वर्मा, शशिकला शुक्ला, फूलमती वर्मा, पूनम सिंह, प्रत्युष गुंजन, ज्ञान प्रकाश तिवारी, वीना सिंह तथा सीमा मिश्रा आदि शिक्षक, शिक्षिकाओं ने खुशी जताते हुए जवाहर नवोदय विद्यालय परीक्षा पास करने वाले छात्र वैभव शर्मा, पिता मुकुट बिहारी शर्मा और माता साधना शर्मा को बधाई दिया है।

कार्यक्रम | जनप्रतिनिधियों ने विकास, सुशासन और जनसेवा के 9 वर्षों को बताया ऐतिहासिक

# अंतिम पायदान पर खड़े लोगों को मिल रहा है योजनाओं का लाभ

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश में अभूतपूर्व विकास, सुशासन एवं सतत समृद्धि के गौरवपूर्ण 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शासन के निर्देशों के क्रम में जनपद में नवनिर्माण के 9 वर्ष थीम पर एक भव्य एवं गरिमामय कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में एमएलसी डॉ. हरिओम पांडे, कटेहरी विधायक धर्मराज निषाद और मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के दौरान प्रदेश स्तर पर मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित मुख्य समारोह का सजीव प्रसारण किया गया, जिसे उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों और आमजन ने उत्साहपूर्वक देखा प सुना। इस अवसर पर केंद्र सरकार के 11 वर्ष और राज्य सरकार के 9 वर्ष की ऐतिहासिक उपलब्धियों पर आधारित प्रेरणादायी लघु फिल्मों का प्रदर्शन भी किया, जिससे जनमानस को विकास की व्यापक तस्वीर से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित पात्र लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र, स्वीकृति पत्र व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित और प्रोत्साहित किया गया।



कलेक्ट्रेट परिसर में नवनिर्माण के 9 वर्ष थीम पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद एमएलसी डॉ. हरिओम पांडे व कटेहरी विधायक धर्मराज निषाद व सीडीओ आनंद कुमार शुक्ला।

### आर्थिक गतिविधियों को मिली है नई ऊर्जा

मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला ने विगत 9 वर्षों में जनपद में हुए बहुआयामी विकास कार्यों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत करते हुए बताया कि अवस्थापना, औद्योगिक विकास, कृषि एवं सामाजिक सशक्तिकरण के क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। उन्होंने बताया कि पूर्वांचल एक्सप्रेसवे एवं गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण से जनपद की कनेक्टिविटी सुदृढ़ हुई है, जिससे आर्थिक गतिविधियों को नई ऊर्जा मिली है। जनपद में औद्योगिक विकास को गति देने के लिए बेवाना एवं जलालपुर में औद्योगिक कॉरिडोर विकसित किए जा रहे हैं, जहां देश के प्रतिष्ठित औद्योगिक समूहों द्वारा निवेश किया जा रहा है, जिससे रोजगार सृजन एवं प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि सुनिश्चित हो रही है। उन्होंने बताया कि जनपद में प्रति व्यक्ति आय बढक़र लगभग 1.20 लाख रुपये तक पहुंच चुकी है। चार लाख से अधिक किसानों को किसान सम्मान निधि का लाभ प्राप्त हो रहा है। महिला सशक्तिकरण की दिशा में 12 हजार स्वयं सहायता समूह गठित किए जा चुके हैं, जिन्हें बढ़ाकर 36 हजार तक ले जाने का लक्ष्य निर्धारित है। 63 हजार से अधिक महिलाओं को लखपति दीदी बनाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया गया है।

## शिक्षक हितों के लिए आजीवन संघर्षरत रहे श्री कृष्ण

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** माध्यमिक शिक्षक संघ अंबेडकरनगर के शिक्षकों की एक शोक सभा बैठक इंद्रलोक कॉलोनी स्थित शिक्षक नेता अमित सिंह यादव के आवास पर हुई। जिसकी अध्यक्षता रवींद्र कुमार सिंह प्रवक्ता ने किया। शोक सभा में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के वर्तमान संरक्षक सदस्य पूर्व प्रदेशीय मंत्री वर्तमान में सपा के प्रदेश सचिव रहे कृष्णा यादव के कानपुर के एक रोड दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो जाने पर उपस्थित शिक्षकों ने मृतक आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। शोक सभा में पूर्व जिला मंत्री अजय यादव, अमित यादव, गिरीश चंद्र पांडेय, रामसागर, निवर्तमान प्रधानाचार्य सालिकराम वर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष शिक्षक संघ उमेश चंद्र वर्मा, प्रेमसागर वर्मा समेत सैकड़ों लोग शामिल रहे।

## सीनियर महिला हॉकी प्रतियोगिता 20 से

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** खेल प्रेमियों के लिए खुशखबरी का विषय है। जिला ओलंपिक संघ हाकी संघ के सचिव डॉ. हनुमान प्रताप सिंह के अनुरोध पर राज्य स्तरीय आमंत्रण सीनियर महिला हॉकी प्रतियोगिता खेल निदेशालय यूपी द्वारा आवंटित की गई है। इसका आयोजन खेल निदेशालय के तत्वावधान में जिला खेल कार्यालय द्वारा आयोजित किया जा रहा है। जिला क्रीड़ाधिकारी ने बताया कि राजकीय स्टेडियम में 400 मीटर का ट्रैक निर्माणाधीन है। जिसके मद्देनजर खिलाडिय़ों के सुविधा को देखते हुए यह प्रतियोगिता देव इंद्रावती महिला महा विद्यालय कटहरी में आयोजित की जा रही है। खेल का शुभारंभ 20 मार्च को किया जाएगा। जिसका समापन 24 मार्च को होगा।

नवसंवत् रौद्र 2083 का पावन शुभदिवस आपको सपरिवार मंगलमय हो

मिलते-जुलते नामों, डिज़ाइन व कलर स्कीम से भ्रमित न हों
केवल असली होलोग्राम युक्त एम. के. बन्धानी हींग ही खरीदें
पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
पुण्यश्लोक गोलोकवासी बाबू किशोर चन्द कपूर "किशोर" जी के आशीर्वाद से अभिसिंचित एवम् संचालित

एम. के. बन्धानी हींग
श्री के. एम. डिस्ट्रीब्यूटर




विक्रय केन्द्र : नारायन प्लाजा, 51/71 नयागंज कानपुर 208001, फोन – 9519456555, 9695416555


## चैत्र नवरात्र आज से

चैत्र नवरात्र गुरुवार 19 मार्च से शुरू हो रहे हैं और 27 मार्च को खत्म होंगे। इस बार मां दुर्गा का आगमन पालकी (डोली) पर होगा, जो संघर्ष और सामाजिक अस्थिरता का संकेत माना जाता है। वहीं माता का प्रस्थान हाथी पर होगा, जो अच्छी वर्षा, सुख-समृद्धि और खुशहाली का सूचक है। नवरात्र पूरे नौ दिनों के होंगे। इस बार चैत्र नवरात्र एक खास संयोग लेकर आ रहा है। लगभग 72 साल बाद ऐसा योग बन रहा है जब अमावस्या और नवरात्र की शुरुआत एक साथ होगी। 19 मार्च को घटस्थापना का शुभ समय सुबह 6 बजकर 52 मिनट से 7 बजकर 53 मिनट तक रहेगा। अगर किसी कारणवश इस समय पूजा न कर सकें तो दोपहर के अभिजीत मुहूर्त में भी घटस्थापना की जा सकती है। यह मुहूर्त 12 बजकर 05 मिनट से 12 बजकर 53 मिनट तक रहेगा।

### प्रथम शैलपुत्री



नवरात्र के प्रथम दिन मां शैलपुत्री की पूजा होती है। शैलपुत्री हिमालय की पुत्री हैं। इसी वजह से मां के इस स्वरूप को शैलपुत्री कहा जाता है। इनकी आराधना से हम सभी मनोवांछित फल प्राप्त कर सकते हैं। मां शैलपुत्री को प्रसन्न करने के लिए बीज मंत्र जपना चाहिए। इसके प्रभाव से माता जल्दी ही प्रसन्न होती हैं। देवी शैलपुत्री की पूजा से चंद्र दोष समाप्त होता है।

**बीज मंत्र........माँ शैलपुत्री ह्रीं शिवाय नमः**

# राष्ट्रपति का दौरा आज, सुरक्षा चाक-चौबंद, दिन भर हुआ रिहर्सल

## जाने वाले मार्गों की हुई बारीकी से स्क्रीनिंग, रात भर चला चेकिंग अभियान

• वाहनों की चेकिंग, खंगाले गए होटल, गेस्ट हाउस, होम स्टे, बाहरी लोगों का कराया सत्यापन

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मंगलवार को अयोध्या पहुंच रही हैं, यहां वह राम जन्मभूमि मंदिर में दर्शन करेंगी। विशेष धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लेंगी। इसको लेकर अयोध्या में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर दी गई है। जिला प्रशासन, पुलिस और केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों ने मिलकर व्यापक इंतजाम किए हैं। बुधवार को अधिकारियों ने राष्ट्रपति के जाने वाले मार्ग व कार्यक्रम स्थलों की कई चक में स्क्रीनिंग कर सुरक्षा व्यवस्था को अंतिम रूप दिया।

जिला व पुलिस प्रशासन के साथ राष्ट्रपति सुरक्षा से जुड़े अधिकारियों ने बुधवार को एनएसजी, एटीएस व आरएएफ की टीम के साथ एयरपोर्ट से हाइवे होते हुए राम मंदिर तक पहुंचने वाले मार्ग की बारीकी से निरीक्षण किया। इसमें हाईवे से महोबरा चौराहा से टेढ़ी बाजार चौराहा होते हुए गेट नंबर 11 से राम मंदिर जाने वाले मार्ग से ही राष्ट्रपति के आने की संभावना जताई जा रही है। इसको लेकर देवकाली ओवरब्रिज, महोबरा ओवरब्रिज की सर्विस लेन, टेढ़ी बाजार ओवरब्रिज के दोनों छोर पर बेरिकेंडिंग कर दी गई है। साथ ही हाईवे पर नाका ओवरब्रिज से महोबरा ओवरब्रिज तक हाईवे के दोनों किनारों पर भी बेरिकेडिंग लगाई जा रही है। इन सभी स्थानों पर सुरक्षाकर्मियों की तैनाती भी कर दी गई है।

हाईवे पर साकेत पेट्रोल पंप बैरियर से धर्मपथ से रामपथ होते हुए राम मंदिर तक पहुंचने वाले मार्ग को भी सुरक्षा की दृष्टि से खंगाला गया। इसके अलावा साकेत महाविद्यालय व रामकथा पार्क स्थित हैलीपैड को भी तैयार रखा गया है, यहां पर सेफ हाउस भी बनाया गया है। मंगलवार को पुलिस लाइन में एडीजी जोन प्रवीण कुमार ने उच्चस्तरीय बैठक कर सुरक्षा के लिए किए इंतजामों को अंतिम रूप देने के बाद बुधवार की शाम सभी चिह्नित स्थानों पर सुरक्षा बलों को तैनात कर दिया गया। एडीजी जोन ने बताया कि वीवीआईपी प्रोटोकाल को लेकर सभी आवश्यक इंतजाम किए गए हैं। हर इंतजामों को कई चरणों में परख कर इसे अंतिम रूप दिया गया है।



अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन पर जांच करती बीडीएस की टीम व सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी। अमृत विचार



हाईवे पर बेरिकेडिंग लगाते मजदूर।



केसरिया पट्टी ध्वज से भगवामय हुआ अयोध्या धाम।

### भगवामय हुआ अयोध्या धाम

राष्ट्रपति के आगमन पर अयोध्या धाम को केसरिया पट्टी व ध्वज से सजा दिया गया है। रामपथ पर टेढ़ी बाजार से लता चौक तक के डिवाइडर पर केसरिया पट्टी लगा दी गई है। साथ ही सड़क के दोनों छोर पर बने डिवाइडर पर केसरिया ध्वज भी लहरा रहे हैं। रामजन्मभूमि पथ पर लगी केसरिया झंडी पूरे माहौल को धार्मिक बना रही है। वहीं, राष्ट्रपति के राम मंदिर में पवेश करने वाले गेट नंबर-11 जगदगुरु आद्य शंकराचार्य द्वार को भी फूलों से सजाया गया है। इसके अलावा हाईवे से राम मंदिर तक पहुंचने वाले मार्ग पर स्वागत में होर्डिंग भी लगाई गई हैं।




देवकाली ओवरब्रिज के पास बना सांस्कृतिक मंच।

### रात भर चला चेकिंग अभियान, खंगाले गए होटल, गेस्ट हाउस व होम स्टे

सुरक्षा के मद्देनजर राष्ट्रपति के गुजरने वाले मार्गों पर स्थित होटल, होम स्टे, गेस्ट हाउस, ढाबों आदि की सुरक्षा बलों ने रात भर खंगाला। बाहरी लोगों की जांच की गई व उनके पहचान पत्र का सत्यापन भी कराया गया। वहीं, शहर में प्रवेश के सभी मार्गों पर लगे बैरियर व प्रमुख चौक चौराहों पर थाना-चौकी पुलिस ने आने जाने वाले वाहनों की तलाशी ली। अयोध्या कोतवाल पंकज सिंह व थाना रामजन्मभूमि प्रभारी अभिमन्यु शुक्ला व उनकी टीम रात भर गश्त कर संदिग्धों पर नजर रखती दिखी।

### 20 स्थानों पर सांस्कृतिक मंच से होगा राष्ट्रपति का स्वागत

प्रशासन, संस्कृति विभाग और विभिन्न संस्थाएं मिलकर रामनगरी को पारंपरिक और सांस्कृतिक स्वरूप में सजाया है। एयरपोर्ट से लेकर राम मंदिर गेट तक पूरे मार्ग 20 स्थानों पर सांस्कृतिक मंच स्थापित किया गया है। जहां लगभग 250 कलाकार पर स्वागत गीत, भजन, बधावा, अवधी लोकगायन और पारंपरिक लोकनृत्य प्रस्तुत करेंगे। इसके साथ ही रामलीला के अंश, झांकियां, ढोल-नगाड़ा और शंखनाद भी इस आयोजन को भव्य बनाएंगे। इसके लिए एयरपोर्ट रोड, नाका, देवकाली, चूड़ामणि चौराहा, निषाद राज चौराहा, बृहस्पति कुंड और राम मंदिर गेट के आसपास मंच लगाए गए हैं। छोटे मंचों पर करीब सात कलाकारों की टीम व बड़े मंचों पर लगभग पंद्रह कलाकारों के समूह द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति दी जाएगी।

### सुरक्षा में लगाए गए चार हजार पुलिसकर्मी

वीवीआईपी मूवमेंट को लेकर पुलिस प्रशासन ने चार हजार से ज्यादा से पुलिस व अन्य सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारी व कर्मचारियों को तैनात किया है। इनमें 16 अपर पुलिस अधीक्षक, 40 डीएसपी, 150 निरीक्षक, 250 उप निरीक्षक, 1500 महिला व पुरुष आरक्षी के साथ यातायात व्यवस्था के लिए 10 टीआई, 30 टीएसआई, 300 यातायात पुलिसकर्मियों को विभिन्न स्थानों पर तैनात किया गया है। इसके अलावा एटीएस, एनएसजी, आरएएफ, सीआरपीएफ, पीएसी व होमगार्ड के जवानों को भी तैनात किया गया है। वहीं, शहर में एंटी-ड्रोन यूनिट, इंटेलिजेंस विंग और भीड़ प्रबंधन के लिए विशेष टीमें सक्रिय कर दी गई हैं। इसके अलावा ड्रोन व सीसीटीवी से भी चप्पे-चप्पे की निगरानी की जा रही है।

## राष्ट्रपति के साथ परिवारीजनों के आने की संभावना

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** श्रीराम मंदिर में श्रीराम यंत्र स्थापना में शामिल होने के लिए राष्ट्रपति के साथ उनके परिवारीजन भी आ सकते हैं। राष्ट्रपति के कार्यक्रम के दौरे के समय शांति एवं सुरक्षा के लिए सौ से ज्यादा मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है। कार्यक्रम स्थल श्री राम मंदिर में 40 से ज्यादा मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं।

राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्मू 19 मार्च गुरुवार को अयोध्या आएंगी। वह यहां श्रीराम मंदिर के दूसरे तल पर राम दरबार में स्थापित होने वाले श्री राम यंत्र की स्थापना में भाग लेंगी। साथ ही अन्य कार्यक्रमों में भी भाग लेंगी। उनके साथ उनके परिवारी जन भी आ सकते हैं। प्रशासन के स्तर पर ऐसी व्यवस्था की गई है। दौरे के समय शांति एवं सुरक्षा के लिए उनके आवागमन से कार्यक्रम स्थलों पर मजिस्ट्रेटों की तैनाती कर दी गई है। सूत्रों के मुताबिक एयरपोर्ट के साथ राम कथा पार्क के हैलीपैड पर मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है। हनुमानगढ़ी मंदिर, फ्लीट के साथ मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है। राष्ट्रपति, उनके परिवारीजनों, एडीसी सहित एक अन्य के साथ लाइजन अफसरों की भी तैनाती कर दी गई है।

सूत्रों के मुताबिक मुख्य कार्यक्रम स्थल श्री राम मंदिर में लगभग 40 मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है। पार्किंग, क्रासिंगों, आने वाले आगंतुकों, पूज्य साधु संतों को लाने व ले जाने मार्गों पर मजिस्ट्रेटों की तैनाती के साथ लगभग नौ मजिस्ट्रेटों को आरक्षित में रखा गया है। जिलाधिकारी ने मजिस्ट्रेटों की तैनाती के साथ ही जिममेदारी सौंप दी है। एडीएम प्रशासन और एसपी ग्रामीण को ग्रामीण क्षेत्र और एडीएम सिटी व एसपी सिटी को शहर क्षेत्र का नोडल अधिकारी बनाया गया। रेजीडेंट मजिस्ट्रेट को अयोध्या के साथ सभी एसडीएम को तहसील क्षेत्रों में शांति एवं सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रशासन के अफसर कहते हैं कि सभी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है।

### राज्यपाल, सीएम के साथ आ सकते दोनों डिप्टी सीएम

श्रीराम मंदिर में श्रीराम यंत्र की स्थापना समारोह में राष्ट्रपति के साथ राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक के आने का कार्यक्रम भी प्रस्तावित है। प्रशासन ने सभी वीआईपी के आने की संभावना के मद्देनजर व्यवस्था की है। डिप्टी सीएम के प्रस्तावित कार्यक्रमों के मद्देनजर लाइजन अफसरों को तैनाती की गई है।

### परिसर में ग्रीन रुम छह स्विस काटेज और चार सेफ हाउस

वीवीआईपी कार्यक्रम के मद्देनजर श्रीराम मंदिर परिसर में राष्ट्रपति के लिए ग्रीन रूम के साथ छह स्विस काटेज बनाए गए हैं। इनमें राष्ट्रपति, राज्यपाल, मुख्यमंत्री के साथ अम्मा जी, वीवीआईपी और लंच रूम के लिए स्विस काटेज बनाया गया है। कार्यक्रम के मद्देनजर अवध विवि, सिंचाई विभाग के गेस्ट हाउस, साकेत महाविद्यालय और थाना राम जन्मभूमि में भी सेफ हाउस बनाया गया है। श्रीराम चिकित्सालय अयोध्या, जिला चिकित्सालय, मेडिकल कालेज दर्शननगर और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मसौधा को आपातकालीन चिकित्सालय के रूप में चिंहित किया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### परिषदीय विद्यालयों की वार्षिक परीक्षा का किया निरीक्षण

**बारुन, अमृत विचार :** मिल्कीपुर शिक्षा क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों में चल रही वार्षिक परीक्षाओं का अधिकारियों ने जायजा लिया। बुधवार को एडीओ पंचायत सुरेंद्र कुमार राव और खंड शिक्षा अधिकारी अजय कुमार त्रिपाठी ने करमडांडा स्थित विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। सुबह 11 बजे एडीओ पंचायत सुरेंद्र कुमार राव, पूर्व माध्यमिक विद्यालय करमडांडा पहुंचे। दोपहर 1 बजे खंड शिक्षा अधिकारी मिल्कीपुर अजय कुमार त्रिपाठी इंग्लिश मीडियम प्राथमिक विद्यालय करमडांडा पहुंचे। खंड शिक्षा अधिकारी ने विद्यालय के भौतिक संसाधनों का भी निरीक्षण किया। प्रभारी प्रधानाध्यापिका प्रतिमा रानी श्रीवास्तव, शिक्षिका वंदना श्रीवास्तव, कुमारी छाया, वकार अहमद, राजकुमार, दिनेश कुमार तिवारी, सचीपूर्णा सिंह, प्रीतू कुशवाहा, विभा जायसवाल, ममता यादव समेत कई अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

### अलग-अलग सड़क हादसों में चार घायल




**बीकापुर, अमृत विचार।** कोतवाली बीकापुर क्षेत्र में बुधवार को हुई अलग-अलग सड़क दुर्घटना में चार युवक घायल हो गए। बीकापुर में प्रयागराज हाईवे पर अज्ञात वाहन के चपेट में आने से सुल्तानपुर जिले के कादीपुर निवासी प्रियांशु वर्मा (26) गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि दो अन्य अलग-अलग दुर्घटना में रामपुर जोहन मोतीगंज निवासी बाइक चालक रामकिशोर (55), गुलाब (18) और शेरपुर बीकापुर निवासी सीताराम (30) घायल हो गए। सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र बीकापुर में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने प्रियांशु व सीताराम को गंभीर चोट होने के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया।





यज्ञशाला में आयोजित अनुष्ठान में आहुति देते हुए आचार्य एवं यज्ञशाला में रखा श्री राम यंत्र।

## राम मंदिर के दूसरे तल के गर्भगृह में पहुंचा श्रीराम यंत्र, आज राष्ट्रपति करेंगी स्थापना पूजन

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार:** राम मंदिर में चल रहे वैदिक अनुष्ठानों के क्रम में श्रीराम यंत्र को बुधवार को मंदिर के दूसरे के गर्भगृह में विधिवत रूप से प्रवेश कराया गया। बीते 12 मार्च से यज्ञ मंडप में 51 वैदिक आचार्यों से मंत्रोच्चार के बीच विशेष पूजन-अर्चन और हवन का क्रम लगातार जारी रहा। यह आज अपने महत्वपूर्ण चरण में प्रवेश कर गया।

गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू स्वयं मंदिर परिसर में पहुंचकर श्रीराम यंत्र की विधिवत स्थापना करेंगी। इस ऐतिहासिक क्षण के दौरान केरल की अमृतानंदमयी अम्मा, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ ट्रस्ट पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे। अनुष्ठान में पुरोहितों ने वेद मंत्रों से यज्ञ में आहुतियां अर्पित कीं। श्रीराम यंत्र का शुद्धिकरण एवं अभिषेक किया गया। राम मंदिर ट्रस्ट के अनुसार, यह यंत्र स्थापना धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिससे मंदिर की आध्यात्मिक ऊर्जा और भी सशक्त होगी।

## अतिथियों के लिए कई स्थानों पर खुला कार्यालय

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** राम मंदिर में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू लगभग 11.30 बजे शामिल होने के लिए पहुंचेगी। इसके बाद अन्य धार्मिक स्थलों पर दर्शन कर आए सात हजार अतिथियों को संबोधित करेगी।आने वाले अतिथियों को उचित स्थान मिले इसके लिए प्रांतों के अलग कार्यालय खोला गया है। जहां से उन्हें प्रवेश पास प्राप्त होगा।

ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय के मुताबिक उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड से आने वाले लोग पहुंच गए हैं। अलग-अलग स्थानो पर उनके रुकने की व्यवस्था की गई है। मन्दिर से पूर्व दिशा में पूर्वी उत्तर प्रदेश के विशिष्ट जन रुकेंगे। आसपास रामघाट, दोराही कुंआ आदि क्षेत्र में उत्तराखंड, मेरठ व ब्रज प्रांत के लोगों की आवासीय व्यवस्था की गई है। निर्माण सहयोगियों के ठहरने का प्रबंध चूड़ामणि चौराहे के पास और तीर्थ क्षेत्र पुरम में की गई है। बताया कि मां अमृतानंदमयी अपने 1100 से अधिक भक्तों के साथ आ चुकी हैं। मन्दिर आंदोलन और निधि संकलन में दायित्व निभाने वाले कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में बुलाए गए हैं। बताया कि सुबह 8 से दस बजे तक ही मंदिर परिसर में प्रवेश मिलेगा। पौने दो बजे तक कार्यक्रम सम्पन्न होने के बाद आमन्त्रित लोगों को दर्शन कराया जाएगा।

### आठ स्थानों पर भोजन की व्यवस्था

- इस बार भी आने वाले अतिथियों को भोजन की समस्या ना हो इसके लिए श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट आठ स्थानों पर भोजनालय चलाए जाने की व्यवस्था की है। ट्रस्ट महासचिव चंपतराय ने बताया कि यह भोजन की व्यवस्था सुबह से लेकर शाम तक अनवरत चलेगी। बताया कि आए हुए अतिथि कार्यक्रम के बाद 19 को वापसी कर सकते हैं। अन्यथा 20 को भी अपने स्थान पर रुक सकेंगे।

**ध्वज प्रणाम के साथ ही आद्य सरसंघचालक प्रणाम के लिए लगेगी शाखा**

- वर्ष प्रतिपदा पर गुरुवार को श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर में कार्यक्रम से पूर्व आमंत्रित अतिथियों के आवास के आसपास स्वयंसेवकों का एकत्रीकरण होगा। संघ की शाखा लगेगी। ध्वज प्रणाम के साथ ही आद्य सरसंघचालक प्रणाम किया जाएगा।

**वीवीआईपी के लिए एक दिन खुलेगी क्रासिंग तीन**

- राम मंदिर में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आने जाने के मार्ग और जगद्गुरु आदि शंकराचार्य द्वार आरक्षित है। इसलिए एक दिन के लिए निर्माणाधीन जगतगुरु माधवाचार्य द्वार यानी क्रासिंग थ्री के मार्ग को खोला जाएगा।



रामकोट की परिक्रमा करते हुए साधु-संत।

## नव संवत्सर पर साधु-संतों ने की रामकोट की परिक्रमा

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** नवसंवत्सर 2083 की पूर्व संध्या पर विक्रमादित्य महोत्सव के तत्वाधान में अयोध्या के हजारों की संख्या में साधु संतों ने रामकोट की परिक्रमा की। इसकी शुरुआत भगवान मत गजेंद्र मंदिर पर विधि विधान पूर्वक पूजन अर्चन के बाद किया गया। कड़ी सुरक्षा के बीच लगभग चार किलोमीटर की यात्रा को संपन्न किया गया। बाजे-गाजे और ढोल-नगाड़ों के साथ रामकोट की परिक्रमा प्रारंभ हुई तो संपूर्ण अयोध्या राममय हो गई। आम जनमानस सड़कों पर उमड़ पड़ा। इसके पूर्व मत गजेंद्र मंदिर के परिसर में संतो ने सभा का आयोजन किया। मुख्य अतिथि सुरेश भैया जी जोशी ने कहा कि नव वर्ष प्रारंभ हो रहा है। इसके पूर्व कई वर्षों से परिक्रमा यात्रा चल रही है। संकल्प लेना होगा कि भविष्य में भारत और हिंदू विश्व के मंच पर एक शक्ति के रूप में प्रकट होकर रहेगा। संतो ने कहा कि राम के आदर्शों में ही विश्व का कल्याण निहित है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ अनिल मिश्रा बताते हैं कि हिंदी नव वर्ष की शुरुआत पर अयोध्या और आसपास के जिलों से बड़ी संख्या में लोग रामकोट की परिक्रमा में शामिल होते हैं। देश, समाज और राष्ट्र और मानवता के लिए परिक्रमा करते हैं। प्रभु से प्रार्थना कर रहे हैं की आने वाला वर्ष विक्रम संवत 2083 सबके लिए मंगलमय हो। परिक्रमा में मुख्य रूप से महंत वैदेही बल्लभ शरण, अधिकारी राजकुमार दास, शशिकांत दास, महंत मिथिलेश नंदनी शरण, महंत सत्येंद्र दास वेदांती, आचार्य राकेश तिवारी, विशाल मिश्रा, सहित सैकड़ों की संख्या में संत-धर्माचार्य और राम भक्त शामिल हुए।

**तैयारी** | श्रीराम यंत्र स्थापना को लेकर नगर निगम ने की व्यापक तैयारियां

## हाईटेक सफाई, एंटी स्मॉग गन से पानी का छिड़काव

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु गुरुवार को चैत्र नवरात्रि के पहले दिन रामनगरी पहुंचेंगी। यहां श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर में श्रीराम यंत्र की स्थापना करेंगी। साथ ही वैदिक अनुष्ठानों में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगी। राष्ट्रपति के दौरे को लेकर जिला प्रशासन व नगर निगम ने व्यापक इंतजाम किए हैं।

नगर निगम ने राष्ट्रपति के प्रस्तावित मार्गों, राम जन्मभूमि मंदिर परिसर, सरयू घाटों और प्रमुख धार्मिक स्थलों पर विशेष स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण अभियान छेड़ा है। पूरे नगर निगम क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चल रहा है। सरयू तट पर जेटिंग मशीनों से घाटों की धुलाई की जा रही है। प्रमुख चौराहों और अंडरपासों जैसे एयरपोर्ट अंडरपास, महोबरा अंडरपास, साकेत पेट्रोल पंप अंडरपास, अयोध्या धाम मेला क्षेत्र आदि पर हाईटेक सफाई की गई है। धूल नियंत्रण के लिए एंटी-स्मॉग गन से पानी का छिड़काव किया जा रहा है।पेयजल व्यवस्था को प्राथमिकता दी गई है। सांस्कृतिक कार्यक्रम और भंडारा स्थलों पर वाटर टैंकर भी तैनात रहेंगे।

**फुटपाथों से अतिक्रमण हटाने का अभियान तेज :** आवारा पशुओं, खासकर गौवंश, पर सख्त नियंत्रण के लिए विशेष टीमें गठित की गई हैं। आवारा पशुओं को पकड़कर गौशालाओं में पहुंचाया जा रहा है। फुटपाथों से अतिक्रमण हटाने का अभियान तेज है। बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन, धर्मशालाएं, रेस्टोरेंट, होमस्टे और अन्य भीड़भाड़ वाले स्थलों पर विशेष सफाई और प्रबंधन योजना लागू है। नागेश्वर नाथ मंदिर, हनुमानगढ़ी और अन्य प्रमुख मठ-मंदिरों के आसपास उत्कृष्ट सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।



राष्ट्रपति के आगमन की तैयारियों को लेकर निरीक्षण करते नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार व अन्य।

### घाट और अंडरपासों पर विशेष लाइटिंग

संत तुलसीदास घाट, सरयू स्नान घाट और विभिन्न अंडरपासों पर विशेष लाइटिंग की गई है। सफाई के लिए लगभग 500 सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने बताया कि हमारी कोशिश है कि रामनवमी पर आने वाला प्रत्येक श्रद्धालु एक अच्छा अनुभव लेकर जाए।


Kanak Kids International School
Nursery to Class 5th (English Medium)
Add.: ITI Chauraha Punch Kosi Prikarma Marg
Ram Path - Ayodhya U.P.
Gmail ID - kanakkidsayo@gmail.com
Mob.: 7905181449

Admission Open



Dr. Sanjay Tiwari (Chairman)

Saryu International School
Class 1st to 12th (CBSE NEW DELHI, Affiliation No.: 2134121)
Add.: Raghupati Nagar,Manjha Barehta, Bypass Ayodhya U.P.
Gmail ID- internationalsaryu@gmail.com
Mob.: 7905193849

# 12वें दिन बैकफुट पर आए प्राचार्य, सीएमएस समेत चारों को फिर बुलाया

अयोध्या कार्यालय

- छह मार्च को पर्याप्त मानव संसाधन का हवाला देते हुए किया था कार्यमुक्त
- मेडिकल कॉलेज में बिना बिल आई दवाओं के बाद से चल रही है उठापटक

**अमृत विचार :** राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में बुधवार को एक और रोचक और अचंभित कर देने वाला वाकया सामने आया। सीएमएस डॉ. अरविंद सिंह समेत चार को हटाने के मामले में कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. डीएस मर्तोलिया अचानक बैकफुट पर आए गए। उन्होंने 12वें दिन यू-टर्न लेते हुए चारों को फिर से मेडिकल कॉलेज बुला लिया है।

बता दें कि मेडिकल कॉलेज में बिना बिल वाउचर पहुंची दवाओं का मामला मुख्य औषधि भंडार के फार्मासिस्ट योगेश मिश्र ने उजागर करते हुए तत्कालीन कार्यवाहक प्राचार्य पर खंडन पत्र जारी करने का दबाव बनाने का आरोप लगाया था। 28 फरवरी को योगेश ने मामले की शिकायत अपर निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अयोध्या मंडल से कर दी थी। मामले ने मीडिया में खूब सुर्खियां बटोरी। कॉलेज प्रशासन की किरकिरी शुरू होने लगी। इसके बाद छह मार्च को कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. डीएस मर्तोलिया ने प्रतिनियुक्ति पर कॉलेज में तैनात रहे सीएमएस डॉ.अरविंद सिंह, ईएमओ डॉ.बागीश मिश्र, फार्मासिस्ट योगेश मिश्र व सुनील जिज्ञासु को पत्र जारी करते हुए निर्देशित किया था कि आप सभी प्रतिनियुक्ति के बाद अधिकतम छह वर्ष पूर्ण चुके हैं। वर्तमान में पर्याप्त मानव संसाधन उपलब्ध है। आप अपने मूल विभाग महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें को अपनी योगदान आख्या प्रस्तुत करते हुए उनके निर्देशानुसार कार्य करना सुनिश्चित करें। इसके बाद सीएमएस डॉ. अरविंद सिंह ने बयान दिया था कि कॉलेज प्रशासन पर अवैध दवाओं को खपाने के लिए चारों को हटाने का आदेश जारी किया है। वहीं बुधवार को डॉ. मर्तोलिया ने पत्र जारी कर सभी को चौंका दिया। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष की समाप्ति और शासकीय कार्यों की अधिकता को देखते हुए रोगी हित में अग्रिम आदेशों तक चारों का स्थानांतरण स्थगित किया जाता है।

### ...लेकिन, फार्मासिस्ट योगेश का नहीं आया आदेश

चारों का स्थानांतरण आदेश स्थगित किए जाने के बाद सीएमएस ऑफिस में खुशी का माहौल रहा। लोग एक दूसरे को बधाई देते नजर आए। सूत्र बताते हैं कि देर शाम तक फार्मासिस्ट योगेश मिश्र के कार्यमुक्त किए जाने का स्थगन आदेश नहीं आया था, जबकि तीनों का आदेश दोपहर दो बजे के बाद ही सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा था। बता दें कि योगेश ने ही बिना बिल वाउचर के दवाओं का मुद्दा उठाया था। सीएमएस डॉ. अरविंद सिंह ने बताया कि मैं तो छुट्टी पर हूं।

### किसी भी कार्यमोचक अधिकारी ने नहीं ग्रहण किया था चार्ज

सीएमएस कार्यालय की तरफ से 17 मार्च को एक पत्र प्राचार्य को संबोधित करते हुए लिखा गया था कि सीएमएस समेत चारों अपना कार्यभार कार्यमोचक अधिकारी को हस्तांतरित कर दें, लेकिन छह मार्च से जारी हुए आदेश के बाद से कोई भी कार्य मोचक अधिकारी आकर चार्ज ग्रहण नहीं किया।

### बिना बिल दवाओं के मामले में मंत्री ने दिए हैं जांच के आदेश

मेडिकल कॉलेज में बिना बिल वाउचर पहुंची दवाओं का मामला गोसाईगंज के विधायक अभय सिंह ने संसदीय कार्य चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा स्वास्थ्य राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह के समक्ष रखा था। लिखित शिकायत दी थी। मंत्री मयंकेश्वर खरीद-फरोख्त की 15 दिन के भीतर जांच करने के एसीएस को निर्देश दिए थे।

> अभी चारों का स्थानांतरण स्थगित किया गया है। वित्तीय वर्ष का आखिरी महीना है। कई पेपर रहते हैं, जिन्हें निकलवाना रहता है। इसलिए सभी को वापस बुलाया गया है। अब अगले महीने देखूंगा। मुझ पर किसी का कोई दबाव नहीं था। मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ. अरविंद कुमार सिर्फ एमएस के नोडल हैं। -डॉ. डीएस मर्तोलिया, कार्यवाहक प्राचार्य

## न्यूज ब्रीफ

### संसद में उठा गोसाईगंज में ट्रेनों के ठहराव का मुद्दा

**गोसाईगंज, अमृत विचार :** लखनऊ-अयोध्या धाम-वाराणसी रेल खंड पर स्थित गोसाईगंज रेलवे स्टेशन पर सुविधाओं व ट्रेनों के ठहराव की आवाज अब संसद तक पहुंच गई है। अंबेडकरनगर के सांसद लालजी वर्मा ने लोकसभा में इस महत्वपूर्ण मुद्दे को उठाते हुए स्टेशन पर कोच डिस्प्ले व ट्रेन इन्क्वायरी डिस्प्ले लगाने की मांग की। साथ ही सरयू-यमुना एक्सप्रेस (14649/50), कोटा-पटना एक्सप्रेस (13237/38) और अमृतसर जलियावाला बाग एक्सप्रेस (18103/04) के ठहराव की भी बात रखी। इसके अलावा कोरोना काल से बंद लखनऊ-वाराणसी पैसेंजर (54333/34) और फैजाबाद-मुगलसराय पैसेंजर (54109/10) ट्रेनों को पुन: संचालित करने की मांग की गई।

### बलिदान दिवस पर याद आए अमर शहीद आमिर अली

**अयोध्या, अमृत विचार :** 1857 क्रांति के वीर सेनानी आमिर अली की याद में बुधवार को कचहरी स्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भवन में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजन किया गया। वीर सेनानी आमिर अली के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर उनसे देश की आजादी के संघर्षों को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिषद के अध्यक्ष मनोज मेहरोत्रा व संचालन सेनानी पुत्र राजीव शुक्ला ने किया।

### प्रवासी भारतीय ने सड़क निर्माण के लिए लगाई गुहार

**बड़ागांव, विचार।** रुदौली तहसील के मीसा गांव में रहने वाले प्रवासी भारतीय ओम प्रकाश पांडे ने अपने गांव को जाने वाली सड़क निर्माण के लिए इंडोनेशिया से मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत करते हुए निर्माण की गुहार लगाई है। क्षेत्र में विकास की पोल खोलने वाली यह सड़क मीसा पासियन पुरवा, गोराईया देव, बरई खुर्द, होते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग 27 को जोड़ती है। इंडोनेशिया में रहकर इंजीनियर के रूप में कार्यरत ओमप्रकाश इन दिनों अपने पैतृक गांव मीसा आए थे।

### कांग्रेस कार्यालय में रोज़ा इफ्तार आयोजित

**अयोध्या, अमृत विचार :** कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन में पवित्र माह-ए-रमज़ान के अवसर पर रोज़ा इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में रोज़ेदारों ने शामिल होकर रोज़ा खोला और आपसी भाईचारे एवं सौहार्द का संदेश दिया। आयोजन अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मोहम्मद आमिर और महिला महानगर अध्यक्ष नाजिश फातिमा ने संयुक्त रूप से किया। फातिमा ने कहा कि रोज़ा इफ्तार जैसे आयोजन लोगों को एक मंच पर लाकर सामाजिक समरसता को बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष चेतनारायण सिंह, महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह, रामदास वर्मा, फ्लावर नकवी, जिओ हैदर, बसंत मिश्रा, अशोक कुमार राय, डी एन वर्मा, मोहम्मद बशीर, मिस्बाह उल हक, हुजैफा असलम सहित अन्नेय लोग थे।

# नहीं आई सिलेंडर की गाड़ी, मची हाय तौबा

## भीखापुर की शशि गैस एजेंसी पर रही मारामारी । जिले की कई गैस एजेंसियों पर रही लोगों की कतार

अयोध्या कार्यालय


गैस एजेंसी के गोदाम पर लाइन में लगे उपभोक्ता।


पुलिस की मौजूदगी में किया जा रहा सिलेंडर का वितरण।

**अमृत विचार:** घरेलू एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति में लगातार देरी से आमजन की मुश्किलें बढ़ गई हैं। जिले की कई गैस एजेंसियों पर उपभोक्ताओं की लंबी-लंबी कतारें लग रही हैं। कई जगहों पर सिलेंडर मिलने की उम्मीद में लोगों में हताशा और गुस्सा देखा जा रहा है। नगर निगम क्षेत्र के भीखापुर की शशि गैस एजेंसी पर तो स्थिति इतनी बिगड़ गई कि उपभोक्ताओं में आक्रोश उत्पन्न हो गया। सिलेंडर वितरण के लिए गाड़ी न आने से लोग भड़क उठे और एजेंसी के बाहर हंगामा मच गया।

कई लोगों का कहना है कि उन्होंने ऑनलाइन या फोन से बुकिंग कराई है, लेकिन 4-5 दिनों बीत जाने के बाद भी सिलेंडर नहीं पहुंचा। घरों में गैस खत्म होने से महिलाएं चूल्हे-लकड़ी पर खाना बनाने को मजबूर हैं। यह संकट केवल घरेलू उपभोक्ताओं तक सीमित नहीं है। कमर्शियल सिलेंडर न मिलने से व्यवसाय ठप हो रहा है। वहीं जिला प्रशासन का कहना है कि घरेलू गैस की सप्लाई सामान्य है, अफवाहों पर ध्यान न दें। प्रशासन का दावा है कि प्रतिदिन 11-12 हजार सिलेंडर वितरित हो रहे हैं, लेकिन उपभोक्ताओं का अनुभव इससे अलग है। भीखापुर स्थित शशि गैस एजेंसी के बाहर खड़े रेहान को बताया गया कि गाड़ी न आने की वजह से सिलेंडर वितरण नहीं हो सका है। वहीं सहनवा से आए अब्दुल्ला को भी यही बात कहकर लौटा दिया गया। अब प्रशासन से जल्द समाधान की उम्मीद बंधी है।

### साकेत गैस एजेंसी का काम आज गोदाम से होगा

अयोध्या में गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के प्रस्तावित दौरे को देखते हुए जिला प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के खास इंतजाम किए हैं। परिक्रमा मार्ग पर मौजूद साकेत गैस एजेंसी में किसी तरह की रुकावट न आए। इसके लिए एजेंसी प्रशासन को गोदाम से काम करने के लिए निर्देशित किया गया है, ताकि सुरक्षा व्यवस्था में भीड़ बाधा न बने।

> शशि गैस एजेंसी पर सिलेंडर की गाड़ी शाम को पहुंची है। उन्हें रातों-रात व्यवस्था बनाकर सुबह तक डोर टू डोर डिलीवरी कराने के निर्देश दिए गए हैं। – बृजेश मिश्रा, डीएसओ

# अश्लील हरकत में दोषी को 5 साल की सजा

**अयोध्या, अमृत विचार:** किशोरी से अश्लील हरकत करने के एक मामले में कोर्ट ने युवक को दोषी पाते हुए उसे पांच साल के कठोर कारावास की सजा से दंडित किया है। उस पर 50 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। फैसला अपर जिला जज फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रदीप कुमार सिंह की अदालत से बुधवार को हुआ। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सतीश चंद्र देवरस ने बताया कि घटना 6 सितंबर 2024 की है। कुमारगंज थाना क्षेत्र के गांव की रहने वाली किशोरी दिन में 10 बजे नित्य क्रिया के लिए खेत में गई थी। उसके गांव का ही रहने वाला आरोपी पवन कुमार उसे घसीट कर खेत में ले गया और उसके साथ अश्लील हरकत की। उसकी गुहार पर आसपास के लोग दौड़े। तब आरोपी भाग गया इसकी रिपोर्ट पीड़िता के पिता ने दर्ज कराई थी। सुनवाई के बाद कोर्ट ने सजा दी।

**एन0बी0एस0 लॉ कॉलेज**
भादा (निकट प्रतापगंज बाजार), सुलतानपुर (उ0प्र0)-227816

**में स्ववित्तपोषित योजनातंर्गत आवश्कता है**

**स्नातक स्तर पर विधि संकाय (त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम) एल0एल0बी हेतु प्राचार्य विधि- 01 पद, प्रवक्ता विधि- 10 पद।**

**योग्यता व वेतनमान** – बीसीआई, यूजीसी एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार। इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि से 10 दिनो के भीतर अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखो की स्वप्रमाणित छायाप्रति के महाविद्यालय के पते पर संपर्क करे।

**प्रबंधक- 7880821965**

# अतिक्रमण हटाओ अभियान में महिला होमगार्ड के साथ हाथापाई

अयोध्या कार्यालय

- फटी वर्दी, गायब हुई सोने की चेन, हनुमानगढ़ी चौराहे के पास की घटना, केस दर्ज

**अमृत विचार:** अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान नगर निगम के प्रवर्तन दल के साथ चल रही महिला होमगार्ड के साथ एक महिला ने हाथापाई की। आरोप है कि इस दौरान उसकी वर्दी फट गई व कान की बाली व गले में पहनी सोने का चेन भी गायब हो गई। कोतवाली अयोध्या पुलिस ने केस दर्जकर जांच शुरू कर दी है।

महिला होमगार्ड डाली निवासी धारा रोड ताराजीपुरम कालोनी आकाशवाणी अयोध्या व प्रवर्तन दल के अधिकारियों से दी गई तहरीर में बताया कि राष्ट्रपति के आगमन को लेकर मंगलवार को नगर निगम के प्रवर्तन दल की टीम रामजन्मभूमि से हनुमानगढी तिराहा तक फुटपाथ से अतिक्रमण हटवा रही थी।

इस अभियान में शामिल महिला होमगार्ड डाली के साथ एक महिला दुकानदार ने अभद्र टिप्पणी करते हुए कॉलर पकड कर फुटपाथ पर पटक दिया, जिससे उसकी वर्दी फट गई व कान की बाली और गले में सोने की चेन भी गायब हो गई। इस दौरान दूसरी महिला होमगार्ड प्रतिमा ने बीच बचाव किया। अयोध्या कोतवाल पंकज सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्जकर विवेचना की जा रही है।

# पति से विवाद के बाद पत्नी की मौत

कुमारगंज, अयोध्या।

**अमृत विचार :** कुमारगंज थाना क्षेत्र के धमथुआ मुगलन गांव में पति-पत्नी के बीच हुए विवाद के बाद हुई मारपीट में एक महिला की मौत हो गई। 30 वर्षीय गायत्री पत्नी अरविंद कुमार के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। यह कहासुनी जल्द ही मारपीट में बदल गई, जिसमें अरविंद कुमार ने कथित तौर पर अपनी पत्नी गायत्री को मार दिया, जिससे वह अचेत हो गई। गायत्री की गंभीर हालत देखकर परिजन उन्हें इलाज के लिए पहले कुमारगंज के एक निजी अस्पताल ले गए। वहां चिकित्सकों ने उन्हें किसी अन्य अस्पताल ले जाने की सलाह दी। इसके बाद अरविंद कुमार और अन्य परिजन मंगलवार रात करीब 2:30 बजे गायत्री को सौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज ले गए। इमरजेंसी में मौजूद चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल के चिकित्सक के मुताबिक, जब महिला को अस्पताल लाया गया, तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। अस्पताल प्रशासन ने घटना की जानकारी कुमारगंज पुलिस को दी। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया और मृतका के मायके वालों को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक थाना कुमारगंज संतोष कुमार ने बताया कि अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। कहा कि तहरीर मिलने और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि माँ बाराही देवी तीर्थ क्षेत्र न्यास मुकुन्दपुर तरबगंज जिला गोण्डा के सम्बन्ध में सचिव न्यासी महन्थ गयादास वैष्णव के पास सुरक्षित एजेण्डा व कार्यवाही रजिस्टर के सम्यक् एजेण्डा व प्रस्ताव जिस पर सचिव न्यासी महन्थ गयादास वैष्णव के हस्ताक्षर हों के अतिरिक्त किसी अन्य रजिस्टर के एजेण्डा व प्रस्ताव जिस पर सचिव न्यासी महन्थ गयादास वैष्णव के हस्ताक्षर न हो अथवा कोई भी प्रस्ताव जो न्यासी सचिव द्वारा धारित एजेण्डा व प्रस्ताव रजिस्टर पर न हो के आधार पर माँ बाराही देवी तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सम्बन्ध में कोई परिमार्जन, संशोधन, परिवर्तन व परिवर्धन सम्बन्धी कोई पूरक विलेख चाहे वह महन्थ साध्वी रामा अथवा अन्य किसी द्वारा इच्छित /अभिलिखित हो, विधानतः प्रस्तुत नहीं किया जा सकता है। यह भी विदित हो कि वर्तमान परिस्थितियों में न्यास के विधानानुसार न्यास मण्डल द्वारा संस्थापक/अध्यक्ष महन्थ साध्वी रामा अपने अध्यक्ष पद से दिनांक 01/03/2025 से निलम्बित चल रही हैं। किसी भी प्रकार से न्यास के विधानानुसार नीति निर्धारण का उन्हें अधिकार या एकाधिकार प्राप्त नहीं है। यह भी विदित हो कि मुख्य अर्चक महन्थ साध्वी रामा मनमुखी ढंग से शक्तिपीठ पर अराजक तत्वों का जमावड़ा कर रही हैं जो न्यास के उद्देश्यों के विपरीत है। तदनुसार हर आम खास को सूचनार्थ जनहित धर्महित एवं न्यास हितों के रक्षार्थ प्रकाशन कराया जाता है। उपरोक्तानुसार सूचित हो।

माँ बाराही देवी तीर्थ ट्रस्ट
सचिव

**फ़ैज़ाबाद पब्लिक स्कूल**
English Medium, Senior Secondary, Co-Educational
Darabganj, Mumtaznagar, Ayodhya-224001 (U.P.)
Email: fpsfzd@rediffmail.com, Mob: 9170009377-9794935082
अयोध्या का एकमात्र सी.बी.एस.ई. विद्यालय
किफायती शुल्क में उच्च गुणवत्ता की शिक्षा
Admission Open | प्रवेश प्रारम्भ
Limited Seats
नर्सरी से IX – XI (विज्ञान एवं कॉमर्स)
Bus facility available. Smart Classes & CCTV Cameras in every class etc.
Prospectus available at school office from 08.30 a.m. to 04.00 p.m.
K.K. Mishra PRINCIPAL

सत्य सांई **आवश्यकता है**
**गायत्री पब्लिक स्कूल**
रेवतीगंज अयोध्या
योग्य एवं अनुभवी शिक्षक, शिक्षिकाओं की।
विषय: फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथ्स, इंग्लिश।
मदर टीचर्स (नर्सरी से यू.के.जी.)
इंग्लिश/ हिंदी मीडियम
मो0: 9415387756, 9450486065, 9721971820

### पिशाची मेले में उमड़ा जन सैलाब


पिशाची मेले में झूला झूलते बच्चे व भीड़।

**मसौधा, अयोध्या। अमृत विचार :** श्रीभरत जी की तपोभूमि नंदीग्राम भरतकुंड के वार्षिक पिशाची मेले में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। कैकई सरोवर में स्नान ध्यान करने वालों का जतांता लगा रहा। अयोध्या राज घराने की कुलदेवी मंदिर, भरत हनुमान मिलन मंदिर, प्राचीन भरत मिलाप मंदिर, दक्षिण मुखी भरत गुफा, सत्ताइसा कुंआ, भरतकूप मंदिर सहित दर्जन भर अधिक मठ मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। सरोवर में स्नान करने वालों पर कड़ी नजर रखने के लिए पुलिस तैनात थी। मेले में सर्कस, झूले, उड़नखटोला जैसे दर्जनों मनोरंजन के संसाधनों पर सुरक्षा के तगड़े इंतजाम किए गए थे। प्रभारी निरीक्षक पूरा कलंदर मनोज कुमार शर्मा का कहना था कि जगह-जगह पुलिस के तगड़े इंतजाम किए गए थे। मेला क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई थी ।पिशाची मेला शांतपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। मेलार्थियों को कहीं भी किसी तरह की दिक्कत देखने को नहीं मिली।


कलश यात्रा में गोविंद देव गिरी महाराज के साथ जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह व पति रोहित सिंह।

### सरायरासी में राम कथा का मंगलारंभ

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह के निवास स्थान सरायरासी में 19 मार्च से प्रारम्भ होने वाली नौ दिवसीय राम कथा के पूर्व बुधवार को महिलाओं ने भव्य कलश यात्रा निकाली। श्रीराम जन्मभूमि के कोषाध्यक्ष गोविन्द देव गिरि महाराज 19 मार्च से 27 मार्च तक राम कथा का वाचन करेंगे। जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने कहा कि राम कथा भारतीय संस्कृति और आस्था का महत्वपूर्ण प्रतीक है, जो समाज में एकता, नैतिकता और आध्यात्मिकता का संदेश देती है। प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित ने कहा कि आयोजन की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पार्किंग, सुरक्षा, पेयजल, बैठने और यातायात प्रबंधन के लिए अलग-अलग टीमों का गठन किया गया है। पूर्व महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्र, महंत राम जी शरण, मनीष दास, आशा गौड, लक्ष्मी सिंह, प्रसून लता, एकादशी सिंह, शीतला प्रसाद सिंह, राम सेन सिंह, संजय निषाद सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

**कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति गोण्डा**

पत्रांक-कृ0उ0म0स0गो0/2026/140 | दिनांक-18-03-26

**संशोधन दुकान आवंटन नीलामी सूचना**

उपनिदेशक (प्रशा0/विप0) मण्डी परिषद अयोध्या के आदेश दिनांक-14.03.2026 द्वारा दिनांक-24.03.2026 को दुकानो के आवंटन की नीलामी हेतु सूचना विज्ञापन में प्रकाशित करायी गयी थी, जिसको अपरिहार्य कारणवश उपनिदेशक (प्रशा0/विप0) मण्डी परिषद अयोध्या द्वारा दिनांक-17.03.2026 निर्देशित किया गया है कि कृषि उत्पादन मण्डी समिति, गोण्डा में नवीन मण्डी स्थल खाद्यान्न में रिक्त ''ब'' श्रेणी की 03 दुकाने, ''स'' श्रेणी की 12 दुकाने निर्दिष्ट कृषि उत्पादो के लिए रिक्त है तथा नवीन फल / सब्जी मण्डी स्थल में ''ब'' श्रेणी की 01 दुकाने व ''स'' श्रेणी की 01 दुकाने एवं सुपर मार्केट की 03 दुकाने निर्दिष्ट कृषि उत्पादो के लिए रिक्त है, जिसके आवंटन की नीलामी तिथि दिनांक-27.03.2026 को समय अपरान्ह 12:30 बजे नवीन मण्डी स्थल गोण्डा में नीलामी की कार्यवाही कराने हेतु तिथि निर्धारित की गयी है।

**नीलामी हेतु अवशेष दुकानों से सम्बन्धित विवरण / तालिका**

| क्र0 सं0 | स्थल का नाम | गोदाम/दुकान की श्रेणी | कुल रिक्त गोदाम / दुकान की संख्या | लागत मूल्य (प्रति गोदाम/दुकान) | धरोहर धनराशि 10 प्रतिशत | यूजर चार्ज 1.5 प्रतिशत | दुकान की आरक्षण श्रेणी: अनुसूचित जाति | अनारक्षित | अन्य पिछडा वर्ग | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग/एफ0पी0ओ0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | गल्ला मण्डी | 'ब' श्रेणी | 03 | 8790000.00 | 87900.00 | 13185 | 01,05 | – | 03 | – |
| 2 | '' | 'स' श्रेणी | 12 | 425000.00 | 42500.00 | 6375 | 01,05,11,15 | – | 03,07,09,13,17,19 | 10,20 |
| 3 | सब्जी मण्डी | 'ब' श्रेणी | 01 | 818000.00 | 81800.00 | 12270 | 05 | – | – | – |
| 4 | '' | 'स' श्रेणी | 01 | 382000.00 | 38200.00 | 5730 | – | – | – | 10 |
| 5 | सुपर मार्केट | – | 03 | 13.36 लाख | 133600.00 | 20040 | 11,15 | – | – | 20 |

दुकानो की नीलामी/आवंटन में भाग लेने हेतु इच्छुक व्यक्ति मण्डी समिति कार्यालय गोण्डा में दिनांक-17.03.2026 से 25.03.2026 तक दुकान नीलामी/आवंटन सम्बन्धी प्रपत्र रू0 250.00 व 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 रू0 45.00 (कुल रू0 295.00) नगद जमा कर प्राप्त करें और नीलामी हेतु प्रपत्र में उल्लिखित निर्धारित शर्तो को पूर्ण करते हुये मण्डी समिति गोण्डा के कार्यालय में जमा किया जाना सुनिश्चित करेंगे। उपरोक्त दुकान आवंटन की नियम व शर्ते पूर्व की भांति ही रहेगी।

सचिव
कृषि उत्पादन मण्डी समिति
गोण्डा

सभापति / नगर मजिस्ट्रेट
कृषि उत्पादन मण्डी समिति
गोण्डा

# प्रदेश में अब विश्वास की सरकार : योगी

## 2017 से पहले भ्रष्टाचार व तुष्टिकरण का था दौर, डबल इंजन सरकार ने यूपी को 'बॉटलनेक' से 'ब्रेकथ्रू' में बदला



लोक भवन में 'उत्तर प्रदेश में अभूतपूर्व विकास एवं सतत समृद्धि के 9 वर्ष' पर वार्षिक पुस्तक का विमोचन करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य और ब्रजेश पाठक व अन्य।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'नव निर्माण के 9 वर्ष' कार्यक्रम में विपक्ष पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश पहचान के संकट, भ्रष्टाचार और अव्यवस्था से जूझ रहा था, जबकि आज वही प्रदेश विकास और विश्वास का मॉडल बन चुका है। उन्होंने कहा कि पहले नौकरियों में पारदर्शिता नहीं थी और वसूली तंत्र हावी था, जिससे युवाओं का भविष्य प्रभावित होता था।

मुख्यमंत्री योगी ने आरोप लगाया कि विपक्षी दलों ने जाति और तुष्टिकरण की राजनीति से प्रदेश को पीछे धकेला, जबकि वर्तमान सरकार ने 25 करोड़ जनता को परिवार मानकर योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव पहुंचाया। आज 15 करोड़ लोग मुफ्त राशन पा रहे हैं और वंचित समुदायों मुसहर, वनटांगिया, थारू, सहरिया तक पहली बार योजनाएं पहुंची हैं। उन्होंने कहा कि यूपी अब 'वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया' की छवि से निकलकर 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' और 'वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज' की दिशा में बढ़ चुका है। स्वास्थ्य क्षेत्र में 6 करोड़ गोल्डन कार्ड जारी हुए, एम्स और मेडिकल कॉलेजों का विस्तार हुआ व इंसेफेलाइटिस पर प्रभावी नियंत्रण हुआ। सीएम ने कहा सरकार ने समस्याओं की पहचान कर उन्हें खत्म किया। प्रदेश को ठहराव से निकाल तेजी की राह पर लाया।

**गुंडाराज-परिवारवाद की राजनीति नहीं चलेगी :** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि योगी सरकार के 9 वर्षों में यूपी ने 'माफियाराज' से 'विकास मॉडल' तक का सफर तय किया है। जनता ने 2017 और 2022 में विकास पर भरोसा जताया और 2027 में भाजपा हैट्रिक लगाएगी। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था, इंफ्रास्ट्रक्चर और निवेश के कारण यूपी देश का ग्रोथ इंजन बना है। एक्सप्रेसवे, बिजली आपूर्ति और किसानों के भुगतान में रिकॉर्ड सुधार हुआ है। जनता अब गुंडाराज और परिवारवाद की राजनीति को स्वीकार नहीं करेगी।

# फार्मर आईडी बनाने में रामपुर निकला अव्वल

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में किसानों को योजनाओं से सीधे जोड़ने के लिए चलाए जा रहे फार्मर आईडी अभियान में रामपुर ने सबसे आगे निकलते हुए नया कीर्तिमान बनाया है। रामपुर प्रदेश का पहला जिला बन गया है जिसने तय समय सीमा से पहले ही 100 प्रतिशत फार्मर आईडी बनाने का लक्ष्य पूरा कर लिया। गाजियाबाद दूसरे और अंबेडकरनगर तीसरे स्थान पर रहा, जबकि टॉप टेन में औरैया, बाराबंकी, फर्रुखाबाद, हरदोई, कन्नौज, मीरजापुर और बिजनौर ने अपनी जगह बनाई है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर 1 जनवरी से शुरू हुए इस अभियान के तहत 31 मार्च उत्तर प्रदेश में 2,88,70,495 किसानों की फार्मर आईडी बनाने का लक्ष्य है। इसके सापेक्ष अब तक 1,99,42,798 फार्मर रजिस्ट्री बनाई जा चुकीं हैं। रामपुर के जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि रामपुर को 31 मार्च तक फार्मर रजिस्ट्री का कुल लक्ष्य 2,09,828 निर्धारित किया गया था। इसके सापेक्ष 17 मार्च तक शत प्रतिशत फार्मर आईडी बनाने का लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया।

## नवरात्र व चेटी चंद पर्व की दीं शुभकामनाएं

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय नव संवत्सर, चैत्र नवरात्र और चेटी चंद के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कामना की कि ये पर्व प्रदेश में सुख, शांति, समृद्धि और नई ऊर्जा का संचार करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि नव संवत्सर हमारी समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा का प्रतीक है, जो नवचेतना और नवसंकल्प का संदेश देता है। वहीं चैत्र नवरात्रि को आदिशक्ति की उपासना का विशेष काल बताते हुए उन्होंने कहा कि यह पर्व आत्मशुद्धि, अनुशासन और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने चेटी चंद के अवसर पर विशेष रूप से सिंधी समाज को बधाई देते हुए कहा कि यह पर्व भगवान झूलेलाल जी की जयंती के रूप में आस्था, समरसता और एकता का प्रतीक है।

## 1.67 करोड़ से होगा मंदिर का पर्यटन विकास

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुरादाबाद स्थित लोदीपुर धाम के कायाकल्प को गति मिल गई है। यहां स्थित करीब 200 वर्ष पुराने श्री जम्भेश्वर मंदिर के विकास और सौंदर्यीकरण पर 1.67 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। परियोजना के तहत मंदिर परिसर में सत्संग भवन, यज्ञशाला, विश्राम गृह, रसोई, आधुनिक शौचालय, भव्य प्रवेश द्वार और ढका हुआ परिक्रमा मार्ग विकसित किया जाएगा। इससे श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और यह स्थल प्रमुख धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में उभरेगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि लोदीपुर धाम का विकास प्रदेश की उस नीति का हिस्सा है, जिसके तहत आध्यात्मिक और कम प्रसिद्ध स्थलों को नई पहचान दी जा रही है।

## उत्तर भारत दर्शन परिषद का अधिवेशन आज से

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर भारत दर्शन परिषद का 40वां राष्ट्रीय अधिवेशन 19 मार्च से चित्रकूट में शुरू होगा। तीन दिवसीय इस आयोजन में देश–विदेश के विद्वान भारतीय दर्शन के माध्यम से वैश्विक चुनौतियों पर मंथन करेंगे। यह अधिवेशन 21 मार्च तक चलेगा, जिसमें अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी भी आयोजित की जाएगी। यह कार्यक्रम भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के सहयोग से जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय, चित्रकूट में आयोजित किया जा रहा है।

## पर्वों पर बिजली सुचारू रखेंगे कर्मचारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति की ओर से निजीकरण के विरोध में प्रदेश स्तर पर आंदोलन तो जारी रहेगा। साथ ही आम लोगों के प्रति जिम्मेदारी को समझते हुए गुरुवार को शुरू होने जा रहे नवरात्र और ईद के पर्व को देखते हुए बिजली कर्मचारी उपभोक्ताओं को निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करेगी। संघर्ष समिति ने बिजली कर्मियों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि 19 मार्च से 27 मार्च तक निजीकरण के विरोध में आंदोलन चल रहा है।

# नवरात्र व ईद एक साथ पड़ने से पुलिस के लिए बढ़ी चुनौती

**राज्य ब्यूरो, लखनऊः** होली और रमजान एक साथ पड़ने के बाद अब नवरात्र और ईद-उल-फितर का पर्व भी एक साथ पड़ रहे हैं। इसे लेकर जहां पुलिस के लिए कानून-व्यवस्था बनाए रखने की चुनौती खड़ी हो गई है। प्रदेश भर में में सुरक्षा के कड़े प्रबंधों के साथ ही सेक्टर स्कीम लागू कर दी गई है, वहीं ड्रोन से निगरानी करने के आदेश दिए गए हैं।

गुरुवार से हिन्दुओं के लिए विशेष आस्था के पर्व चैत्र नवरात्र शुरू हो रहे हैं। उधर, चांद दिखाई देने के हिसाब से ईद उल फितर का पर्व 20 या 21 मार्च को हो सकता है। दोनों ही समुदायों का अहम पर्व है तो पुलिस खासी चौकन्नी हैं। पुलिस प्रवक्ता के मुताबिक, इसे लेकर डीजीपी राजीव कृष्ण की ओर से प्रदेश भर की पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों को सख्त निर्देश जारी कर दिए गए हैं। खास कर प्रदेश के ऐसे जिले, जहां पर मिली-जुली आबादी है और अति संवेदनशील जिले हैं, वहां पर फोर्स और खुफिया टीमों को अतिरिक्त सुरक्षा बरतने की हिदायत दी गई है। धार्मिक स्थलों पर फोर्स तैनात रहे, वहीं संदिग्ध लोगों पर भी कड़ी नजर रखी जाए। पुलिस द्वारा प्रदेश के अति संवेदनशील जिले लखनऊ, बहराइच, आजमगढ़, कानपुर, बरेली, अलीगढ़, मेरठ, सहारनपुर, मुरादाबाद, रामपुर, संभल, सहारनपुर, शामली समेत 26 जिलों में अतिरिक्त सतर्कता बरतने को कहा गया है। इन जिलों में पैरा मिलिट्री की कंपनियों को भी उतारा गया है। साथ ही ड्रोन निगरानी करने को कहा है। आला अफसरों ने साफ कहा कि किसी भी नई परिपाटी को शुरू नहीं करने दिया जाए।

# हर घर जल योजना को लेकर सरकार ने किया एमओयू

**राज्य ब्यूरो, लखनऊः** प्रदेश में ग्रामीण पेयजल व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए बुधवार को जल जीवन मिशन (जेजेएम) 2.0 के तहत केंद्र और उप्र. सरकार के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में वर्चुअल माध्यम से यह समझौता हुआ, जिससे मिशन के दूसरे चरण की औपचारिक शुरुआत हो गई है।

इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 'हर घर नल से जल' के लक्ष्य को अब और तेजी और मजबूती से लागू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अब केवल कनेक्शन देने तक सीमित न रहकर योजनाओं के दीर्घकालिक संचालन, रखरखाव और गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने इसे केंद्र और राज्य के बेहतर समन्वय का उदाहरण बताते हुए कहा कि इससे योजनाओं में पारदर्शिता, जवाबदेही और परिणाम बेहतर होंगे। केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल ने कहा कि जल जीवन मिशन 2.0 में गुणवत्ता और स्थायित्व सबसे अहम होंगे।

# सफलता सिर्फ डिग्री से नहीं कौशल से मिलती है : कपिल

**राज्य ब्यूरो, लखनऊः** कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने राजधानी में 'वृहद रोजगार मेला-2026' की शुरुआत की। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित मेले में युवाओं से संवाद करते हुए उन्होंने कहा कि सफलता केवल डिग्री से नहीं, बल्कि कौशल, आत्मविश्वास और प्रभावी संवाद क्षमता से मिलती है। कौशल विकास को डिजिटल बढ़ावा देने के लिए उन्होंने 'कौशल दृष्टि', 'कौशल दर्पण' और 'कौशल दोस्त' जैसे तीन नए प्लेटफॉर्म लांच किए। 'कौशल दृष्टि' के माध्यम से प्रशिक्षण केंद्रों की रियल-टाइम मॉनिटरिंग की जाएगी। 'कौशल दर्पण' एआई आधारित डैशबोर्ड के रूप में विभिन्न आंकड़ों को एकीकृत करेगा, जबकि 'कौशल दोस्त' चैटबॉट के जरिए 24×7 सहायता उपलब्ध कराएगा। **15 हजार पद लेकर मेले में आईं हैं 116 कंपनियां :** इस मेले में हजारों युवाओं को रोजगार के अवसर मिले, जहां 116 कंपनियों ने करीब 15,000 पदों पर भर्ती प्रक्रिया संचालित की।



न्यूज ब्रीफ

## तालाब खुदाई घोटाले में कोर्ट सख्त, अंतिम रिपोर्ट खारिज

सुलतानपुर, अमृत विचार: धनपतगंज क्षेत्र के विनगी पुरवा चौबीनी गांव में तालाब खुदाई घोटाले के मामले में अदालत ने विवेचक की अंतिम रिपोर्ट निरस्त कर पुनः जांच के आदेश दिए हैं। अपर सिविल जज/न्यायिक मजिस्ट्रेट राधिका राज ने कहा कि जांच में महत्वपूर्ण साक्ष्यों की अनदेखी की गई है। वादी राम प्रताप ने आरोप लगाया था कि ग्राम प्रधान व अन्य ने जेसीबी से खुदाई कर मजदूरों के नाम पर फर्जी भुगतान कर लाखों रुपये का गबन किया। अदालत ने जांच को अपूर्ण मानते हुए थानाध्यक्ष धनपतगंज को निष्पक्ष पुनः जांच कर 31 मार्च तक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

## केएनआईटी में 'एसएचआईएफटी' कार्यशाला संपन्न

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार: कमला नेहरू प्रौद्योगिकी संस्थान (केएनआईटी) के इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग फोरम फोरोनिक्स द्वारा "एस.एच.आई.एफ.टी: हार्डवेयर, उद्योग, भविष्य और तकनीक का समन्वय" विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित हुई। मुख्य वक्ता के रूप में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) कोरवा के एजीएम प्रशांत सिंह ने आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने उद्योग की कार्यप्रणाली और रोजगार के अवसरों की जानकारी दी। निदेशक डॉ. आर. के. उपाध्याय ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान देते हैं। डॉ. एस. पी. गंगवार ने तकनीक-उद्योग समन्वय को जरूरी बताया।

# चिकित्सक हत्याकांड में दो दोषी करार, 24 को सुनाई जाएगी सजा

## कोर्ट ने दोनों आरोपियों को तत्काल हिरासत में लेकर जेल भेज दिया

विधि संवाददाता, सुलतानपुर


डॉ. घनश्याम तिवारी।


वादिनी निशा तिवारी।

**अमृत विचारः** चर्चित चिकित्सक डॉ. घनश्याम तिवारी हत्याकांड में बुधवार को अदालत ने बड़ा फैसला सुनाते हुए मुख्य आरोपी अजय नारायण सिंह और दीपक सिंह को हत्या सहित अन्य आरोपों में दोषी करार दिया। कोर्ट ने दोनों आरोपियों को तत्काल हिरासत में लेकर जेल भेज दिया है। अब अदालत 24 मार्च को दोषियों को जेल से तलब कर सजा का ऐलान करेगी।

एडीजे प्रथम संध्या चौधरी की अदालत में सुनवाई के दौरान फैसले को लेकर पूरे जिले की नजरें टिकी रहीं। अभियोजन पक्ष की ओर से एडीजीसी पवन दूबे व वादी निशा तिवारी के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने प्रभावी पैरवी करते हुए आठ अभियोजन गवाह पेश किए। गौरतलब है कि लंभुआ क्षेत्र के सखोली कला गांव निवासी डॉ. घनश्याम तिवारी जयसिंहपुर सीएचसी में संविदा चिकित्सक थे। 23 सितंबर 2023 को कोतवाली नगर के नरायनपुर गांव में उनकी पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में अजय नारायण सिंह, उनके पिता जगदीश नारायण सिंह, चचेरे भाई विजय नारायण सिंह और ड्राइवर दीपक सिंह के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई थी। सुनवाई के दौरान आरोपी विजय नारायण सिंह और जगदीश नारायण सिंह की मृत्यु हो चुकी है। वहीं, फैसले के मद्देनजर मृतक की पत्नी निशा तिवारी की सुरक्षा बढ़ाते हुए तीन पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। अब पूरे मामले में सजा के ऐलान पर लोगों की नजरें टिकी हैं।

### इंजीनियर हत्याकांड में सुनवाई 31 को

जल निगम के इंजीनियर संतोष कुमार की हत्या के बहुचर्चित मामले में बुधवार को अभियोजन गवाह न आने से सुनवाई टल गई। मामले में एडीजे द्वितीय विशेष एससी-एसटी न्यायालय न्यायाधीश राकेश पांडेय की अदालत ने पूर्व कोतवाल अरुण द्विवेदी को गवाही के लिए तलब कर सुनवाई के लिए 31 मार्च की तारीख नियत की है। अभियोजन की ओर से पीड़ित पक्ष के वकील अरविंद सिंह राजा के मुताबिक 17 अगस्त 2024 को अधिशाषी अभियंता संतोष कुमार की उनके घर में पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। इस संबंध में मृतक के भाई संजय कुमार ने सहायक अभियंता समेत अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने सहायक अभियंता अमित कुमार शाह व आरोपी प्रदीप राम को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

### सराफा डकैती कांड में सुनवाई एक को

सराफा डकैती कांड में सोमवार को अपर जिला जज चतुर्थ जलाल मोहम्मद अकबर की अदालत में अभियोजन गवाह न आने से सुनवाई 1 अप्रैल तक टल गई। कोतवाली नगर के चौक बाजार में भरतजी सोनी की ज्वेलरी की दुकान पर 28 अगस्त 2024 को डकैती पड़ी थी। अमेठी जिले के मोहनगंज थाने के भवानी नगर निवासी आरोपी बिपिन सिंह सहित दर्जन भर आरोपियों के खिलाफ विचारण चल रहा है। इस मामले में साक्ष्य की कार्यवाही लंबित चल रही है।

### चोरी की बाइक सीज करने में यातायात उपनिरीक्षक कोर्ट में हुए हाजिर

**संवाददाता, सुलतानपुर :** चोरी हुई बाइक सीज करने और चोर को छोड़ने के मामले में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नवनीत सिंह की अदालत में भ्रामक रिपोर्ट भेजने के मामले में यातायात उपनिरीक्षक नरेन्द्र बहादुर सिंह हाजिर हुए। कोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए लोकेशन रिपोर्ट दाखिल करने के निर्देश देते हुए आदेश सुरक्षित रखा है। अधिवक्ता अब्बास अहमद खान ने वाहन रिलीज करने की मांग कर कहा कि चालान पत्र के साथ संलग्न व्यक्ति की फोटो वाहन स्वामी आमिल खान की नहीं बल्कि चोर की है। नम्बर प्लेट बदलकर उस पर चोर ने एफबी सीरीज का नम्बर डाला जो यातायात विभाग से जारी सीरीज ही नहीं है इसके बावजूद यातायात निरीक्षक ने चोर को छोड़ दिया। जिस पर कोर्ट ने यातायात निरीक्षक से जवाब तलब कर नाराजगी जताई थी है। बीते साल चार मई को बंधुआ कला थाना क्षेत्र के शाहपुर सरकंडे डीह निवासी आमिल ने बाइक चोरी का केस दर्ज कराया था जिसे बाद में यातायात निरीक्षक ने चेकिंग में पकड़ा लेकिन चोर को छोड़ दिया।

# डाकघर में बम की खबर से हड़कंप

संवाददाता, सुलतानपुर


डाग स्क्वॉयड टीम के साथ डाकघर का निरीक्षण करती पुलिस टीम। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** बुधवार को शहर के प्रधान डाकघर में बम रखे होने की सूचना से अफरा-तफरी मच गई। सुबह करीब 11 बजे डाकघर को एक ईमेल के जरिए बम की धमकी मिली, जिसके बाद पूरे परिसर सहित पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया।

पोस्टमास्टर सुरेंद्र कुमार चौबे ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही सीओ सिटी सौरभ सामंत के नेतृत्व में कोतवाली नगर पुलिस, बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वॉड मौके पर पहुंच गए। सुरक्षा के मद्देनजर पूरे डाकघर परिसर को खाली कराकर सघन तलाशी अभियान चलाया गया। करीब डेढ़ घंटे तक चली जांच में हर कमरे और परिसर के कोने-कोने की बारीकी से जांच की गई। इस दौरान डाक कर्मचारियों और आम लोगों में दहशत का माहौल बना रहा। हालांकि, तलाशी के दौरान कोई भी संदिग्ध या आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली, जिससे राहत की सांस ली गई। एएसपी अखण्ड प्रताप सिंह ने बताया कि बम की सूचना अफवाह साबित हुई है। फिलहाल पुलिस ईमेल भेजने वाले की पहचान कर जांच में जुटी है। घटना के बाद क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और सतर्कता बढ़ा दी गई है।

● **डेढ़ घंटे चले सर्च ऑपरेशन के बाद निकली अफवाह**

# बाइक सवार युवक को बस ने मारी टक्कर, मौत

लंभुआ, सुलतानपुर

● **मुरली नहर के समीप वाराणसी-लखनऊ हाईवे पर हुई घटना**


रमेश मिश्रा (फाइल फोटो)

**अमृत विचारः** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र में वाराणसी-लखनऊ हाईवे पर बुधवार को एक सड़क हादसा हो गया। हादसे में बाइक सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा मुरली नहर के समीप उस समय हुआ जब वाराणसी से लखनऊ की ओर जा रही रोडवेज बस ने सामने से आ रही बाइक को टक्कर मार दी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा और कुछ ही देर में उसने दम तोड़ दिया। घटना के बाद बस चालक और परिचालक मौके से फरार हो गए, जिससे स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया। सूचना मिलते ही लंभुआ कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है तथा फरार बस चालक और परिचालक की तलाश की जा रही है। मृतक की पहचान रमेश मिश्रा उर्फ पप्पू मिश्रा (50 वर्ष), निवासी ग्राम सैतापुर सराय, थाना लंभुआ के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं, स्थानीय लोगों ने प्रशासन से हाईवे पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है, ताकि इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

### सड़क हादसे में युवक की मौत मामले में केस दर्ज

**लंभुआ, सुलतानपुर :** सड़क दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान हुई मौत मामले में बुधवार को पुलिस ने केस दर्ज किया है। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। बीते शुक्रवार को लंभुआ क्षेत्र के मुरली नहर के पास हाईवे पर एक चारपहिया वाहन की टक्कर से बिजनौर निवासी जनरेल सिंह की लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। मृतक के पिता बरयान सिंह ने बुधवार को लंभुआ कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी है। एसओ धीरज कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# छुट्टा मवेशी से टकराए बाइक सवार दंपति, पति की मौत

**संवाददाता सुलतानपुर, अमृत विचारः** जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के अमिलिया सिकरा (ईश्वर पट्टी) गांव निवासी रामू वनराजा (65) अपनी पत्नी कुसुम के साथ मंगलवार को बाइक से करौंदी कला थाना क्षेत्र के पट्टी नरेन्द्रपुर जा रहे थे। जैसे ही दंपति कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-बलिया राष्ट्रीय राजमार्ग पर पदारथपुर पेट्रोल पंप के पास पहुंचे, अचानक सामने आए छुट्टा मवेशी से उनकी बाइक टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को तत्काल कादीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने रामू की हालत नाजुक देखते हुए उन्हें जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

परिजन बेहतर इलाज के लिए उन्हें उघड़पुर के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां से पुनः मेडिकल कॉलेज ले आए। जहां इलाज के दौरान बुधवार की भोर में रामू वनराजा की मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी कुसुम का उपचार जारी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रामू की मौत के बाद पत्नी कुसुम, बेटे विवेक व बृजेश समेत पूरे परिवार में कोहराम मच गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## गोमती नदी में मिला अधेड़ का शव, हड़कंप

**गोसाईगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** गोसाईगंज थाना क्षेत्र में बुधवार अल सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब बहाऊद्दीनपुर गांव स्थित निषाद बस्ती के पास गोमती नदी में एक अधेड़ व्यक्ति का शव उतराता हुआ मिला। सुबह दैनिक क्रिया के लिए गए ग्रामीणों ने शव को देखा और शोर मचाया, जिसके बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई और पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही गोसाईगंज पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से शव को नदी से बाहर निकलवाकर कब्जे में लिया। तलाशी के दौरान मृतक के पास से आधार कार्ड, पैन कार्ड, 250 रुपये नकद, दवा, रुमाल और एक डायरी सहित अन्य कागजात बरामद हुए। आधार कार्ड के आधार पर मृतक की पहचान शीतला प्रसाद (51) पुत्र मोतीलाल कसौधन, निवासी पार्किसगंज, कोतवाली नगर क्षेत्र के रूप में हुई।

# अच्छा लेखन उच्च शिक्षा की आधारशिला

संवाददाता, सुलतानपुर


बच्चों को सम्बोधित करते वक्ता डा. बृजेश सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग द्वारा एमए के छात्र-छात्राओं के लिए समाजशास्त्र के क्षेत्र में प्रोजेक्ट एवं असाइनमेंट लेखन का शैक्षणिक विषय पर एक दिवसीय विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने की।

डॉ. सिंह ने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक युग में गुणवत्तापूर्ण लेखन उच्च शिक्षा की आधारशिला है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि प्रोजेक्ट और असाइनमेंट को औपचारिकता न समझें, बल्कि इसे ज्ञानार्जन और शोध कौशल विकसित करने का माध्यम बनाएं। मुख्य वक्ता डॉ. अखिलेश सिंह ने कहा कि प्रोजेक्ट एवं असाइनमेंट लेखन से विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता, तार्किक सोच और शोध प्रवृत्ति का विकास होता है। विशिष्ट वक्ता डॉ. बृजेश सिंह ने कहा कि नियमित लेखन अभ्यास विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं जैसे नेट/जेआरएफ के लिए तैयार करता है तथा उनके व्यक्तित्व और आत्मविश्वास को सुदृढ़ बनाता है।

● **एक दिवसीय विशेष व्याख्यान का किया गया आयोजन**

# श्रीराम का जन्म प्रसंग सुन झूमे श्रद्धालु

द्वारिकागंज, सुलतानपुर


आरती करते आयोजक महंत रामकुमार दास। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** अयोध्या मार्ग स्थित गुप्तारगंज के मां चंडिका देवी मंदिर प्रांगण में आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा के तृतीय दिवस श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा के दौरान जगतगुरु आचार्य देवमुरारी बापू ने भगवान श्रीराम जन्म का भावपूर्ण वर्णन करते हुए कहा कि श्रीराम का अवतार मानवता के कल्याण व उद्धार को हुआ था।

उन्होंने भगवान शिव और माता पार्वती के प्रसंग का उल्लेख करते हुए बताया कि गृहस्थ जीवन में रहते हुए भी दोनों ने राम कथा को सर्वोच्च स्थान दिया। उन्होंने कहा कि पति-पत्नी का जीवन तभी सार्थक होता है, जब वे धर्म और भक्ति के मार्ग पर चलकर राम कथा का श्रवण करें। कथा के दौरान आचार्य ने बताया कि मनु और शतरूपा की कठोर तपस्या के फलस्वरूप भगवान श्रीराम का जन्म अयोध्या में हुआ। महाराज दशरथ द्वारा पुत्रेष्टि यज्ञ के आयोजन और अग्निदेव द्वारा प्रकट खीर के प्रसंग को सुनाते हुए उन्होंने कहा कि भगवान राम का जीवन मानव के लिए आदर्श चरित्र का प्रतीक है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि जीवन में चरित्र का निर्माण सबसे महत्वपूर्ण है, क्योंकि चरित्रवान व्यक्ति पर ही समाज विश्वास करता है। श्रीराम जन्मोत्सव के प्रसंग पर पूरा वातावरण भक्ति में डूब गया। श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन के साथ भगवान श्रीराम की स्तुति की और पुष्प वर्षा कर उत्सव मनाया।

● **नौ दिवसीय श्रीराम कथा के तृतीय दिवस पर उमड़ी भारी भीड़**

## नामित सभासदों का किया गया स्वागत

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचारः** नगर पंचायत सभागार में आयोजित कार्यक्रम में शासन द्वारा नामित सभासदों का स्वागत किया गया। शासन ने सुनील रावत, सीमा मोदनवाल और प्रदीप अग्रहरि को सभासद नामित किया है। कार्यक्रम में चेयरमैन आनंद जायसवाल, अधिशासी अधिकारी अमित सिंह व पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य घनश्याम चौहान ने सभी नामित सभासदों को सम्मानित किया। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष दरगाही निषाद, वीरेंद्र सिंह, उत्कर्ष मोदनवाल, शिवम सहित सभासद बृजेश सिंह, सूर्यलाल, राकेश, अज्जू व शिव यादव समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# जनगणना 2027 को लेकर फील्ड ट्रेनर्स का प्रशिक्षण शुरू

**संवाददाता सुलतानपुर, अमृत विचारः** भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना को लेकर जिले में तैयारियां तेज हो गई हैं। बुधवार को राजकीय आईटीआई पयागीपुर में फील्ड ट्रेनर्स के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम तीन बैचों में आयोजित किया जा रहा है। प्रथम बैच में 12 फील्ड ट्रेनर्स को 18 से 20 मार्च तक प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जबकि द्वितीय एवं तृतीय बैच में 35-35 ट्रेनर्स को 23 से 25 मार्च के बीच प्रशिक्षित किया जाएगा। कार्यक्रम जिला जनगणना प्रभारी कर्म सिंह की उपस्थिति एवं सहायक निदेशक रजनी शुक्ल के निर्देशन में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा संचालित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को मकान सूचीकरण, गणना प्रक्रिया, डेटा संग्रहण और प्रबंधन की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण का उद्देश्य फील्ड ट्रेनर्स को तकनीकी रूप से दक्ष बनाना है, ताकि वे अपने-अपने क्षेत्रों में जनगणना कार्य को सुचारू और सटीक रूप से संपन्न कर सकें।

● **राजकीय आईटीआई में फील्ड ट्रेनर्स का चल रहा तीन दिवसीय प्रशिक्षण**

हेराफेरी

स्थानीय थाने पर कार्रवाई नहीं होने पर पीड़ित ने ली कोर्ट की शरण

# विदेश भेजने का झांसा देकर युवक से ठगे 6 .98 लाख

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** विदेश भेजने और नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी का बड़ा मामला सामने आया है। न्यायालय के आदेश पर हलियापुर पुलिस ने एक आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है। आरोपी सलमान शेख उर्फ समीर शेख पर कुल 6,98,300 रुपये हड़पने का आरोप है।

मामला अयोध्या जनपद के कुमारगंज थाना क्षेत्र के लिलहा निवासी मो. हसीब से जुड़ा है। हसीब के अनुसार, उसकी बुआ सुलतानपुर के हलियापुर क्षेत्र में रहती हैं, जहां उनके रिश्तेदार के माध्यम से उसकी मुलाकात सलमान शेख से हुई। सलमान ने विदेश में नौकरी और वीजा बनवाने का भरोसा दिलाकर उससे 3 जुलाई से 12 अगस्त 2025 के बीच सात किस्तों में 1,10,000 रुपये फोन-पे के जरिए ले लिए। हसीब के अलावा 18 अन्य लोगों से भी आरोपी ने अलग-अलग रकम वसूली। सभी से कुल 6,98,300 रुपये अपने खाते में मंगवाए गए। आरोप है कि न तो किसी का वीजा बनवाया गया और न ही किसी को विदेश भेजा गया। जब लोगों ने पैसे वापस मांगे तो आरोपी ने गाली-गलौज कर उन्हें भगा दिया और पैसे लौटाने से साफ इनकार कर दिया। स्थानीय पुलिस से न्याय की गुहार लगाई कार्रवाई न होने पर न्यायालय की शरण ली। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश पर हलियापुर पुलिस ने मुकदमा दर्जकर जांच शुरू कर दी है।

### महिला से 3.30 लाख की साइबर ठगी, कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज

**संवाददाता, सुलतानपुर :** साइबर ठगी का एक बड़ा मामला सामने आया है, कोर्ट के आदेश पर साइबर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। कूरेभार की रहने वाली नसीबुल निशां से शातिर अपराधियों ने 3 .30 लाख रुपये ठग लिए। स्थानीय थाने पर कार्रवाई नहीं होने पर महिला ने अदालत का दरवाजा खटखटाया था। महिला के अनुसार, उसके पति सऊदी अरब में रहते हैं। उनके मोबाइल नंबर पर मैसेंजर के जरिए एक परिचित की फोटो के साथ मदद मांगने का संदेश आया। खुद को मुसीबत में बताते हुए आरोपी ने पहले 1.50 लाख रुपये और फिर 1.80 लाख रुपये की मांग की। दिए गए मोबाइल नंबर पर बात करने के बाद आरोपी ने अलग-अलग बैंक खातों में रकम ट्रांसफर करने को कहा। महिला ने बताए गए खातों बैंक ऑफ इंडिया और सेंट्रल बैंक में कुल 3 .30 लाख रुपये अपने पंजाब नेशनल बैंक खाते से ट्रांसफर कर दिए। बाद में जब पति ने पैसे वापस मांगे तो आरोपी ने और रकम की मांग की और फर्जी रसीद भेजकर गुमराह किया। जांच में पता चला कि खाते में कोई पैसा वापस नहीं आया। इस मामले में महिला ने 14 जुलाई 2025 को साइबर क्राइम प्रभारी व पुलिस अधीक्षक को रजिस्ट्री के माध्यम से शिकायत दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे परेशान होकर उसने अपर सिविल जज न्यायालय में प्रार्थना पत्र दाखिल कर एफआईआर दर्ज कराने की मांग की। महिला ने न्यायालय से अनुरोध किया है कि मामले में एफआईआर दर्ज कर पुलिस को जांच के आदेश दिए जाएं, ताकि ठगी की रकम बरामद हो सके और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो सके। साइबर थाना प्रभारी अखंडदेव मिश्रा ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

## पुस्तकालय विज्ञान के छात्रों ने भ्रमण कर सीखी नई तकनीकी

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** केएनआईपीएसएस के पुस्तकालय विज्ञान विभाग के छात्रों का तीन दिवसीय तकनीकी प्रशिक्षण टूर विभाग समन्वयक के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। छात्रों को प्रशिक्षण के लिए विभिन्न विश्वविद्यालय की सैर कराई गई। विभागीय भ्रमण बीते 15 मार्च से प्रारम्भ हुआ और 18 मार्च तक चला। विभाग समन्वयक डॉ. राजेश पाण्डेय के नेतृत्व में टूर सुलतानपुर से उत्तराखंड की ओर रवाना हुआ। टूर में आईआईटी रुड़की, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, शांतिकुंज हरिद्वार, पतंजलि विश्वविद्यालय व मदरहुड विश्वविद्यालय की सैर कराई गई। सभी जगह पर छात्रों ने प्रशिक्षण में अभिरुचि दिखाई।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मेरे पुत्र छोटे का चाल चलन व कार्य व्यवहार ठीक नही है। वह अपने नैतिक अनैतिक कार्यो का स्वयं जिम्मेदार है। गलत आचरण व कार्य व्यवहार को देखते हुए समस्त संबंध विच्छेद कर लिए है। साथ ही चल अचल संपत्ति से भी बेदखल कर रहा हूं। **रामकिशन पुत्र महादेव निवासी ग्राम-अमौली, तहसील डेरापुर, थाना रूरा, जिला कानपुर देहात।**

**सूचना**
मेरा नाम एलआईसी पॉलिसी संख्या 2369877 30 मे नाम कान्ती देवी दर्ज है। जबकि आधार कार्ड में मेरा नाम लक्ष्मी देवी पत्नी निब्बर है। दोनों नाम एक ही महिला के हैं। **लक्ष्मी देवी पत्नी निब्बर ग्राम आबर (पैगापुर), पोस्ट खजुरिया, जनपद बलरामपुर।**

**सूचना**
मैं अफसर अली पुत्र नुसरत अली निवासी सदर बाजार नई बस्ती करनैलगंज शपथपूर्वक बयान करता हूं कि मेरी जन्मतिथि 13.06.1985 है। जो आधार, पैन कार्ड में दर्ज है, पूर्णतया सत्य है। **अफसर अली पुत्र नुसरत अली सदर बाजार नई बस्ती करनैलगंज, गोण्डा।**

**सूचना**
मैने अपना नाम MOHAMMAD RIJAVAN से बदलकर MOHD RIZWAN रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/O - MOHAMMAD JAN ADD-KARANDHA, PO-SUNDHIYAMAU, DIST-BARABANKI-225305(U.P)**

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम सोनापती पत्नी रामरंग था, जबकि अभिलेखों में गंगादेई पत्नी रागरंग निवासी ग्राम व पो. गंगाजमुनी विशेश्वरगंज बहराइच है, सोनापती व गंगादेई उपरोक्त दोनों नाम एक ही महिला के हैं, अब गंगादेई के नाम से जाना जायेगा। **गंगादेई पत्नी रामरंग पोस्ट गंगाजमुनी विशेश्वरगंज बहराइच।**

**सूचना**
मैं संकठा प्रसाद पुत्र स्व. राम औतार व पत्नी चंद्रावती नि. मेहरवान खेड़ा पो. शेषपुर समोधा बछरावां, रायबरेली पुराना पता 25वाहिनी पीएसी, मालिकमऊ आईमा रायबरेली, अपने पुत्र उमेश कुमार को परिवार विरोधी व अनैतिक कृत्यों के कारण अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में मेरा व मेरे परिवार का कोई लेना देना नही होगा।

**सूचना**
सूचित हो कि पहले मेरा नाम MANGAL SINGH था से बदलकर MANGAL SINGH BARMAN रख लिया है। अब मुझे MANGAL SINGH BARMAN के नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/O-PUSU LAL ADD-E-6/399 AMRAPALI YOJNA HARDOI ROAD DUBAGGA, BARAWAN KALAN PO - BARAWAN KALAN, DIST-LUCKNOW-226101(U.P).**

**सूचना**
संघप्रिय सत्यार्थी पुत्र श्री कृष्ण सत्यार्थी निवासी 134 ब्लॉक G EWS 04 गुजैनी कानपुर नगर उपरोक्त प्रापर्टी का मूल आवंटन पत्र (28/KUDP/विक्रय/87 दिनांक 26.06.1987) एवं मूल कब्जा पत्र खो गया है जिसका प्रयोग किसी अन्य के द्वारा अवैध माना जाएगा। मो0: 9839741304

**NOTICE**
Shapathini Annu Singh, wife of Ashok Singh, is a resident of Gurudin kheda Jajamau, Unnao. Shapathini has a savings account with Indian Bank, Chamrauli, Unnao, with account number 50130673703. Shapathini's name in the account is Shail Kumari, while her Aadhaar and PAN cards show her as Annu Singh. Both Annu Singh and Shail Kumari are Shapathini's names. **Shapathini is known and referred to by both names. Annu Singh W/o Ashok Singh Gurudin kheda Jajamau aadhar number Annu singh 429408863275.**

**सूचना**
मैं FIRDOUS JAHAN RAYEEN पत्नी श्री GULAM SABIR RAYEEN, निवासी – मोहल्ला–सुटहटी, अमेठी, जिला – लखनऊ, उ0प्र0, सबको सूचित करती हूँ कि मैंने अपना नाम बदलकर FIRDOUS JAHAN W/O GULAM SABIR कर लिया है, अतः आज से मुझे FIRDOUS JAHAN W/O GULAM SABIR के नाम से जाना पहचाना व लिखा जाये।

**सूचना**
मैं GULAM SABIR RAYEEN पुत्र श्री HAJI MOHAMMAD SIDDIQUE RAYEEN, निवासी – मोहल्ला–सुटहटी, अमेठी, जिला–लखनऊ, उ0प्र0, सबको सूचित करता हूँ कि मैंने अपना नाम बदलकर GULAM SABIR S/O MOHAMMAD SIDDIQUE कर लिया है, अतः आज से मुझे GULAM SABIR S/O MOHAMMAD SIDDIQUE के नाम से जाना पहचाना व लिखा जाये।

**सूचना**
सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि मेरा नाम रणविजय सिंह पुत्र श्री शिव शंकर सिंह जन्मतिथि 15 अगस्त 1970 निवासी ग्राम पोस्ट ऑफिस रोपण छपरा तहसील सलेमपुर थाना लार देवरिया उत्तर प्रदेश 274502 का निवासी हूं मेरे पैन कार्ड संख्या PIGPS3235A में हमारा नाम रणविजय सिंह के स्थान पर सूर्य दयाल सिंह लिखा हुआ है जबकि रणविजय सिंह और सूर्य दयाल सिंह दोनों ही एक ही व्यक्ति है मेरा वास्तविक नाम रणविजय सिंह है मुझे रणविजय सिंह के नाम से जाना वह पहचान जाए।

**सूचना**
सूचित हो कि मैं रामरतन पासी पुत्र रामचरन निवासी रसीदपुर पोस्ट आशारसीदपुर तहसील सलोन जिला रायबरेली का हूं। मेरी भारतीय जीवन बीमा निगम द्वितीय रायबरेली में पालिसी संख्या, 214969854 में रामरतन पासी अंकित है। जबकि पासबुक व आधार कार्ड पर रतीराम अंकित है। उक्त दोनो नाम एक ही व्यक्ति के है जो मेरे है।

# अखिलेश-डब्बू मुलाकात के बाद मेहनौन में बढ़ी हलचल, सपा दावेदारों में खलबली

**गोंडा, अमृत विचार :** मेहनौन विधानसभा सीट पर 2027 के चुनाव से पहले समाजवादी पार्टी के भीतर टिकट को लेकर चल रही हलचल अब खुलकर सतह पर आने लगी है। जिले में सपा के संभावित दावेदारों की लंबी कतार के बीच मुजेहना ब्लॉक के पूर्व ब्लॉक प्रमुख राजेश सिंह उर्फ डब्बू सिंह की पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुंबई में हुई मुलाकात ने मेहनौन की राजनीति का तापमान बढ़ा दिया है।

सूत्रों के मुताबिक, यह मुलाकात सोमवार को अखिलेश यादव के मुंबई दौरे के दौरान हुई, जिसमें दोनों नेताओं के बीच करीब आधे घंटे तक बातचीत हुई। राजनीतिक गलियारों में इस मुलाकात को सामान्य शिष्टाचार भेंट से कहीं अधिक महत्व देकर देखा जा रहा है, क्योंकि यह ऐसे समय में हुई

- मेहनौन में सपा के टिकट की जंग तेज, राहुल शुक्ला और प्रतिभा सिंह खेमे पर टिकीं नजरें

है जब मेहनौन सीट पर सपा के भीतर दावेदारों के बीच अंदरूनी सक्रियता चरम पर है। मेहनौन विधानसभा सीट से सपाके टिकट के लिए कई नाम चर्चा में हैं। इनमें क्षेत्र से तीन बार विधायक रहीं नंदिता शुक्ला के बेटे और 2022 में सपा प्रत्याशी रहे राहुल शुक्ला, सपा के कद्दावर नेता व पूर्व विधायक स्व. रामपाल सिंह की पुत्रवधू तथा सपा महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव प्रतिभा सिंह, पुराने संगठनात्मक कार्यकर्ता सुरेश शुक्ला और जिले के पूर्व एसपी रहे महेंद्र कुमार की पत्नी कमलेश निरंजन शामिल हैं। हालांकि स्थानीय सियासी समीकरणों पर नजर रखने वाले जानकारों का मानना है


मुंबई में सपा प्रमुख अखिलेश यादव का स्वागत करते मुजेहना के पूर्व ब्लाक प्रमुख राजेश सिंह डब्बू। ● अमृत विचार

कि मौजूदा समय में मुख्य मुकाबला राहुल शुक्ला और प्रतिभा सिंह के खेमे के बीच ही दिखाई देता है। राहुल शुक्ला अपनी मां व पूर्व विधायक नंदिता शुक्ला के साथ लगातार क्षेत्र में सक्रिय हैं। वहीं, सपा महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव होने के नाते प्रतिभा सिंह न केवल मेहनौन बल्कि प्रदेश स्तर पर भी पार्टी की महिला राजनीति में मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। उनके बेटे विष्णु प्रताप सिंह भी क्षेत्र में जनसंपर्क और स्थानीय नेटवर्क को सक्रिय रखने में लगे हुए हैं। ऐसे में प्रतिभा सिंह के पति और मुजेहना के पूर्व ब्लॉक प्रमुख राजेश सिंह उर्फ डब्बू सिंह की अखिलेश यादव से मुलाकात को राजनीतिक रूप से बेहद अहम माना जा रहा है। माना जा रहा है कि इस मुलाकात में मेहनौन विधानसभा सीट की स्थिति, स्थानीय संगठनात्मक समीकरण और संभावित दावेदारी जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। डब्बू सिंह ने इस मुलाकात की तस्वीर अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा की, जिसके बाद मेहनौन क्षेत्र में राजनीतिक चर्चाओं का दौर तेज हो गया। फोटो वायरल होने के साथ ही सपा के अन्य दावेदारों और उनके समर्थकों के बीच हलचल बढ़ गई है। पार्टी कार्यकर्ताओं और स्थानीय राजनीतिक पर्यवेक्षकों के बीच अब इस मुलाकात के निहितार्थों को लेकर अलग-अलग कयास लगाए जा रहे हैं।

### औपचारिक मुलाकात या टिकट की रणनीति?

**गोंडा, अमृत विचार :** हालांकि प्रतिभा सिंह की ओर से इस मुलाकात को औपचारिक बताया जा रहा है, लेकिन राजनीतिक जानकार इसे केवल शिष्टाचार मुलाकात मानने को तैयार नहीं हैं। वजह साफ है। जैसे-जैसे 2027 का चुनाव नजदीक आएगा, वैसे-वैसे सपा के भीतर टिकट के दावेदार अपनी-अपनी राजनीतिक पैरवी और संगठनात्मक ताकत का प्रदर्शन तेज करेंगे। ऐसे में पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से किसी भी दावेदार या उसके करीबी की सीधी मुलाकात को स्वाभाविक रूप से राजनीतिक संकेत के तौर पर देखा जाता है। खासकर तब, जब सीट पर पहले से कई मजबूत चेहरे मैदान में हों और जातीय, पारिवारिक, संगठनात्मक तथा क्षेत्रीय प्रभाव जैसे समीकरण बराबरी से काम कर रहे हों।

### मेहनौन में चढ़ा सियासी पारा

**गोंडा, अमृत विचार :** यह कहना जल्दबाजी होगी कि सपा मेहनौन से किस चेहरे पर दांव लगाएगी, लेकिन इतना तय है कि डब्बू सिंह और अखिलेश यादव की इस मुलाकात ने मेहनौन विधानसभा क्षेत्र में सपा की आंतरिक राजनीति को नई दिशा दे दी है। आने वाले महीनों में क्षेत्रीय सक्रियता, संगठनात्मक मजबूती, जनसंपर्क और शीर्ष नेतृत्व तक पहुंच इन्हीं चार कसौटियों पर दावेदारों की राजनीतिक ताकत तौली जाएगी। लेकिन फिलहाल, इस एक मुलाकात ने इतना जरूर कर दिया है कि मेहनौन सीट पर सपा के टिकट की जंग अब और ज्यादा दिलचस्प हो गई है।

# नवरात्र आज से, सज गए मां के दरबार

## पूर्व संध्या पर जिले की विभिन्न बाजारों में श्रद्धालुओं ने की पूजन सामग्री की खरीदारी

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार :** गुरुवार से वासंतिक नवरात्रि का पर्व प्रारंभ हो रहा है। नवरात्र में घर-घर मां दुर्गा विराजेंगी उनकी और उनके नौ स्वरूपों की पूजा की जाएगी। नवरात्र को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है। बुधवार को पूरे दिन लोग खरीदारी में जुटे रहे। बाजारों में चुनरी, नारियल व अन्य पूजन सामग्री की बिक्री होती रही।

नवरात्र को लेकर देवी मंदिरों समेत जिले भर के मंदिरों में विशेष सजावट की गई है। शहर के काली भवानी मंदिर, खैरा देवी मंदिर, उमरी बेगमगंज के मां बाराही देवी मंदिर, मनकापुर के बानगढ़ देवी मंदिर व मेहनौन के माता पटमेश्वरी देवी


खैरा भवानी मंदिर।

मंदिर में शनिवार को साफ सफाई कराई गई। मंदिर परिसर में पूजन सामग्री की दुकानें सज गई हैं। चारो तरफ नवरात्रि का उल्लास दिखाई दे रहा है। गुरुवार से शुरू होने वाला पर्व 27 मार्च को रामनवमी के साथ संपन्न होगा। ज्योतिषाचार्यों के मुताबिक, इस बार मां दुर्गा पालकी पर सवार होकर आ रही हैं। नवरात्र पर्व को लेकर बाजार में जबरदस्त भीड़ रही। दुकानों पर लोगों ने पूजन सामग्री के अलावा नारियल, चुनरी व व्रत में खाए जाने वाले खाद्य पदार्थों की खरीदारी की। शहर के पीपल तिराहा, चौक बाजार, रानी बाजार आदि इलाकों में ग्राहकों की भारी भीड़ रही।

### इस समय करें कलश की स्थापना

नवरात्र की शुरुआत कलश स्थापना से होती है। ज्योतिषाचार्य पंडित हरिशचंद्र तिवारी ने बताया कि प्रतिपदा तिथि 19 मार्च को सुबह 06:52 बजे से प्रारंभ होकर 20 मार्च को सुबह 04:52 बजे समाप्त होगी। उदया तिथि के अनुसार कलश स्थापना 19 मार्च को होगी। इस दिन चंद्रमा मीन राशि के उत्तरा भाद्रपद नक्षत्र में रहेंगे, जिससे सर्वार्थ सिद्धि योग बनेगा। कलश स्थापना के लिए 19 मार्च को सुबह 06:52 बजे से सुबह 10:13 बजे तक का मुहूर्त श्रेष्ठ है। इसके अतिरिक्त, अभिजित मुहूर्त दिन में 11:50 बजे से दिन में 12:38 बजे तक भी शुभ रहेगा।

### पालकी पर सवार होकर आ रहीं मां

ज्योतिषाचार्य के अनुसार इस वर्ष मां दुर्गा पालकी पर सवार होकर आ रही हैं। उन्होंने बताया कि मां दुर्गा का पालकी पर आना यह दर्शाता है कि इस वर्ष लोगों की भावनाएं अधिक संवेदनशील हो सकती हैं। समाज में सहानुभूति, करुणा और आध्यात्मिक झुकाव बढ़ सकता है। यह पर्व शक्ति साधना का सबसे महत्वपूर्ण समय माना जाता है।

# चूल्हे की आंच में पक रहा मध्याह्न भोजन

**तरबगंज, गोंडा, अमृत विचार:** परिषदीय विद्यालयों में रसोई गैस की कमी ने मिड-डे मील व्यवस्था को प्रभावित कर दिया है। कई स्कूलों में बच्चों का भोजन अब चूल्हों पर तैयार किया जा रहा है।

बुधवार को की गई पड़ताल में सामने आया कि ग्राम पंचायत नारायणपुर स्थित जूनियर हाईस्कूल में पिछले एक सप्ताह से भोजन चूल्हे पर पकाया जा रहा है। प्रधानाध्यापक अमित कुमार यादव ने बताया कि सिलेंडर खत्म होने के बाद यह व्यवस्था अपनानी पड़ी है। इसी तरह प्राथमिक विद्यालय गांधी चबूतरा, नारायणपुर में भी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। प्रधानाध्यापक राम बहादुर ने बताया कि विद्यालय को मिले दो एलपीजी सिलेंडर अब खत्म


चूल्हे पर बनता मिड डे मील।

होने की कगार पर हैं। स्कूल में 126 बच्चे पंजीकृत हैं और एक-दो दिन में यहां भी चूल्हे पर ही भोजन बनाना पड़ेगा। विद्यालयों में गैस सिलेंडर की अनियमित आपूर्ति के कारण समस्या बढ़ रही है, जिससे न केवल मिड-डे मील योजना प्रभावित हो रही है, बल्कि रसोइयों लिए असुविधा और स्वास्थ्य जोखिम भी बढ़ रहा है।

# नवोदय प्रवेश परीक्षा में चमके पूरे अर्जुन वैश्य के नौनिहाल


उत्कर्ष सिंह। लक्ष्य सिंह। आस्था आर्या। आरोही गौतम। महक।

**बेलसर, गोंडा, अमृत विचार:** बेलसर के प्राथमिक विद्यालय पूरे अर्जुन वैश्य के पांच बच्चों ने नवोदय प्रवेश परीक्षा में चयनित होकर स्कूल का नाम रोशन किया है। चयनित विद्यार्थियों में आस्था आर्य, आरोही गौतम, महक, अनिकेत सिंह तथा उत्कर्ष सिंह शामिल हैं। विद्यालय परिवार ने चयनित बच्चों को बधाई दी। इंचार्ज प्रधानाध्यापक दिलीप सिंह तथा सहायक अध्यापक अनिल उपाध्याय व नंद किशोर ने इसे बच्चों की लगन और विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक वातावरण का परिणाम बताया। शिक्षकों ने कहा कि विद्यालय की इस उपलब्धि से न केवल शिक्षकों का उत्साह बढ़ा है, बल्कि क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों को भी आगे बढ़ने की नई प्रेरणा मिली है।

# फर्नीचर टेंडर घोटाले में जिला समन्वयक गिरफ्तार

संवाददाता, गोंडा

- स्कूलों में फर्नीचर आपूर्ति के नाम पर 2 लाख कमीशन लेने का आरोप

**अमृत विचार :** जिले में परिषदीय विद्यालयों में डेस्क फर्नीचर आपूर्ति के नाम पर कमीशन मांगने के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जिला समन्वयक (निर्माण) विद्याभूषण मिश्रा को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। जांच पड़ताल के बाद उन्हे कोर्ट में पेश किया गया जहां से उन्हे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

मंगलवार की देर शाम कोतवाली पुलिस उन्हें जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय से उठा ले गई थी जहां भ्रष्टाचार से जुड़े मामले में उनसे देर रात तक पूछताछ की जाती रही। पूछताछ के बाद बुधवार को उनकी गिरफ्तारी दिखाई गयी। यह कार्रवाई फर्नीचर आपूर्ति टेंडर में कथित कमीशनखोरी और अनियमितताओं के गंभीर आरोपों के बीच की गई है। मामला नीमन सिटिंग सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के संचालक मनोज कुमार पांडेय की शिकायत पर दर्ज हुआ था।

शिकायत के आधार पर एंटी करप्शन कोर्ट गोरखपुर के आदेश पर बीते 4 नवंबर को नगर कोतवाली में निलंबित पूर्व बीएसए अतुल कुमार तिवारी, जिला समन्वयक (जेम पोर्टल) प्रेमशंकर मिश्रा तथा जिला समन्वयक (निर्माण) विद्याभूषण मिश्रा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता का आरोप है कि करीब 15 करोड़ रुपये के फर्नीचर आपूर्ति कार्य के एवज में अधिकारियों ने 15 प्रतिशत कमीशन की मांग की थी, जो लगभग 2.25 करोड़ रुपये बैठता है। आरोप है कि संबंधित अधिकारियों ने 50 लाख रुपये अग्रिम भी मांगे थे। मनोज पांडेय का दावा है कि निलंबित बीएसए अतुल कुमार तिवारी ने 22 लाख रुपये, जबकि विद्याभूषण मिश्रा और प्रेमशंकर मिश्रा ने 2-2 लाख रुपये की रकम ली थी। शिकायत में यह भी कहा गया है कि रकम लेने के बावजूद उनकी फर्म को कार्य आवंटित नहीं किया गया और बाद में कंपनी को ब्लैकलिस्ट कर दिया गया। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही थी। इस कार्रवाई के बाद पूरे मामले ने जिले के शिक्षा विभाग में हलचल मचा दी है। फिलहाल मामले की जांच सीओ नगर आनंद राय कर रहे हैं। हाल ही में समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री के स्तर से भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों में सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे, जिसके बाद पुलिस ने यह कार्रवाई की है। नगर कोतवाल विंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि विद्याभूषण मिश्रा को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया जहां से उन्हे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# वाराणसी की टीम बनी चैंपियन

**ओपन स्टेट सीनियर महिला फुटबॉल प्रतियोगिता**

**गोंडा, अमृत विचार :** खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश एवं जिला प्रशासन गोंडा के तत्वावधान में आयोजित ओपन स्टेट सीनियर महिला फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला बुधवार को हुआ।

फाइनल मुकाबला वाराणसी और प्रयागराज के बीच खेला गया, जिसमें वाराणसी की टीम ने 3-0 से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष अकबाल बहादुर तिवारी रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी देवीपाटन


जीत के बाद कप प्राप्त करती खिलाड़ी। ● अमृत विचार

मंडल अनिमेष सक्सेना उपस्थित रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। मैच में कमिश्नर के रूप में अयूब शाह ने भूमिका निभाई, जबकि निर्णायक मंडल में मनोज तिवारी, अशोक सिंह, विनय कुमार, मोहम्मद आकिब, मेहरुद्दीन, संजय सिंह, कु. शालिनी, कविता पटेल, कल्पना कुमारी एवं रियाज अहमद शामिल रहे। इस अवसर पर भाजपा उपाध्यक्ष राजेश चंदानी, नीरज मौर्य, महामंत्री विष्णु प्रताप सिंह सहित स्टेडियम का समस्त स्टाफ एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

# ट्रक चालक पर लकड़ी बेचने का आरोप

**इटियाथोक, गोंडा, अमृत विचार :** पांडे पूर्व पारसराय निवासी लकड़ी ठेकेदार मोहम्मद सोहेल ने ट्रक चालक व अन्य पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। पीड़ित के अनुसार उन्होंने 121 कुंतल लकड़ी एक ट्रक पर लोड कर बिक्री के लिए भेजी थी। आरोप है कि ट्रक चालक ने मिलीभगत कर रास्ते में लकड़ी बेच दी, जिसकी कुल कीमत 81,385 रुपये बताई जा रही है। इस संबंध में मोहम्मद सोहेल ने इटियाथोक थाने में प्रार्थना पत्र देकर ट्रक मालिक विवेक सिंह, चालक विकास कुमार तथा ठेकेदार छोटेलाल के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल, एक गंभीर

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** गोंडा-अयोध्या मार्ग पर मंगलवार देर शाम पिकअप चालक की लापरवाही से सड़क हादसा हो गया। पिकअप ने पहले एक ऑटो को टक्कर मारी, जिसके बाद पीछे चल रहा बाइक सवार भी ऑटो से जा भिड़ा। हादसे में एक महिला समेत तीन लोग घायल हो गए, जिनमें एक की हालत गंभीर है।

घटना शोभापुर गांव के पास की है। गोंडा की ओर से आ रहे ऑटो को पिकअप ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद पीछे चल रहा बाइक सवार संतुलन खो बैठा और ऑटो में पीछे से जा टकराया। लोगों ने घायलों को सीएचसी पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने बाइक सवार को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायलों में ऑटो सवार वजीरगंज थाना क्षेत्र के अनुभुला निवासी अमित और नवाबगंज सीएचसी में तैनात एएनएम किरन सिंह शामिल हैं। बाइक सवार की पहचान समाचार लिखे जाने तक नहीं हो सकी है। ऑटो चालक को मामूली चोटें आई हैं। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मिल गई है। गंभीर रूप से घायल बाइक चालक को जिला अस्पताल भेजा गया है।

**वन जगत**

भारत में होती हैं दुनियाभर में सर्पदंश से सबसे ज्यादा मौतें, अंधविश्वास के कारण पीड़ित की झाड़-फूंक कराना भी एक प्रमुख कारण

# विषधर नहीं होते अधिकांश सांप, पारिस्थितिकी तंत्र में निभाते हैं अहम भूमिका

अभिषेक दूबे, नेचर क्लब गोंडा

**अमृत विचार :** सांपों का नाम सुनकर ही अधिकांश लोग सिहर जाते हैं। इसका कारण भी है क्योंकि दुनियाभर में सर्पदंश से सबसे ज्यादा मौतें भारत में होती हैं। सर्पदंश से होने वाली मौतों का और सांपों से डर का एक बड़ा कारण अंधविश्वास भी है। अधिकांश सांप विषधर नहीं होते, लेकिन सांपों के पहचान की कमी और प्रकृति से दूरी के कारण विषहीन सांप भी लोगों को भयभीत कर देता है। सर्पदंश के उपरांत अंधविश्वास वाले झाड़फूंक के कारण भी सर्पदंश पीड़ित की मौत हो जाती है।

दुनिया भर में सांपों की करीब 4000 प्रजातियां पाई जाती हैं जिनमें सिर्फ 600 प्रजातियां विषधर हैं। विषधर सांपों में भी लगभग 200


कॉमन करैत अत्यंत विषधर।


भारतीय नाग अत्यंत विषधर।

सांप ही अत्यंत विषधर हैं। करीब 400 प्रजातियां अल्पविषधर हैं अर्थात उनके विष से मनुष्य की जान नहीं जाती। गोण्डा में भी सांपों की लगभग 20 प्रजातियां पाई जाती हैं जिनमें 3 अत्यंत विषधर हैं और 2 अल्प विषधर हैं। अत्यंत विषधर सांपों में भारतीय नाग जिसे फेंटरा, गेहुअन भी करते हैं, कॉमन करैत जिसे घोरकरायट या लोहारिन कह देते हैं और रशेल वाइपर है जिसे चित्ती कहते हैं। अल्प विषधर सांपों में कॉमन कैट स्नेक और फोस्टर्न कैट स्नेक हैं जो काफी कम ही दिखते हैं। इसके अतरिक्त धामिन (ओरिएंटल रैट स्नेक), अजगर (इंडियन रॉक पाइथन), मटियारी सांप (कॉमन सैंड बोआ और रेड सैंड बोआ), कॉमन वुल्फ स्नेक, बैर्ड वुल्फ स्नेक, कॉमन कुकरी स्नेक, मजगिधवा/पनिहा (चेकर्ड कीलबैक), डोंड़हा (बफ़ स्ट्रिप्ड कीलबैक), ब्राह्मणी ब्लाइंड स्नेक आदि पाए जाते हैं। सांप हमारे दुश्मन नहीं हैं। उन्हें भी ईश्वर ने ही बनाया है और पारिस्थितिकी तंत्र में चूहों, मेढक, छिपकली, छोटे स्तनधारी प्राणियों को खाकर वे प्रकृति में संतुलन बनाने और हमारे अनाज की रक्षा का कार्य करते हैं। कानून में भी वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत सांप को मारने पर 7 वर्ष के कारावास और जुर्माना, दोनों हो सकता है।

**अंधविश्वास :** 1. कॉमन वुल्फ स्नेक को सभी लोग चीतर कहते हैं और अत्यंत विषधर मनाते हैं जबकि वो एकदम विषहीन सांप है जिसकी लंबाई 15 सेमी से 2 फीट तक दिखती है, दीवारों पर चढ़ने में माहिर होता है, रात्रिचर है। 2. लोग कहते हैं कि धामिन यदि अपनी पूंछ मार दे तो वह अंग सड़ने लगता है। यह भी सिर्फ अंधविश्वास है। 3. कॉमन सैंड बोआ को लोग दोमुंहा सांप भी कहते हैं जबकि किसी भी सांप के दो मुंह नहीं होते, बस इसके मुंह और पूंछ एक जैसे दिखते हैं। 4. लोग कहते हैं कि सांप जोड़े में रहते हैं और बदला लेते हैं। यह भी अंधविश्वास है। नर और मादा सांप सिर्फ प्रजनन के लिए संपर्क में आते हैं और वे किसी से बदला नहीं लेते। 5. झाड़फूंक आदि से लोग सर्पदंश का उपचार कराते हैं जबकि सांप के विष की एकमात्र दवा स्नेक एंटीवेनम है जो सरकारी जिला अस्पताल और पीएचसी पर नि:शुल्क उपलब्ध होती है।

### सर्पदंश होने पर क्या करें

सर्पदंश होने पर पीड़ित को तुरंत लेट जाना चाहिए और अतिशीघ्र नजदीकी जिला अस्पताल या पीएचसी पहुंचना चाहिए। कोशिश करें कि आधे घंटे के भीतर अस्पताल पहुंच जाएं ताकि एंटीवेनम सही समय पर मिल सके। सर्पदंश होने पर झाड़फूंक या निजी क्लीनिक पर जाकर समय न गंवाएं। सांप को पकड़ने की आवश्यकता नहीं होती, सांप की एक तस्वीर ले सकें तो ठीक होगा अन्यथा लक्षण के अनुसार चिकित्सक एंटीवेनम दे देते हैं। ध्यान रहे कि विषधर सांप भी हमेशा ज्यादा विष नहीं डालते क्योंकि विष उनके लिए मूल्यवान होता है। कई बार सांप सिर्फ दांत गड़ाते हैं, कभी हल्का विष ही डालते हैं और कभी ज्यादा। अत: एक बार दंश होने पर सांप से दूर हो जाएं अन्यथा दूसरे दंश में ज्यादा विष डालने की संभावना होती है।

### घर में सांप निकलने पर क्या करें

सांप दिखते ही दूरी बनाते हुए उसकी तस्वीर ले लें ताकि यदि सांप ओझल भी हो जाए, तो भी किसी जानकार से उसकी पहचान जान सकें। यदि सांप विषहीन है तो घबराने की बात नहीं और यदि विषधर है तो सांप पकड़ने में कुशल व्यक्ति या वन विभाग की मदद लें। यदि विषहीन सर्प है तो किसी डंडे से उठाकर स्वयं उसे बाहर कर सकते हैं। सांप की पहचान जानने को नेचर क्लब गोण्डा को 8090858671 पर उसकी तस्वीर वॉट्सएप करें।

### सर्पदंश से मौत प्राकृतिक आपदा

यदि सर्पदंश से किसी की मौत होती है तो प्रदेश सरकार उसे प्राकृतिक आपदा की श्रेणी में रखती है और उसपर 4 लाख का मुआवजा भी देती है। ऐसी मौत होने पर शव का पोस्टमार्टम आवश्यक है। उसके उपरांत लेखपाल के माध्यम से मुआवजे का प्रार्थना पत्र दिया जा सकता है।

## खरगूपुर में सजा बालाजी का भव्य दरबार

**खरगूपुर, गोंडा, अमृत विचार :** श्री बालाजी सेवा समिति के तत्वावधान में मंगलवार देर शाम भंडारा व रात्रि जागरण का आयोजन किया गया। गांधी चौराहा स्थित शिव मंदिर परिसर में आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम में घाटा मेंहदीपुर बालाजी का आकर्षक दरबार सजाया गया। कार्यक्रम के दौरान लखनऊ म्यूजिकल ग्रुप द्वारा प्रस्तुत श्री गणेश, हनुमान, काली माता, राधा-कृष्ण, शिव तांडव, अघोरी एवं खाटू श्याम की मनमोहक झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। कलाकारों की प्रस्तुतियों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। बुधवार सुबह बालाजी की आरती के बाद श्रद्धालुओं को 56 भोग प्रसाद वितरित किया गया। पूरे आयोजन के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था के लिए प्रभारी निरीक्षक शेषमणि पांडे सहित अन्य पुलिस कर्मी मुस्तैद रहे।

## किसान मेले में आधुनिक तकनीकों पर जोर


मेला का निरीक्षण करते उप गन्ना आयुक्त डॉ. आरबी राम व डीसीओ सुनील कुमार सिंह।

**कटरा बाजार, गोंडा, अमृत विचार :** राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत मैजापुर चीनी मिल के सभागार में जनपदस्तरीय किसान मेला एवं कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उप गन्ना आयुक्त देवीपाटन डॉ. आरबी राम ने फीता काटकर किया। मेले में इफको, कृभको, नेटजेन, दयाल सहित गन्ना विभाग द्वारा स्टॉल लगाए गए, जिनका उप गन्ना आयुक्त ने निरीक्षण किया। गोष्ठी के दौरान कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को गन्ना उत्पादन बढ़ाने के लिए आधुनिक तकनीक एवं वैज्ञानिक पद्धतियों की जानकारी दी। केवीके गोपाल ग्राम के विशेषज्ञ डॉ. मिथलेश कुमार झा ने कृषि यंत्रीकरण पर प्रकाश डाला, जबकि डॉ. चंद्रमणि त्रिपाठी ने मृदा स्वास्थ्य के महत्व को बताया। डॉ. राम लखन यादव ने वैज्ञानिक खेती अपनाने की सलाह दी। मनकापुर चीनी मिल के प्रबंधक सुरेन्द्र सिंह ने गन्ने की उन्नत किस्मों की पहचान की जानकारी दी। उपायुक्त गन्ना ने किसानों को वैज्ञानिक विधि अपनाने का सुझाव दिया। कार्यक्रम में एसडीएम करनैलगंज नेहा मिश्रा ने प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया। इस अवसर पर डीडी कृषि प्रेम कुमार, जिला उद्यान अधिकारी रश्मि शर्मा, जिला गन्ना अधिकारी सुनील कुमार सिंह, मुकेश झुनझुनवाला, उपमहाप्रबंधक गन्ना पी.के. प्रभात, सौरभ गुप्ता, श्री प्रकाश सिंह, सीपी सिंह, संजय मिश्र, बालेंद्र सिंह, अवधेश तिवारी, विश्राम सागर गोस्वामी, बलदेव राज पासवान, कन्हैया लाल पाण्डेय उपस्थित रहे।

## किसान सभा ने एडीएम को सौंपा ज्ञापन

**गोंडा, अमृत विचार :** किसान सभा ने बुधवार को एडीएम आलोक कुमार को सात सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन जिलाध्यक्ष दीनानाथ त्रिपाठी, मंत्री अरुण त्रिपाठी तथा राज्य कमेटी सदस्य राम किशोर के नेतृत्व में दिया गया। ज्ञापन में गेहूं खरीद केंद्रों पर पारदर्शिता सुनिश्चित करने। नहरों की सफाई की जांच कराकर सिंचाई व्यवस्था को सुचारु रूप से चालू कराने, नलकूप खंड द्वारा नालियों के निर्माण में हुई अनियमितताओं की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। इस मौके पर राम किशोर भारती, मोहम्मद हुसैन, अरविंद पांडेय, संदीप पांडेय, प्रगति त्रिपाठी, रघुवर दयाल सिंह, शमीम, मोहित तिवारी, राम गोपाल, विवेक पांडेय सहित कई कार्यकर्ता मौजूद

## ईद व नवरात्र को लेकर हुई पीस कमेटी की बैठक

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** बुधवार को कोतवाली परिसर में ईद व नवरात्र पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। गुरुवार से शुरू हो रहे नवरात्र तथा शुक्रवार व शनिवार को पड़ने वाले ईद पर्व को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड में दिखा। सीओ अभिषेक दावाच्या व नायब तहसीलदार राम प्रकाश पाण्डेय की अध्यक्षता में आयोजित बैठक का संचालन प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र प्रताप राय ने किया। अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की। बैठक में चौकी प्रभारी शिवनाथ, चेयरमैन प्रतिनिधि रामजीलाल मोदनवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष गिरि, लिपिक आशीष सिंह, प्रधान राहुल सिंह, राकेश मोहन तिवारी, मुफीस खान, बृहस्पति दुबे, मोहम्मद अहमद, शिव पूजन गोस्वामी, रमेश ओझा, शशांक सिंह, चंद्रपाल शर्मा, धर्मपाल सिंह, जमील राइनी, इबरार खान, कन्हैया लाल वर्मा, सोनू पुरवार, मोहम्मद साबिर, गुफरान अंसारी आदि मौजूद रहे।

## अंकेक्षक बनाए जाने के विरोध में प्रधानाचार्य परिषद ने दिखाए बगावती तेवर

**गोंडा, अमृत विचार :** परिषदीय उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन में जनपद के प्रधानाचार्यों को अंकेक्षक बनाए जाने के आदेश ने शिक्षा विभाग में नया विवाद खड़ा कर दिया है। प्रधानाचार्य परिषद ने इस नियुक्ति को पदानुकूल गरिमा के प्रतिकूल बताते हुए विरोध दर्ज कराया है और कहा है कि कोई भी प्रधानाचार्य अंकेक्षण कार्य नहीं करेगा। परिषद के जिलाध्यक्ष धर्मवीर सिंह और जिला मंत्री सहदेव सिंह ने इस संबंध में जिला विद्यालय निरीक्षक को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि प्रधानाचार्यों को परिषदीय उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन में अंकेक्षक के रूप में नियुक्ति पत्र दिया गया है, जिससे पूरे प्रधानाचार्य वर्ग में नाराजगी है। जिलाध्यक्ष का कहना है कि जल्द समाधान नहीं निकला तो परिषदीय उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य प्रभावित हो सकता है।

## पेंशनर्स कल्याण संस्था की बैठक में कार्यकारिणी भंग

**गोंडा, अमृत विचार :** बुधवार को पेंशनर कक्ष में पेंशनर्स कल्याण संस्था की जिला शाखा की बैठक/अधिवेशन हुआ। बैठक में संस्था के प्रांतीय अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्निहोत्री, कार्यकारी अध्यक्ष आनंद प्रकाश श्रीवास्तव, महामंत्री ओमकार नाथ तिवारी एवं प्रांतीय कोषाध्यक्ष एस.के. मल्होत्रा की उपस्थिति रही। इसी क्रम में जनपद अध्यक्ष केबी सिंह ने वर्तमान कार्यकारिणी को भंग करने की घोषणा की। इसके पश्चात प्रांतीय अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्निहोत्री की अध्यक्षता में उपस्थित सदस्यों से हाथ उठाकर राय ली गई कि क्या वे वर्तमान कार्यकारिणी से संतुष्ट हैं और उसे आगे भी जारी रखना चाहते हैं। इस पर उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से हाथ उठाकर अपनी सहमति व्यक्त की। सदस्यों की सहमति के आधार पर प्रांतीय पदाधिकारियों ने वर्तमान कार्यकारिणी को ही पुन: आगे के लिए चयनित घोषित कर दिया।

## डीआईओएस ने मूल्यांकन केंद्रों का किया निरीक्षण

**गोंडा, अमृत विचार :** जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. रामचंद्र ने जनपद के विभिन्न मूल्यांकन केंद्रों का भ्रमण कर मूल्यांकन कार्य का जायजा लिया। उन्होंने राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह इंटर कॉलेज, स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज व पीएम श्री फखरुद्दीन अली अहमद राजकीय इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज में डॉ. रामचंद्र ने परीक्षकों को निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षक निर्धारित समय के भीतर मूल्यांकन कार्य पूर्ण करें। माध्यमिक शिक्षक संघ के मंडलीय अध्यक्ष अजीत सिंह ने मूल्यांकन केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था पर जोर देते हुए कहा कि परीक्षकों के लिए पेयजल आदि की कमी नहीं होनी चाहिए और उप नियंत्रक इस पर विशेष ध्यान दें।

## स्कूलों में हुई सामाजिक विषय व अंग्रेजी की परीक्षा

**गोंडा, अमृत विचार :** जिले के 2609 परिषदीय विद्यालयों में चल रही वार्षिक परीक्षा के तीसरे दिन बुधवार को पहली पाली में सामाजिक विषय व दूसरी पाली में अंग्रेजी विषय की परीक्षा हुई। इसी क्रम में उच्च प्राथमिक विद्यालय बेलवा नोहर में बीईओ भूषण पांडे ने निरीक्षण कर परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान द्वितीय पाली में विद्यालय के 160 नामांकित छात्र-छात्राओं में से 156 बच्चे परीक्षा देते मिले। उन्होंने परीक्षा कक्षों में जाकर सीटिंग प्लान का अवलोकन किया और नकलविहीन परीक्षा सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। परीक्षा प्रभारी मनोज कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि विद्यालय में नामांकित 160 विद्यार्थियों में से 156 बच्चों ने परीक्षा में प्रतिभाग किया। प्रथम पाली में कक्षा 6, 7 और 8 के विद्यार्थियों की सामाजिक विषय की परीक्षा कराई गई, जबकि द्वितीय पाली में अंग्रेजी विषय की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। इस मौके पर महेश कुमार, अखिलेश कुमार एवं अखिलेंद्र सिंह व अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

## मामूली विवाद में खूनी संघर्ष, 10 पर हत्या के प्रयास का केस

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के राधा नगर परसा गोडरी में मांगलिक कार्यक्रम के दौरान रंजिश व वर्चस्व की लड़ाई में दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। हमले में एक युवक के सिर पर लोहे की रॉड से वार किया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर 10 नामजद आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। भवानी प्रसाद शर्मा व अनूप शर्मा बीते शनिवार रात गांव में बरही कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। आरोप है कि रात करीब 11:30 बजे पहले से घात लगाए बैठे विपक्षी मनीष शर्मा, चंदन शर्मा, विनय शर्मा सहित 10 लोगों ने लाठी-डंडा, फरसा, तलवार व लोहे की रॉड से हमला कर दिया। शिकायत के मुताबिक हमलावरों ने अभद्रता करते हुए अनूप शर्मा को घेर लिया और मनीष शर्मा ने लोहे की रॉड से उनके सिर पर प्रहार कर दिया, जिससे वह लहूलुहान होकर बेहोश हो गए। बीच-बचाव करने पहुंचे भवानी प्रसाद शर्मा को भी पीटा गया। कोतवाल नरेंद्र प्रताप राय ने बताया कि हत्या के प्रयास समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# देवीपाटन मेला : आज से दर्शनार्थियों की जुटेगी भीड़

## सभी प्रवेश द्वारों पर मेटल डिटेक्टर और स्कैनर लगाए गए, रंग-बिरंगी झालरों से की गयी है मंदिर परिसर की सजावट

चैत्र नवरात्र

संवाददाता, बलरामपुर



देवीपाटन शक्तिपीठ के गर्भगृह में स्थापित मां पाटेश्वरी की प्रतिमा। ● अमृत विचार



चैत्र नवरात्र मेले के लिए सजा देवी पाटन धाम। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** चैत्र नवरात्र में देवीपाटन धाम में लगने वाले राजकीय मेले की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। मेले का शुभारंभ गुरुवार से होगा। मेले को इस बार और अधिक सुव्यवस्थित, सुरक्षित और आकर्षक बनाने के लिए प्रशासन और मंदिर प्रबंधन ने संयुक्त रूप से विशेष इंतजाम किए हैं।

मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी विद्युत झालरों से सजाया गया है जिससे रात के समय पूरा क्षेत्र आलोकित होकर श्रद्धालुओं को भव्य और मनमोहक दृश्य प्रदान करेगा। वहीं समय माता स्थल को भी विशेष रूप से सजाया गया है और यहां टेंट की व्यवस्था की गई है। पंचमी तिथि पर यहीं सिद्ध पीठ रत्ननाथ की शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया जाएगा।

मेले में आधुनिक सुविधाओं का भी ध्यान रखा गया है। श्रद्धालुओं के लिए पांच एलसीडी स्क्रीन लगाई गई हैं। जिन पर रामायण और महाभारत का प्रसारण किया जाएगा जिससे धार्मिक वातावरण और भी सजीव बनेगा।

महिलाओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सूरजकुंड पर चार चेंजिंग रूम बनाए गए हैं ताकि स्नान के बाद उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो। सुरक्षा व्यवस्था को भी इस बार काफी मजबूत किया गया है। मंदिर में प्रवेश और निकास के लिए अलग-अलग मार्ग निर्धारित किए गए हैं।

मुख्य द्वार और सूरजकुंड से प्रवेश जबकि मुंडन स्थल और सेवाश्रम चिकित्सालय के पास निकास की व्यवस्था की गई है। सभी प्रवेश द्वारों पर मेटल डिटेक्टर और स्कैनर लगाए गए हैं और बिना जांच के किसी को प्रवेश नहीं मिलेगा। महिलाओं की जांच के लिए अलग से टेंट लगाए गए हैं।

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मेले में खोया-पाया केंद्र, स्वास्थ्य शिविर, टीकाकरण, पेयजल और सुरक्षा संबंधी सेवाएं भी उपलब्ध रहेंगी। मंदिर महंत मिथिलेश नाथ योगी के अनुसार इस बार प्रशासन के सहयोग से मेले को अधिक व्यवस्थित और सुरक्षित बनाने के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं, जिससे श्रद्धालुओं को बेहतर अनुभव मिल सके।

### 51 शक्तिपीठों में है मुख्य स्थान

जनपद में स्थित देवीपाटन मंदिर एक प्रसिद्ध सिद्ध शक्तिपीठ स्थान है। जिसका देशभर में फैले 51 शक्तिपीठों में मुख्य स्थान है। पौराणिक कथाओं के अनुसार सती ने अपने पिता प्रजापति दक्ष के यज्ञ में अपने पति महादेव का स्थान न देखकर क्रोधित होकर अपने प्राण त्याग दिए थे। इस घटना से नाराज होकर भगवान शिव ने यज्ञ को नष्ट कर दिया। और सती के शव को अपने कंधे पर रखकर तीनों लोक में घूमने लगे। तब भगवान विष्णु ने सती के शव के विभिन्न अंगों को अपने चक्र से काट-काटकर भिन्न-भिन्न स्थानों पर गिरा दिया। मान्यता है कि देवी पाटन में सती का वाम स्कन्ध पाटम्बर अंग गिरा था, जिसके कारण यह स्थान देवी पाटन के नाम से प्रसिद्ध हुआ। भगवान शिव की आज्ञा से महायोगी गुरु गोरखनाथ ने सर्वप्रथम देवी की पूजा-अर्चना के लिए एक मठ का निर्माण कराया और स्वयं लम्बे समय तक पूजा करते हुए साधनारत रहे। हिंदुओं के लिए देवी पाटन एक महत्वपूर्ण तीर्थ स्थल है। जहां लाखों श्रद्धालु प्रतिवर्ष दर्शन और पूजा करने आते हैं। यह स्थान न केवल एक सिद्ध शक्तिपीठ है, बल्कि योगपीठ भी है, जहां गुरु गोरखनाथ ने अपनी तपस्या की थी। देवीपाटन का दूसरा नाम पातालेश्वरी देवी भी है। कहा जाता है कि माता सीता यहीं पर धरती-माता की गोद में बैठकर पाताल में समा गयी थीं। मंदिर के गर्भगृह में पहले कोई प्रतिमा नहीं थी। बीच में एक गोल चांदी का चबूतरा था। वो अब भी है, जिसके नीचे सुरंग ढकी हुई है। मंदिर प्रांगण में उत्तर दिशा में सूर्यकुण्ड है। जनश्रुतियों के अनुसार सूर्यपुत्र महारथी कर्ण ने यहां परशुराम से धनुर्वेद की शिक्षा ली थी। लोगों का मानना है कि जलकुंड में स्नान करने से कुष्ठ रोग तथा चर्मरोग ठीक हो जाते हैं।

## छापेमारी में अवैध पैथोलॉजी सेंटर सीज



अवैध पैथोलॉजी सेंटर सीज करते स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी।

**बलरामपुर, अमृत विचार :** अवैध रूप से संचालित पैथोलॉजी सेंटरों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। इसी क्रम में श्रीदत्तगंज क्षेत्र स्थित एक पैथोलॉजी एवं एक्स-रे सेंटर पर छापेमारी कर उसे सीज कर दिया ।

यह कार्रवाई सीएमओ डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी के निर्देश पर एसीएमओ डॉ. संतोष कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा की गई। निरीक्षण के दौरान कई अनियमितताएं सामने आईं, जिनमें बिना पंजीकरण के कार्य करना और अप्रशिक्षित कर्मचारियों द्वारा जांच कार्य कराए जाना शामिल है। जांच में यह भी पाया गया कि केंद्र पर कार्यरत व्यक्ति का नाम आधिकारिक अभिलेखों में दर्ज नहीं था, जो नियमों का उल्लंघन है। इस लापरवाही को गंभीर मानते हुए टीम ने तत्काल सेंटर को सीज करते हुए आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## एईएस की दस्तक से स्वास्थ्य महकमा अलर्ट

**गोंडा, अमृत विचार :** जिले में एक्यूट इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम, एईएस की शुरुआती दस्तक ने स्वास्थ्य विभाग की चिंता बढ़ा दी है। आमतौर पर सितंबर से नवंबर के बीच सक्रिय रहने वाली यह गंभीर बीमारी इस बार मार्च में ही सामने आने से अधिकारियों के होश उड़ गए हैं। सप्ताह भर पहले दो किशोरियों में एईएस की पुष्टि होने के बाद सतर्कता बढ़ा दी गई है।

मेडिकल कॉलेज के बाल रोग विशेषज्ञ की निगरानी में दोनों किशोरियों का उपचार किया गया, स्वस्थ होने पर उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया। सीएमओ के निर्देश पर जिले के सभी 16 सीएचसी के अधीक्षकों को निगरानी के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही पीएचसी पर मरीजों के उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है। चेतावनी दी गई कि बिना कारण मरीजों को रेफर करने की शिकायत पर संबंधित जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सर्वोपरि

- पालिका अध्यक्ष ने विकास कार्यों का किया निरीक्षण



निर्माणाधीन बुद्धा पार्क का निरीक्षण करते नगरपालिका अध्यक्ष व अन्य।

**बलरामपुर, अमृत विचार :** आदर्श नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह 'धीरू' ने नगर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर उनकी प्रगति, गुणवत्ता और पारदर्शिता का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी परियोजनाएं निर्धारित मानकों के अनुरूप, समयबद्ध और उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराई जाएं।

निरीक्षण के क्रम में अध्यक्ष ने झारखंडी सरोवर, रानी तालाब स्थित शिव मंदिर, श्री हनुमान मंदिर, चौक बाजार के घंटाघर तथा माया होटल के निकट स्थित बुद्धा पार्क सहित अन्य प्रमुख स्थलों का दौरा किया। उन्होंने निर्माण कार्यों में उपयोग हो रही सामग्री की गुणवत्ता, तकनीकी मानकों और कार्यप्रणाली की बारीकी से समीक्षा की। डॉ. सिंह ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और निर्माण कार्यों में पारदर्शिता के साथ गुणवत्ता सर्वोपरि रखी जाए। उन्होंने कहा कि नगर के विकास के साथ-साथ उसकी सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक धरोहरों का संरक्षण भी पालिका की प्राथमिकता है। उन्होंने दोहराया कि जनहित, विरासत संरक्षण और सतत विकास के प्रति पालिका प्रतिबद्ध है। नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रयास जारी रहेंगे। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी लाल चंद्र मौर्य, जेई सिविल अवनीश यादव, जेई जल धर्मेंद्र गौड़, सफाई निरीक्षक दिवाकर पांडेय, राजस्व निरीक्षक राजेश कुमार सहित कई अन्य अधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

नगर प्रशासन के इस सक्रिय रुख से स्पष्ट है कि विकास कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्धता को लेकर पूरी टीम सजग है।

## जनगणना महत्वपूर्ण प्रक्रिया : डीएम



जनगणना के फील्ड ट्रेनर्स को संबोधित करते डीएम और अन्य अधिकारी।

**बलरामपुर, अमृत विचार :** जनगणना 2027 के प्रथम चरण को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से फील्ड ट्रेनर्स के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विकास भवन स्थित जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी विपिन कुमार जैन ने किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना देश की सबसे महत्वपूर्ण सांख्यिकीय प्रक्रिया है, जिसके आधार पर विकास योजनाओं की रूपरेखा तैयार की जाती है। उन्होंने बताया कि जनगणना 2027 पूरी तरह डिजिटल माध्यम से कराई जाएगी, जिससे आंकड़ों के संकलन और विश्लेषण में पारदर्शिता और सटीकता सुनिश्चित होगी।

उन्होंने जानकारी दी कि प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना की जाएगी। इस दौरान नागरिकों को स्व-गणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) का विकल्प भी दिया गया है, जिसके तहत 7 मई से 21 मई 2026 के बीच लोग स्वयं अपनी जानकारी डिजिटल माध्यम से दर्ज कर सकेंगे। इसके बाद 22 मई से 20 जून 2026 तक प्रगणक एवं सुपरवाइजर घर-घर जाकर डेटा संग्रह करेंगे। जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण की गुणवत्ता पर विशेष जोर देते हुए कहा कि सटीक और विश्वसनीय आंकड़ों के लिए प्रशिक्षित मानव संसाधन बेहद जरूरी है। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) एवं जिला जनगणना अधिकारी ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपद के मास्टर ट्रेनर चंद्र मणि मिश्र और गोविंद कुमार (डायट प्रवक्ता) द्वारा फील्ड ट्रेनर्स को डिजिटल एप्लिकेशन, डेटा संग्रह, सत्यापन प्रणाली और अन्य तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी जा रही है।

## कई किसानों को नहीं मिला भुगतान

- धान बेचने वाले किसानों के 28790.65 लाख रुपये फंसे
- 1.20 लाख मीट्रिक टन खरीदा गया था किसानों से धान

**गोंडा, अमृत विचार :** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत समर्थन मूल्य योजना के तहत जनपद में धान खरीद सत्र का समापन हो गया। लेकिन अब भी करोड़ों रुपए किसानों के फंसे हुए हैं। भुगतान राशि खातों में न पहुंचने से अन्नदाता परेशान है।

आंकड़ों के अनुसार जिले में निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष अधिक धान की खरीद की गई। 1,18,000 मीट्रिक टन के लक्ष्य के मुकाबले 1,20,513.64 मीट्रिक टन धान खरीदा गया, जो लक्ष्य का 102.13 प्रतिशत है। जिले में कुल 118 क्रय केंद्र स्वीकृत थे, जिनमें से 117 केंद्रों पर खरीद हुई। इस दौरान जिले के 18,328 किसानों से धान खरीदा गया। अब तक 26,939.72 लाख रुपये का भुगतान किसानों के खातों में भेजा जा चुका है, जो कुल देय भुगतान का करीब 95 प्रतिशत है। एजेंसीवार आंकड़ों के अनुसार खाद्य विभाग ने 41,961.09 मीट्रिक टन धान की खरीद की, जो लक्ष्य का 95.37 प्रतिशत है। एफसीआई, भारतीय खाद्य निगम ने 11,485.61 मीट्रिक टन धान खरीदा गया, जो लक्ष्य का 76.57 प्रतिशत है। पीसीएफ ने 37,755.02 मीट्रिक टन धान की खरीद कर 104.88 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की। वहीं यूपीएसएस उत्तर प्रदेश सहकारी संघ ने 22,911.66 मीट्रिक टन धान खरीदकर 134.77 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया। भारतीय खाद्य निगम की नामित एजेंसी द्वारा 2,563.44 मीट्रिक टन धान की खरीद की गई।

खरीद सत्र का समापन 28 फरवरी को हो गया, लेकिन अभी भी काफी संख्या में ऐसे किसान हैं जिनको भुगतान नहीं किया जा सका। नियम के मुताबिक भुगतान 48 घंटे में हो जाना चाहिए था लेकिन अफसर का कहना है कि तकनीकी समस्याओं की वजह से कई किसानों का भुगतान फसा हुआ है। खरीद से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि किसानों के समस्याओं के निस्तारण के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है जिन लोगों का भुगतान अभी तक खाते में नहीं पहुंचा है उनका जल्द ही पहुंच जाएगा। जिला खाद्य विपणन अधिकारी एनके पाठक ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप पारदर्शी व्यवस्था के तहत धान खरीद कराई गई है। अधिकतर किसानों का भुगतान कर दिया गया है। करीब 95 फ़ीसदी किसानों का भुगतान हो गया है, शेष भुगतान भी जल्द किसानों के खातों में भेज दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस वर्ष जिले में धान खरीद लक्ष्य से अधिक हुई है। उन्होंने बताया कि अब गेहूं खरीद को लेकर तैयारी की जा रही है। गेहूं क्रय केंद्र का भी संचालन शुरू कराया जाएगा।

### सीएमओ ने निरीक्षण कर परखीं स्वास्थ्य सेवाएं



स्वास्थ्य सेवाओं की हकीकत परखते सीएमओ और अन्य अधिकारी।

**बलरामपुर, अमृत विचार :** विकास खंड श्रीदत्तगंज के ग्राम पिपरी कोल्हुई में आयोजित ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस (वीएचएनडी) का मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का जायजा लिया। प्रोजेक्ट संवर्द्धन के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया गया। निरीक्षण के दौरान एएनएम वंदना मौर्या द्वारा 13 गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच की गई, जबकि 12 बच्चों का नियमित टीकाकरण किया गया। साथ ही किशोरियों को पोषण, एनीमिया से बचाव और व्यक्तिगत स्वच्छता के संबंध में परामर्श दिया गया। उन्होंने कहा कि वीएचएनडी ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने का प्रभावी माध्यम है। इस दौरान डॉ. आनंद त्रिपाठी सहित अन्य स्वास्थ्य अधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### भारत-नेपाल सीमा पर बढ़ी सतर्कता

**बलरामपुर, अमृत विचार :** जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में जनपदीय पुलिस और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की संयुक्त टीम द्वारा भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में सघन पैदल गश्त अभियान चलाया गया। इस दौरान पटौली नाका और हरैया क्षेत्र में पुलिस व एसएसबी की टीमों ने संवेदनशील स्थानों, भीड़भाड़ वाले इलाकों और अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विशेष सतर्कता बरतते हुए लगातार निगरानी की। सीमावर्ती गांवों में गश्त करते हुए संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की गहन जांच भी की गई। इसके साथ ही सीमा से सटे गांवों की ग्राम सुरक्षा समितियों और संभ्रांत नागरिकों को भी सचेत किया गया कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या व्यक्ति की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई कर असामाजिक तत्वों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। पुलिस प्रशासन का कहना है कि इस प्रकार के संयुक्त गश्त अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे, जिससे सीमा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और अधिक मजबूत की जा सके।

### युवा महोत्सव में एमएलके कॉलेज का परचम शगुन पाठक पोस्टर मेकिंग में अव्वल



प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी। ● अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** मस्ती की पाठशाला-2026 में एमएलके पीजी कॉलेज बलरामपुर के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन कर संस्थान का नाम रोशन किया। प्रयागराज स्थित एस.एस. खन्ना गर्ल्स डिग्री कॉलेज में आयोजित इस युवा महोत्सव में बीएड प्रथम वर्ष की छात्रा शगुन पाठक ने पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया। महोत्सव में कॉलेज के छात्रों ने लोकगीत, नाटक, वाद-विवाद, क्षणिका, एक मिनट प्रतियोगिता, स्टैंडअप कॉमेडी, फेस पेंटिंग और पोस्टर मेकिंग सहित विभिन्न विधाओं में प्रतिभाग किया। नाटक "डिग्री है पर नौकरी नहीं" के प्रभावी मंचन के लिए टीम को द्वितीय स्थान मिला, जबकि लोकगीत टीम ने भी द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग में वंदना पांडे तृतीय रहीं। प्राचार्य प्रो. जे.पी. पांडे ने कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिक्षकों ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी।

### सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने पर लाभार्थी सम्मानित



लाभार्थी को योजना का चेक वितरित करते जनप्रतिनिधि। ● अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** प्रदेश सरकार के नवनिर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और नागरिकों ने मुख्यमंत्री का वर्चुअल संबोधन सुना। कार्यक्रम में विधायक पल्टूराम, विधायक कैलाश नाथ शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी तथा नगर पालिका अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह 'धीरू' सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं चेक वितरित किए। साथ ही योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। पत्रकार वार्ता में विधायक पल्टूराम ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार के नेतृत्व में जनपद तेजी से विकास की ओर अग्रसर है। उन्होंने कानून व्यवस्था में सुधार, महिला सुरक्षा, युवाओं के रोजगार एवं कौशल विकास के क्षेत्र में हुए कार्यों को प्रमुख उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। इस अवसर पर जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन, मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

बढ़ी चहल-पहल

बाजारों में खरीदारी के लिए उमड़ रही है भीड़

## ईद की दस्तक से गुलजार हुए बाजार

उतरौला, बलरामपुर



एक दुकान पर उमड़ी खरीदारों की भीड़। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** पवित्र रमज़ान माह के 28 रोज़े पूरे होते ही उतरौला नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में ईद की तैयारियां तेज़ हो गई हैं। ईद से पहले के अंतिम दिनों में खरीदारी के चलते बाजारों में भारी भीड़ उमड़ रही है। कपड़ा, कॉस्मेटिक और अन्य दुकानों पर लोगों की खासी भीड़ देखी जा रही है, जहां परिवार के साथ पहुंचकर लोग खरीदारी को अंतिम रूप दे रहे हैं।

अधिकांश लोगों ने कपड़ों की खरीदारी पूरी कर ली है, जबकि अब इत्र, टोपी, मेहंदी, चूड़ियां, जूते-चप्पल और अन्य जरूरी सामानों की खरीदारी जोरों पर है। महिलाओं और बच्चों में खास उत्साह नजर आ रहा है, जिससे बाजारों की रौनक बढ़ गई है। रमज़ान के अंतिम दिनों में इबादत के साथ-साथ जरूरतमंदों की मदद का सिलसिला भी जारी है। लोग फितरा अदा कर गरीबों को कपड़े और जरूरी सामान वितरित कर रहे हैं, ताकि हर कोई ईद की खुशियों में शामिल हो सके। वहीं रमज़ान के विदा होने का समय करीब आने पर रोज़ेदार भावुक भी दिख रहे हैं। यह महीना भाईचारे, प्रेम और इंसानियत का संदेश देता है।

### रहमत व बरकत का महीना है रमजान



नूरुद्दीन इस्माइली।

स्थानीय निवासी प्रिंसिपल नुरुद्दीन इस्माइली ने बताया कि रमज़ान का महीना रहमत, बरकत और फ़ज़ीलत से भरपूर होता है। इस महीने में किए गए नेक कामों का सवाब कई गुना बढ़ जाता है, इसलिए लोग ज्यादा से ज्यादा इबादत और दान-पुण्य में लगे रहते हैं।

## एएसपी ने किया कंट्रोल रूम का निरीक्षण

**गोंडा, अमृत विचार :** अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत ने यूपी 112 कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने कंट्रोल रूम की कार्यप्रणाली, कॉल रिसीविंग और डिस्पैच सिस्टम का गहन अवलोकन किया तथा मौजूद कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

एएसपी ने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि प्रत्येक कॉल पर त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि आम जनता को समय पर सहायता मिल सके। उन्होंने कॉल करने वाले लोगों से शालीनता और संवेदनशीलता के साथ व्यवहार करने पर जोर दिया। खासतौर पर महिलाओं और बच्चों से जुड़ी शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही उन्होंने पीआरवी पुलिस रिस्पांस व्हीकल के रिस्पांस टाइम को और बेहतर बनाने की आवश्यकता पर बल दिया।

**कार्यालय आदर्श नगर पंचायत पयागपुर जनपद- बहराइच।**

पत्रांक-219/रा0वि0आ0/नि0का0/ई-टेण्डर/न0प0प0/2026 दिनांक - 10 मार्च 2026

**ई-निविदा सूचना**

नगर पंचायत पयागपुर कार्यालय के पत्रांक- 218/रा0वि0आ0/नि0का0/ई-टेण्डर/न0प0प0/2026 दिनांक 10 मार्च 2026 द्वारा राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत 36 निर्माण कार्यो हेतु आनलाइन निविदायें ई-टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in पर दिनांक 16.03.2026 को अपरान्ह 2:30 बजे से दिनांक 16.04.2026 को अपरान्ह 3:30 बजे तक निर्माण कार्यो के लिए वर्ष 2025-26 में समस्त सरकारी/अर्ध सरकारी विभागों मे A, B, C, एंव D (निविदा सीमा रू0 40.00 लाख तक अथवा रू0 40.00 से अधिक) श्रेणी में पंजीकृत अनुभवी ठेकेदारों/फर्मो से प्रतिशत दर के आधार पर निम्नलिखित नियम एंव शर्तो के अधीन आमन्त्रित की जाती है। उक्त अवधि में ही ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदायें ई-टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in पर डाउनलोड करके अपलोड की जा सकती है। कार्य की स्वीकृत लागत के सापेक्ष रू0 40.00 लाख तक 10 प्रतिशत जमानत धनराशि एवं रू0 40.00 लाख के पश्चात कार्य की लागत की अवशेष धनराशि के सापेक्ष 05 प्रतिशत जमानत धनराशि एफ0डी0आर0/टी0डी0आर0/सी0डी0आर0/एन0एस0सी0 के रूप में जमा कराना होगा। निविदा मूल्य आर0टी0जी0एस0/नेफ्ट के माध्यम से ही नगर पंचायत पयागपुर जनपद बहराइच के भारतीय स्टेट बैंक शाखा सोहरियावां में एस0एफ0सी0 नगर पंचायत पयागपुर (STATE FINANCE COMMISSON NAGAR PANCHAYT PAYAGPUR) के नाम से संचालित बचत खाता संख्या- 39299996124 IFS code SBIN0009394 में जमा की जायेगी। इसके अतिरिक्त जमानत धनराशि बैंक/डाक घर द्वारा निर्गत एफ0डी0आर0/टी0डी0आर0/सी0डी0आर0/एन0एस0सी0 के रूप में जो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत पयागपुर के पदनाम से बंधक हो, टेण्डर के साथ जमा की जा सकती है। किन्तु निविदा मूल्य आनलाइन आर0टी0जी0एस0/नेफ्ट के माध्यम से ही उक्त वर्णित खाते में जमा किया जाना अनिवार्य होगा। आनलाइन अपलोड की गयी निविदा से सम्बंधित अभिलेखों (जैसे जमानत धनराशि/निविदा मूल्य जमा रसीद, हैसियत / चरित्र प्रमाण पत्र/ पंजीकरण/अनुभव प्रमाण पत्र इत्यादि) को ई-टेण्डर पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य है। अपलोड की गयी निविदाओं की तकनीकी बिड दिनांक 16/04/2026. को अपरान्ह 4:00 बजे आनलाइन खोली जायेगी। अपलोड की गयी ई-निविदाओं में से किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त किये जाने का अधिकार अध्यक्ष, नगर पंचायत पयागपुर को होगा। तकनीकी बिड में अर्ह पाये गये निविदादाताओं की ही वित्तीय निविदायें आनलाइन ई-टेण्डर पोर्टल पर खोलने हेतु अपलोड की जायेंगी। कार्य का विवरण, अनुमानित लागत, धरोहर राशि/जमानत धनराशि निविदा मूल्य सहित विवरण ई-टेण्डर पोर्टल पर उपलब्ध है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत पयागपुर**
**जनपद-बहराइच।**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत पयागपुर**
**जनपद-बहराइच।**

# समय माता मंदिर लोगों के लिए बना श्रद्धा का केंद्र

## चैत्र नवरात्र पर्व: आस्था की शक्ति और श्रद्धा का चमत्कार देखने के लिए उमड़ेगा भक्ति का सैलाब

पयगपुर (बहराइच)

**अमृत विचार।** गुरुवार से शुरू हो रहे चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर देवी मंदिरों में आस्था का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। जनपद के पयागपुर क्षेत्र स्थित पैतौ रा चौराहे के पास स्थापित 'समय माता मंदिर' इन दिनों श्रद्धालुओं के लिए अटूट श्रद्धा का केंद्र बना हुआ है। गोंडा-बहराइच मार्ग पर स्थित इस सिद्ध पीठ की महिमा ऐसी है कि यहां केवल स्थानीय ही नहीं, बल्कि दूर-दराज से भी भक्त अपनी झोली फैलाने पहुंच रहे हैं।



क्रांतिवीर मिश्र, पुजारी।



मंदिर में सजी समय माता की प्रतिमा।

मंदिर की सबसे अनूठी परंपरा यहा की परिक्रमा है। मुख्य पुजारी क्रांतिवीर मिश्र बताते हैं कि, "जो भी भक्त सच्चे मन से हाथ में लौंग लेकर माता की 108 परिक्रमा करता है, उसकी हर जायज मुराद माता रानी अवश्य पूरी करती हैं।" चैत्र नवरात्र के नौ दिनों में यहां सुबह से लेकर देर रात तक 'जय माता दी' के जयघोष और वैदिक मंत्रोच्चार से वातावरण गुंजायमान रहता है।

**एक स्वप्न से शुरू हुई भक्ति की लौ:** इस सिद्ध पीठ का इतिहास साक्षात् ईश्वरीय संकेत से जुड़ा है। बताया जाता है कि लगभग 90-100 वर्ष पूर्व स्थानीय निवासी रामदास को माता ने स्वप्न में दर्शन देकर नीम के पेड़ के पास अपनी मौजूदगी का आभास कराया था। जब रामदास ने उस स्थान की सफाई की, तो वहां एक प्राचीन 'पिंडी' प्रकट हुई।



बैठक में मौजूद एसडीएम अखिलेश कुमार सिंह व अन्य अधिकारी।

**आपसी सौहार्द एवं भाईचारे के साथ मनाएं त्योहार : एसडीएम, कैसरगंज (बहराइच):** कैसरगंज थाना परिसर में उपजिलाधिकारी अखिलेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में पेश इमामों की एक बैठक आयोजित हुई। बैठक मे उपजिलाधिकारी अखिलेश कुमार सिंह ने कहा कि सभी त्योहार आपसी भाईचारे और शांति का संदेश देते हैं, इसलिए इन्हें मिल-जुलकर मनाएं और प्रशासन का सहयोग करें। क्षेत्राधिकारी धीरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने सुरक्षा पर जोर देते हुए अफवाहों से बचने और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना देने की अपील की। खंड विकास अधिकारी सचिन भारती ने सामाजिक समन्वय पर बल दिया, जबकि अधिशासी अधिकारी शिवम द्विवेदी ने नगर में साफ-सफाई व अन्य व्यवस्थाएं बेहतर रखने का आश्वासन दिया। थानाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ला ने सभी से सहयोग की अपील की।उन्होने कहा कि ईद व चैत्र नवरात्र आपसी सहयोग व सौहार्द से मनाये।इस मौके पर एसएसआई वीरेंद्र मिश्रा मौलाना खालिद, आदि रहे।

### त्योहार मनाने वाले लोगों को कोई दिक्कत न हो: जिलाधिकारी



केंद्रीय शांति समिति की बैठक में मौजूद अधिकारी व अन्य।

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** आगामी ईद-उल-फितर व नवरात्र पर सभी व्यवस्थाओं को पहले से ही दुरुस्त कर लिया जाए, ताकि त्योहार मनाने वाले लोगों को किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत न होने पाए। जिलेवासियों ने सौहार्द का परिचय देकर जैसे सभी तीज-त्योहारों को शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया है, वैसे ही आशा है कि सभी लोग आपस में सहयोग करते हुए हिल-मिलकर इस वर्ष भी ईद के त्योहार को शान्तिपूर्ण ढंग से मनायेंगे। यह बातें बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित केन्द्रीय शान्ति समिति की बैठक में डीएम अश्विनी कुमार पाण्डेय ने कहीं। उन्होने कहा कि कोई भी ऐसा काम या नई परम्परा न कायम किया जाए, जिससे अमन-चैन में बाधा उत्पन्न होने की आशंका हो। सभी लोग शान्तिपूर्ण ढंग से त्योहार सम्पन्न कराने में जिला प्रशासन का सहयोग करें। नवरात्र को देखते हुए देवी मन्दिरों पर विशेष सफाई की व्यवस्था रखी जाए। नवरात्र प्रारम्भ होने से पूर्व ही ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित देवी मन्दिरों पर साफ-सफाई के लिए डीपीआरओ एवं नगरीय क्षेत्रों में स्थापित देवी मन्दिरों पर साफ-सफाई के लिए ईओ को निर्देशित किया। इसके साथ ही डीएम ने पेयजल, सहित अन्य व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने का निर्देश दिया, ताकि श्रृद्धालुओं को कोई दिक्कत न हो। बैठक में एएसपी मुकेश चन्द्र उत्तम, एडीएम अमरेन्द्र कुमार वर्मा, एसडीएम इकौना पीयूष जायसवाल, भिनगा आशीष भारद्वाज, जमुनहा एसके राय, सभी सीओ, ईओ भिनगा डॉ अनीता शुक्ला सहित सभी विभागीय अधिकारी व दोनों समुदायों के प्रबुद्धजन व धर्मगुरू मौजूद रहे।

# अनियंत्रित ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, मां व बेटे की मौत

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** बहराइच-नानपारा मार्ग पर स्थित मटेरा चौराहे के पास बुधवार की सुबह एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार पति, पत्नी व उनका दो साल का बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे स्थानीय पुलिस ने सभी को इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, जहां पर मां व बच्चे की मौत हो गई।

हरदी थाना क्षेत्र का रहने वाला सोनू निषाद बुधवार को अपनी पत्नी मंगला व दो साल के बेटे शिवा को बाइक से लेकर मटेरा से बहराइच की ओर आ रहा था। जब वह लोग मटेरा चौराहे के पास पहुंचे तभी नानपारा से बहराइच जा रहे अनियंत्रित ट्रक ने पीछे से बाइक में टक्कर मार दी , हादसे में महिला व बच्चा गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची मटेरा पुलिस ने दोनो को इलाज के लिए रिसिया स्वास्थ्य केंद्र भेजा जहां पर परीक्षण के बाद चिकित्सकों ने दोनो को मृत घोषित कर दिया।

वहीं थाना प्रभारी मटेरा हरिकेश सिंह ने बताया कि वाहन को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।



शिवा व मंगला की फाइल फोटो।

**अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर एक अधेड़ की मौत, बहराइच:** नानपारा कोतवाली के जागीर गांव में मंगलवार रात एक अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हुए 50 वर्षीय समोखन पुत्र पुत्ती लाल की बुधवार सुबह मौत हो गई। सूचना मिलने पर जंगली नाथ चौकी इंचार्ज राम प्रवेश पाण्डेय मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली।

समोखन मंगलवार रात करीब 11 बजे मटेरा थाना क्षेत्र के लालपुर से छत पर शटरिंग का काम करके पैदल अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से चोटिल हो गए। स्थानीय लोगों ने समोखन को एक निजी चिकित्सक के पास उपचार करवाया और फिर उन्हें घर वापस ले आए। हालांकि, बुधवार सुबह उनकी मृत्यु हो गई। चौकी इंचार्ज राम प्रवेश पाण्डेय ने मौके पर पहुंचकर परिजनों से पूछताछ की।

## न्यूज ब्रीफ

### कच्ची शराब समेत युवक गिरफ्तार

**जरवल रोड (बहराइच) :** थाना जरवल रोड पुलिस ने अवैध कच्ची शराब के खिलाफ अभियान चलाते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति परसा नहर की तरफ से बरवलिया बंधा की ओर कच्ची शराब लेकर जा रहा है। सूचना पर उपनिरीक्षक शिवम कुमार काजिया अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और बताए गए स्थान के पास घेराबंदी कर संदिग्ध व्यक्ति को रोक लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम देशराज पुत्र मंगरे, निवासी मल्लाहनपुरवा थाना जरवल रोड, उम्र करीब 52 वर्ष बताया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक सफेद रंग की प्लास्टिक की केन बरामद हुई, जिसमें कच्ची शराब भरी हुई थी।

### विवाद में दबंगों ने दंपति को पीटा

**जरवल रोड (बहराइच) :** थाना जरवल रोड क्षेत्र के ग्राम गूलरिया धनराजपुर में किराए के मकान को लेकर हुए विवाद में दबंगों द्वारा दंपति की पिटाई का मामला सामने आया है। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित अजमत पुत्र फजल हक ने बताया कि वह गांव में किराए के मकान में रहता है। 16 मार्च की सुबह करीब 9 बजे मकान मालिक पक्ष के अकील, शकील और उनके परिजनों से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। आरोप है कि इसी दौरान विपक्षियों ने मकान खाली करने का दबाव बनाया। पीड़ित के अनुसार, जब उसने कुछ समय मांगा तो आरोपी आगबबूला हो गए और गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट करने लगे। शोर सुनकर बीच-बचाव करने आई उसकी पत्नी को भी आरोपियों ने पीट दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने थाना जरवल रोड में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है।

### लक्ष्य के लिए ठोस रणनीति बनाएं शिक्षक

**कैसरगंज (बहराइच) :** न्याय पंचायत वैरीमहेशपुर अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय शाहपुर रसूलपुर में मासिक शिक्षक संकुल बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित खंड शिक्षा अधिकारी जितेंद्र बहादुर चौधरी ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए निपुण लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु ठोस, सुनियोजित एवं परिणामोन्मुख कार्ययोजना बनाने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए सतत एवं व्यापक मूल्यांकन, नवाचार आधारित शिक्षण पद्धतियाँ तथा शिक्षकों की सक्रिय एवं सकारात्मक सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे शिक्षण कार्य में निरंतर नवाचार अपनाएं। बैठकमें उमेश कुमार पांडे ,गुरुदेव दूबे , हरिशंकर पाण्डेय, भागवत प्रसाद सौरभ मिश्रा, राम गोविंद यादव, सहित न्याय पंचायत के सभी शिक्षक, शिक्षामित्र रहे।

### दुर्लभ गिद्ध मिला उड़ने में असमर्थ

**जरवलरोड (बहराइच) :** सपसा गांव स्थित एक विद्यालय के पास पिछले एक दिन से गिद्ध प्रजाति का एक दुर्लभ पक्षी दिखाई दे रहा है, जो उड़ने में असमर्थ प्रतीत हो रहा है। यह पक्षी आसपास ही चहलकदमी करता नजर आ रहा है, जिससे स्थानीय लोगों में चिंता व्याप्त है। ग्रामीणों के अनुसार पक्षी घायल या कमजोर लग रहा है, जिसके चलते वह उड़ान नहीं भर पा रहा है। मामले की सूचना समाजसेवी कौशल किशोर सिंह द्वारा वन विभाग को देकर सहायता की गुहार लगाई गई है। स्थानीय लोगों ने अपील की है कि वन विभाग की टीम के पहुंचने तक कोई भी व्यक्ति पक्षी को परेशान न करे और उसकी सुरक्षा में सहयोग करें।

# पयागपुर में हो रहे कार्यों में मानक और गुणवत्ता की उड़ रहीं धज्जियां

- आक्रोशित जनता के विरोध पर एसडीएम ने की जांच

पयागपुर (बहराइच)

**अमृत विचार।** इन दिनों आदर्श नगरपंचायत पयागपुर क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों में मानक एवं गुणवत्ता की जमकर उड़ाई जा रही है। रेलवे क्रॉसिंग के पार बन रहे सड़क किनारों पर चल रहे घटिया कार्य के चलते आक्रोशित जनता ने विरोध करते हुए एसडीएम अश्विनी पांडेय को इसकी जानकारी दी। इस पर एसडीएम ने निर्माण कार्य रुकवाते हुए जांच हेतु नमूने की ईंटें साथ लेकर गए हैं। उन्होंने मामले की जांच करवाकर दोषियों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

गौरतलब है कि आदर्श नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 8 में रेलवे क्रासिंग से पैतोरा मोड़ तक सड़क किनारे इंटरलॉकिंग लगाने का कार्य हो रहा है। बुधवार को ठेकेदार द्वारा बगैर जे एस बी गिट्टी डाले एजिंग का कार्य किया जा रहा था।एजिंग में भी घटिया किस्म की पीली ईट का प्रयोग किया जा रहा था। मसाले के रूप में प्रयोग की जाने वाली सामग्री भी मानक विहीन थी। मजे की बात तो यह हैं कि हो रहे कार्यों की देखभाल करने के लिए जे ई भी मौके पर तकनीकी सलाह के लिए नहीं आते। स्थानीय लोगों ने घटिया कार्य का विरोध किया।थोड़ी देर में वार्ड सभासद रंजीत चौहान भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने भी कार्य को बेहद घटिया और गुणवत्ता विहीन माना।लोगों ने अवर अभियंता विवेक पाठक को सूचना दी उन्होंने तत्काल काम रोक देने का निर्देश दिया। लोगों की शिकायत पर उपजिलाधिकारी अश्विनी पांडेय ने मौके पर पहुंच जांच की और कार्य को गलत मानते हुए नमूने के रूप में प्रयुक्त हो रही ईट भी अपने साथ लेकर गए है। उन्होंने जेएसबी गिट्टी डाल कर सतह मजबूत करने के बाद ही एजिंग और इंटरलॉकिंग लगाने की सख्त हिदायत दी है। अन्यथा पेमेंट रोक देने सहित कड़ी कार्यवाही की चेतावनी दी है।

# प्रदेश सरकार के नौ वर्ष पूरे होने पर प्रदर्शनी व मेले का हुआ आयोजन

- भाजपा जिलाध्य व जिलाधिकारी ने दीप प्रज्ज्वलित कर की कार्यक्रम की शुरुआत

संवाददाता, श्रावस्ती

**अमृत विचार।** प्रदेश सरकार के ''नव निर्माण के नौ वर्ष'' के पूर्ण होने पर बुधवार को कलेक्ट्रेट के तथागत हाल में नौ दिवसीय प्रदर्शनी व मेले का अआयोजन किया गया। इसकी शुरूआत भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मिश्रीलाल वर्मा, डीएम अश्विनी कुमार पाण्डेय, सीडीओ शाहिद अहमद व एडीएम अमरेन्द्र कुमार वर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

इस दौरान ग्राम विकास विभाग, पंचायती राज विभाग, पूर्ति विभाग, शिक्षा विभाग, समाज कल्याण, पुलिस विभाग, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, नगर पंचायत, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों के स्टॉल का निरीक्षण किया। साथ ही आयुष्मान भारत योजना के सात लाभार्थियों, आयुष्मान कार्ड एवं निक्षयमित्र पहल अभियान के तहत पांच मरीजों को पोषण किट का वितरण किया। इस दौरान स्थानीय कलाकार राजकुमार व एडीएम के आशुलिपिक केके वैश्य ने भक्तिगीत प्रस्तुत किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि सरकार देश व प्रदेश के विकास को नई दिशा दे रही है। मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में विगत 9 वर्षो में प्रदेश की अर्थव्यवस्था और इन्फ्रास्ट्रक्चर को लगातार मजबूती प्रदान की जा रही है। डीएम ने सरकार के ''नव निर्माण के नौ वर्ष'' पूर्ण होने पर जिले के नौ वर्षो की उपलब्धियों की जानकारी दीं कार्यक्रम का संचालन आपदा विशेषज्ञ अरूण कुमार मिश्र ने किया। इस मौके पर कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एसडीएम प्रवीण यादव, सीएमओ डॉ एके सिंह, सीएमएस डॉ राजपाल सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ. अमरनाथ यति सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी व काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।



मरीज को टीबी किट देते डीएम व भाजपा जिलाध्यक्ष। अमृत विचार

### बाराबंकी-बहराइच 4-लेन हाईवे को मंजूरी

**जरवलरोड (बहराइच)।** केंद्र सरकार ने उत्तर प्रदेश में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा फैसला लेते हुए बाराबंकी-बहराइच 4-लेन हाईवे परियोजना को मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में लगभग 6,969 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली इस 102 किलोमीटर लंबी सड़क परियोजना को हरी झंडी दी गई। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जानकारी देते हुए बताया कि इस हाईवे के निर्माण से लखनऊ से बहराइच तक की यात्रा पहले की तुलना में काफी सुगम और तेज हो जाएगी। साथ ही बाराबंकी और आसपास के क्षेत्रों को भी बेहतर कनेक्टिविटी का लाभ मिलेगा। यह परियोजना न केवल यातायात दबाव को कम करेगी, बल्कि क्षेत्र में व्यापार, पर्यटन और रोजगार के नए अवसर भी पैदा करेगी। स्थानीय लोगों को आवागमन में सहूलियत मिलने के साथ-साथ आर्थिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी। सरकार का मानना है कि इस हाईवे के निर्माण से पूर्वांचल और तराई क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलेगी और प्रदेश के इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूती मिलेगी।

### अश्वनी को मिलेगा प्रदेश सेवा रत्न सम्मान



अश्वनी कुमार वर्मा।

**जमुनहा ( श्रावस्ती )।** जिले में रक्तदान व समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान कर खुद 28 बार के रक्तदाता को सेवा रत्न सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। इस अवार्ड के लिए रक्तवीर का चयन किया गया है। जमुनहा विकास क्षेत्र के ग्राम जोगिया निवासी अश्वनी कुमार वर्मा ने अब तक 28 बार रक्तदान कर जरूरतमंदों की मदद की है। अश्विनी कुमार वर्मा को आगामी 22 मार्च 2026 को संकल्प मानव सेवा संस्था की ओर से आगरा में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में प्रदेश सेवा रत्न सम्मान 2026 अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। अश्वनी कुमार वर्मा रक्तदान करने के साथ ही अन्य लोगों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित करते हुए जिले में रक्त क्रांति लाने का संकल्प लिया है। साथ ही उन्हें अन्य सामाजिक योगदान के लिए विभिन्न राष्ट्रीय मंचों पर कई बार सम्मानित किया जा चुका है। अश्वनी वर्मा युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत बन चुके हैं।

### सर्राफ से आभूषण लूटकर हमलावर फरार

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** देर शाम दुकान बंद कर बाइक से घर लौट रहे एक सर्राफा व्यावसायी पर बाइक सवार हमलावरों ने हमलाकर दिया। लोहे की राड से सिर पर वार कर सोने व चांदी के जेवर छीनकर फरार हो गए। कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। भिनगा कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत नगर के ही टंडवा मोहल्ला निवासी अंकित सोनी पुत्र कैलाश सोनी कोतवाली क्षेत्र के बनघुसरा मोड़ पर सर्राफा की दुकान करता है। मंगलवार देर शाम को वह दुकान बंद कर बाइक से वापस घर लौट रहा था। इस दौरान रास्ते में सिसवा गद्दीपुरवा गांव के पास पहुंचते ही बाइक सवार तीन बदमाशों ने चलती बाइक पर लोहे की राड से उसके सिर पर वार कर दिया। जिसके बाद वह अनियंत्रित होकर गिर गया। इस दौरान बदमाश उसके पास से सोने व चांदी के जेवर छीन कर फरार हो गए। सूचना पर पहुंची भींगा पुलिस ने घायल अंकित को जिला अस्पताल भिनगा में भर्ती कराया गया। घटना की जानकारी पर एएसपी मुकेश चन्द्र उत्तम ने जिला अस्पताल पहुंचकर अंकित से घटना की जानकारी ली। पीड़ित की तहरीर पर भिनगा पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है। वहीं प्रभारी निरीक्षक भिनगा राज प्रकाश सिंह ने बताया कि अंकित सोनी की तहरीर पर मारपीट व छिनैती का मामला दर्जकर जांच की जा रही है। जांच के साथ लुटेरों की तलाश जारी है।

### 8732 उत्तर पुस्तिकाओं का हुआ मूल्यांकन

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** यूवी बोर्ड के हाईस्कूल व इण्टर की परीक्षा सम्पन्न होने के बाद बुधवार को उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन भी शुरू हो गया। पहले दिन जिले में हाईस्कूल व इण्टर की कुल 8732 उत्तर पुस्तिकाएं जांची गई। जिले को कुल एक लाख 33 हजार 254 उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की जिम्मेदारी मिली है। जिला मुख्यालय भिनगा स्थित अलक्षेन्द्र बनाया गया है। मूल्यांकन केन्द्र पर पहले दिन 300 परीक्षकों ने हाईस्कूल की 5457 व इंटरमीडिएट की 3275 उत्तर-पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया। जिले को हाईस्कूल की 76 हजार 164 व इण्टरमीडिएट की 57 हजार 90 उत्तर पुस्तिकाएं मूल्यांकन के लिए प्राप्त हुई हैं। हाईस्कूल की विभिन्न विषयों की मूल्यांकन के लिए प्राप्त उत्तर पुस्तिकाओं को जांचने के लिए 421 परीक्षक व 45 उप प्रधान लगाए गए हैं। साथ ही अंकेक्षण कार्य के लिए 23 शिक्षकों की तैनाती की गई है। वहीं इण्टर मीडिएट की कॉपियों का मूल्यांकन करने के लिए बोर्ड की ओर से 232 परीक्षक व 30 उप प्रधान को नियुक्त किया गया है। जबकि 16 शिक्षकों को अंकेक्षण कार्य के लिए लगाया गया है। इस तरह अंकेक्षण के लिए 39 शिक्षकों, 75 उप प्रधान परीक्षक व 653 परीक्षक बोर्ड की ओर केंद्र पर आवंटित किए गए हैं। मूल्यांकन के लिए लगाए गए 653 परीक्षकों पर एक अप्रैल तक मूल्यांकन का कार्य पूरा करने की जिम्मेदारी दी गई है। मूल्यांकन केंद्र के उपनियंत्रक ज्योति प्रकाश पांडेय को बनाया गया है।

### सड़क हादसों में दो लोग घायल

**सिरसिया( श्रावस्ती), अमृत विचार।** सिरसिया थाना क्षेत्र के पूर्वी लोहनिया गांव के पास बुधवार को एक बाइक सवार अनियंत्रित होकर गिर गया। हादसे में बाइक सवार बलरामपुर जिले के हर्रैया थाना निवासी निवासी कलीम ( 35 ) पुत्र हबीब घायल हो गया। जिसे निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया। कलीम अपनी ससुराल सिरसिया के अयोध्यापुरवा जा रहा था। वहीं भिनगा कोतवाली क्षेत्र के खरगौरा- सेमरी मार्ग पर मोहम्मदपुर कला गांव के पास एक बाइक अनियंत्रित हो सड़क किनारे खड़े थ्रेसर से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार भिनगा क्षेत्र के भलुहिया गांव निवासी मालिकराम ( 25 ) घायल हो गया। जिसे एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भिनगा में भर्ती कराया गया।

# निपुण भारत मिशन को लेकर की गई चर्चा

गोष्ठी

जमुनहा(श्रावस्ती)

**अमृत विचार।** ब्लॉक संसाधन केंद्र जमुनहा में बुधवार को प्रधानाध्यापकों की गोष्ठी व कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय जमुनहा के प्रधानाचार्य अकबाल अहमद शाह ने किया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य हरीश जायसवाल व खंड शिक्षाधिकारी राज किशोर मौजूद रहे।

गोष्ठी में निपुण भारत मिशन के उद्देश्यों और क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई। बीईओ ने बताया कि निपुण भारत मिशन शिक्षा मंत्रालय की ओर से शुरू की गई राष्ट्रीय पहल है, जिसका लक्ष्य वर्ष 2027 तक कक्षा 3 के अंत तक प्रत्येक बच्चे में मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता विकसित करना है। यह मिशन शैक्षिक ढांचे के तहत बच्चों को खेल-आधारित शिक्षा प्रदान करता है। इस दौरान कार्यशाला में शिक्षक क्षमता निर्माण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण सामग्री, बच्चों की सीखने की प्रगति की निगरानी तथा स्थानीय भाषा में स्कूलों में शिक्षा पर विशेष जोर दिया गया।



जमुनहा में आयोजित कार्यशाला में मौजूद शिक्षक। अमृत विचार

# मधुमक्खियों के हमले में थाईलैंड के 3 लोग घायल

इकौना(श्रावस्ती)

**अमृत विचार।** जेतवन विहार में पूजा के दौरान थाईलैंड से अनुयायियों के दल पर बुधवार को मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। जिसमें महिला समेत तीन अनुयायी घायल हो गए। जिन्हें सीएचसी इकौना में भर्ती कराया गया।

थाईलैंड से अनुयायियों का 24 सदसीय दल पूजा के लिए बुधवार को बौद्ध तपोस्थली श्रावस्ती के जेतवन विहार में पूजा करने आया था। सभी अनुयायी जेतवन पार्क में पूजा कर रहे थे। इस दौरान अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने उन पर हमला कर दिया। इससे मौके पर अफरा तफरी मच गई। अनुयायियों ने इधर उधर छिप कर खुद का बचाव किया। इस दौरान दल में शामिल तीन अनुयायी नारुएमोन, चिसानू फाडुंगसैट और सोमसाक सेंगचालिन घायल हो गए। आसपास के लोगों की मदद से तीनों घायलों को निजी वाहन से सीएचसी इकौना में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने बताया कि सभी का प्राथमिक उपचार किया जा रहा है। उनकी स्थिति ठीक है। जेतवन विहार में मधमक्खियों के हमले की यह दूसरी घटना है।

सख्ती

दिल्ली से आए दो अधिकारियों ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण कर देखी व्यवस्था

# टीम ने व्यवस्था का आकलन कर तैयार की जांच रिपोर्ट

जमुनहा(श्रावस्ती)

**अमृत विचार।** दिल्ली से आई दो सदस्यीय टीम ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण किया। इस दौरान टीम सदस्यों ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही उन्होंने व्यवस्था का आकलन कर जांच रिपोर्ट तैयार की।

दिल्ली से आई दो सदसीय टीम में शामिल डॉ. प्रेम कुमार बजाज ने बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मल्हीपुर के कार्यक्षेत्र में संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिर कलकलवा उपकेंद्र का निरीक्षण कर जायजा लिया। टीम ने केन्द्र में व्यवस्थाओं का मूल्यांकन किया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं, सुविधाओं और व्यवस्थाओं के तहत कमियों का आकलन किया गया। अधिकारियों ने बताया कि निरीक्षण के आधार पर विकास से संबंधित रिपोर्ट तैयार कर उच्च स्तर पर भेजी जाएगी। जिससे जरूरी सुधार किया जा सके। इस दौरान डॉ. प्रेम कुमार बजाज ने बताया कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर का उद्देश्य ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। इस दौरान मल्हीपुर सीएचसी अधीक्षक डॉ रवींद्र कुमार सोनकर, पंकज शर्मा, श्वेता मिश्रा, एएनएम व आशा कार्यकर्ता रहीं।



आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण करती दिल्ली से आई दो सदस्यीय टीम।

### 27 बुजुर्गों का हुआ नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन



मोतियाबिंद ऑपरेशन के बाद प्रमाणपत्र दिखाते बुजुर्ग।

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** अटल वयो अभ्युदय योजना के तहत 27 बुजुर्गों का निशुल्क मोतियाबिंद का आपरेशन कराया गया। योजना के तहत अलग अलग क्षेत्रों में नेत्र परीक्षण शिविर लगाकर कुल 50 मोतियाबिंद से पीड़ित बुजुर्गों को चिह्नित किया गया था। भारत सरकार की ओर से संचालित अटल वयो अभ्युदय योजना के अलग अलग क्षेत्रों में नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किए गए। शिविर में अन्य मरीजों की जांच कर दवाएं मुहैया कराई गई। जबकि कुल 50 मोतियाबिंद से ग्रसित बुजुर्गों को चिन्हित किया गया। जिनमें से 27 बुजुर्गों का मोतियाबिंद का आपरेशन जिला मुख्यालय भिनगा स्थित नवज्योति हास्पिटल में किया गया। अन्य मरीजों का आपरेशन भी अगले दिन किया जाएगा। नेत्र सर्जन डा दिनेश कुमार यादव ने बताया कि अस्पताल में अटल वयो अभ्युदय योजना व आयुष्मान भारत योजना के तहत मोतियाबिंद आपरेशन की सुविधा उपलब्ध है। अभी जनपद में विभिन्न स्थानों पर लगाए गए कैंपों में चिह्नित मरीजों को आपरेशन के लिए बुलाया गया है। प्री-आपरेशन टेस्ट के बाद अब तक 27 मरीजों का आपरेशन किया जा चुका है। सभी आपरेशन सफल रहे हैं और मरीज अच्छा महसूस कर रहे हैं। आपरेशन के बाद एक नियमित अवधि के उपरांत मरीजों के आंखों की जांच भी की जाएगी। सभी मरीजों को सरकार की तरफ से सारी सुविधाएं निशुल्क प्रदान की जा रही हैं। जिला समाज कल्याण अधिकारी डा अमरनाथ यति ने बताया कि योजना के तहत फूलमती, चंद्रवती, रामावती, पूसू, रामकला, लालबीर, लालबहादुर, खुनखुन, नीता, राजाराम, विपत, पृथ्वीराज, कृपाराम समेत 27 लोगों का सफल आपरेशन किया गया है।



भीतर के साथ बाहर का निश्चित विभाजन अगर बना रहे, तो हमारा जीवन सुविहित, सुश्रृंखलित, सुसंपूर्ण हो जाता है, किंतु वही हमारे जीवन में नहीं हो पा रहा है।

**–रवींद्र नाथ टैगोर**, साहित्यकार



# लारिजानी के बाद ईरान

सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के प्रभावशाली सचिव अली लारिजानी की हत्या ईरान की रणनीतिक सोच और निर्णय-प्रक्रिया पर सीधा प्रहार है। इससे पहले अली खामेनेई की हत्या ने जो नेतृत्व शून्य पैदा किया था, लारिजानी उस खाली स्थान को आंशिक रूप से भर रहे थे। अब उनका जाना उस शून्य को और गहरा कर देता है। लारिजानी भले ही प्रत्यक्ष सैन्य कमांडर नहीं थे, लेकिन वे ईरान की युद्ध, कूटनीति और सुरक्षा नीति के केंद्रीय सूत्रधार थे। उनकी भूमिका विचारधारा और व्यवहारिकता के बीच संतुलन बनाने की थी। वे एक ऐसे नेता थे, जो कठोर बयानबाज़ी के बजाय दीर्घकालिक रणनीति पर जोर देते थे, इसलिए उनकी मौत संस्थागत अस्थिरता के रूप में सामने आएगा।

सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल, जो युद्ध और कूटनीति से जुड़े निर्णयों का केंद्र है, अब नेतृत्वहीनता की स्थिति में आ सकती है। ऐसे में दो स्थितियां उभरती हैं- या तो कोई नया काबिल नेता उभरकर इस शून्य को भरे या फिर निर्णय-सत्ता धीरे-धीरे सैन्य प्रतिष्ठान, विशेषकर रिवोल्यूशनरी गार्ड के हाथों में अधिक केंद्रित हो जाए। लारिजानी के रहते ईरान ने 'नियंत्रित टकराव' की नीति अपनाई थी, जहां वह अमेरिका और इजराइल से सीधे युद्ध से बचते हुए दबाव बनाए रखता था, लेकिन अब यह संतुलन बिगड़ सकता है। यदि नेतृत्व अधिक कट्टर या सैन्य-केंद्रित हाथों में चला गया, तो ईरान की रणनीति अधिक आक्रामक हो सकती है। होर्मुज़ जलडमरूमध्य को लेकर ईरान का रुख़ और सख़्त हो सकता है। लारिजानी इस मार्ग को रणनीतिक दबाव के साधन के रूप में देखते थे। उनके बाद यदि अधिक कठोर नेतृत्व सामने आता है, तो इस जलडमरूमध्य को बाधित करने या उसकी धमकी देने की नीति और तेज हो सकती है, जिसका सीधा असर वैश्विक ऊर्जा बाजार और भारत जैसे आयात-निर्भर देशों पर पड़ेगा, हालांकि ईरान की संस्थागत संरचना केवल एक व्यक्ति पर निर्भर नहीं है। रिवोल्यूशनरी गार्ड, सुरक्षा परिषद और धार्मिक नेतृत्व मिलकर सत्ता का ढांचा बनाते हैं, इसलिए ईरान पूरी तरह कमजोर हो जाएगा, यह मानना जल्दबाज़ी होगी, लेकिन नेतृत्व के स्तर पर स्पष्टता की कमी से निर्णय लेने की गति और दिशा दोनों प्रभावित होंगी। लारिजानी जैसे संतुलित और अनुभवी नेता का विकल्प खोजना आसान नहीं होगा। शीर्ष नेतृत्व के कमजोर होने की स्थिति में सैन्य इकाइयों को अधिक स्वायत्तता मिल सकती है। इससे युद्ध के मैदान में अधिक आक्रामक और असंगठित प्रतिक्रियाएं देखने को मिल सकती हैं, जो संघर्ष को और जटिल बना देंगी। इसके बावजूद ईरान ने अब तक यह दिखाया है कि वह वैश्विक ऊर्जा बाजारों को प्रभावित करने की क्षमता रखता है, लेकिन उसका हवाई क्षेत्र लगातार हमलों के लिए खुला रहना यह बताता है कि उसकी सैन्य सुरक्षा अभी भी चुनौतीपूर्ण स्थिति में है।

ऐसे में कोई भी नया नेता तुरंत निशाने पर आ सकता है, जिससे नेतृत्व संकट और गहरा सकता है। लारिजानी की मौत के निर्णायक मोड़ के बाद आने वाले दिनों में यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि ईरान इस संकट को संस्थागत मजबूती से संभालता है या फिर वह अधिक सैन्यवादी और आक्रामक रास्ते पर आगे बढ़ता है, जिसका असर पूरे पश्चिम एशिया और वैश्विक राजनीति पर पड़ेगा।

## प्रसंगवश

# भारत का सबसे पुराना कैलेंडर है विक्रम संवत

भारतीय सनातन संस्कृति पर आधारित कालगणना को विश्व की सबसे प्राचीन पद्धति माना जाता है। भारत में कालचक्र प्रवर्तक भगवान शिव को काल की सबसे बड़ी इकाई के अधिष्ठाता होने के चलते ही महाकाल कहा गया। इस जगत में जितनी भी जीवंतता है, वह भगवान सूर्य से प्राप्त होती हैं। सूर्य पृथ्वी के पिता हैं, ऋग्वेद में लिखा है, 'सूर्य आत्मा जगतस्तस्थुषश्च' अर्थात सूर्य ही गतिशील और स्थिर जगत की आत्मा हैं। इसका अर्थ हुआ कि सूर्य संपूर्ण ब्रह्मांड की ऊर्जा, प्राण और जीवन शक्ति के मुख्य स्रोत हैं, जिनके बिना सृष्टि का अस्तित्व संभव ही नहीं है। ज्योतिष शास्त्र में भी सूर्य को आत्मा का कारक और पिता का द्योतक माना जाता है।

शायद उदित होते सूर्य को जल का अर्घ्य देने की सनातन परंपरा भी इसीलिए हमारे ऋषियों ने शुरू कराई थी। ब्रह्मपुराण पर आधारित ग्रन्थ 'कथा कल्पतरु' में कहा गया है कि चैत्र मास के शुक्ल पक्ष के प्रथम दिन सूर्योदय के समय ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी। ब्रह्मा जी द्वारा घोषित इस सर्वश्रेष्ठ तिथि को प्रथम पद मिला, इसलिए इसे प्रतिपदा कहते हैं। वर्ष प्रतिपदा से ही नौ दिवसीय शक्ति पर्व अर्थात वासंतिक नवरात्र का प्रारंभ होता है।



अंजनी निगम
वरिष्ठ पत्रकार

आजादी के बाद भारत सरकार ने राष्ट्रीय पंचांग तय करने के लिए प्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉ. मेघनाद साहा की अध्यक्षता में एक 'कलैंडर रिफार्म कमेटी' बनाई थी, जिसमें विश्व के सभी कैलेंडरों का अध्ययन करने के बाद माना गया कि विक्रम संवत सबसे अधिक वैज्ञानिक है, जिसे राष्ट्रीय संवत बनाना चाहिए। विक्रम संवत, ईसवी संवत से 57 साल पुराना था। दुर्भाग्य से भारत सरकार ने अपने द्वारा नियुक्त वैज्ञानिक की अध्यक्षता में बनी कमेटी के इस सुझाव को नहीं माना। संभवतः उस समय से लेकर अब तक की सरकारों पर पाश्चात्य का अधिक प्रभाव होने के साथ ही इच्छा शक्ति में कमी रही होगी, जो साहा कमेटी की रिपोर्ट नहीं लागू हो सकी।

स्वामी विवेकानंद ने भी कहा था, 'यदि हमें गौरव के साथ जीने का भाव जगाना है, हम अपने दिलों में देशभक्ति के बीज को फलित करना चाहते हैं, तो हमें हिंदू राष्ट्रीय कैलेंडर की तिथियों की शरण लेनी होगी। बाहरियों की तिथियों पर भरोसा करने वाला गुलाम बन आत्म-सम्मान खो देता है।'

त्रेतायुग में वर्ष प्रतिपदा के दिन ही प्रभु श्रीराम का लंका विजय के बाद राज्याभिषेक हुआ और रामराज्य की स्थापना हुई। द्वापर युग में पांडु पुत्र महाराज युधिष्ठिर ने महाभारत युद्ध के बाद हस्तिनापुर का सम्राट बनने के 18 दिनों के बाद इसी दिन युधिष्ठिर संवत का प्रारंभ किया और बाद में राजसूय यज्ञ कर चक्रवर्ती सम्राट बने। कलयुग में महापराक्रमी सम्राट विक्रमादित्य के परम वैभवशाली इतिहास को भारत का अति महत्वपूर्ण हिस्सा माना जाता है।

वास्तव में मालवा राज्य के शासक गर्दभिल्ल थे, स्वतंत्र राज्य मालवा पर शक राजा नहपान ने आक्रमण कर उनकी हत्या कर राज्य पर अधिकार कर लिया। उस समय गर्दभिल्ल की पत्नी वीरमती के दो पुत्र भर्तहरि और विक्रमसेन थे। शकों ने मालवा पर करीब 20 वर्ष शासन किया तब तक विक्रमसेन ने सेना एकत्र की और अपने राज्य को मुक्त करा महाकार की नगरी उज्जैन को राजधानी बनाया। या। उन्हीं महान सम्राट ने ईस्वी सन् से 57 वर्ष पूर्व चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन विक्रम संवत का श्री गणेश किया था। इसी विक्रम संवत को भारतीय समाज ने मान्यता दी। क्या हम लोग विक्रम संवत 2083 को मनाकर उस चक्रवर्ती सम्राट का स्मरण नहीं कर सकते।

(यह लेखक के निजी विचार हैं)

# एशिया की अहम नस होर्मुज जलडमरूमध्य






जय प्रकाश पांडेय
लेखक

फारस की खाड़ी और अरब सागर के बीच स्थित होर्मुज़ जलडमरूमध्य वह पतला-सा समुद्री रास्ता है, जो आज वैश्विक ऊर्जा व्यापार की सबसे महत्वपूर्ण नाड़ियों में से एक है। दुनिया के कुल पेट्रोलियम व्यापार का लगभग बीस प्रतिशत हिस्सा रोज़ इसी रास्ते से गुजरता है। तेल और गैस से भरे जहाज़ यहां से निकलते हैं और एशिया, यूरोप तथा दुनिया के अन्य हिस्सों की ओर बढ़ते हैं, इसलिए जब इस रास्ते पर शांति रहती है, तो दुनिया के शहरों की रोशनियां जलती रहती हैं और उद्योगों की मशीनें चलती रहती हैं। जब इस रास्ते पर तनाव पैदा होता है, तो उसका असर केवल समुद्र तक सीमित नहीं रहता। उसकी लहरें बहुत दूर तक जाती हैं। कारखानों तक, बाजारों तक और अंततः घरों की रसोई तक।

पश्चिम एशिया में इज़राइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव ने हाल के दिनों में यही स्थिति पैदा की है। खाड़ी क्षेत्र में सैन्य गतिविधियां बढ़ीं, तो समुद्री सुरक्षा को लेकर चिंता भी बढ़ गईं। कई शिपिंग कंपनियों ने जहाज़ों की गति धीमी कर दी। कुछ टैंकरों ने रास्ता बदल लिया और कुछ जहाज़ खाड़ी के बाहर ही सुरक्षा अनुमति का इंतज़ार करते दिखाई दिए। समुद्र में पैदा हुई यह अनिश्चितता सीधे उन देशों को प्रभावित करती हैं, जो ऊर्जा आयात पर निर्भर हैं। भारत भी उन्हीं देशों में है।

भारत आज दुनिया के सबसे बड़े ऊर्जा उपभोक्ताओं में से एक है। देश हर साल लगभग 31–32 मिलियन मीट्रिक टन एलपीजी खपत करता है, लेकिन इस गैस का बड़ा हिस्सा भारत को बाहर से मंगाना पड़ता है। अनुमान है कि देश की कुल एलपीजी जरूरत का लगभग 60 से 67 प्रतिशत हिस्सा आयात के जरिए पूरा होता है। यहां सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि भारत के एलपीजी आयात का लगभग 85 से 90 प्रतिशत हिस्सा होर्मुज़ जलडमरूमध्य से होकर ही गुजरता है। यानी यह संकरा समुद्री रास्ता केवल अंतर्राष्ट्रीय राजनीति का विषय नहीं है; यह भारतीय रसोई की स्थिरता से भी सीधे जुड़ा हुआ है।

> दुनिया के नक्शे पर कुछ जगहें ऐसी होती हैं, जो यूं सामान्य नजर आती हैं, लेकिन पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था की धड़कन उनसे जुड़ी होती है। होर्मुज जलडमरूमध्य ऐसी ही एक जगह है।

भारत की रसोई अब पहले से कहीं अधिक वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला से जुड़ चुकी है। इसका मतलब यह है कि यदि दुनिया के किसी हिस्से में ऊर्जा आपूर्ति बाधित होती है, तो उसका असर भारत में भी महसूस किया जाता है। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने के बाद भारत में भी गैस आपूर्ति को लेकर चिंता दिखाई देने लगी। कई शहरों में सिलेंडर बुकिंग अचानक बढ़ गई। लोगों को आशंका होने लगी कि कहीं गैस की कमी न हो जाए। सरकार ने स्थिति को संभालने के लिए घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता देने का निर्णय लिया। करोड़ों परिवारों की रसोई को चलाए रखना स्वाभाविक रूप से पहली जिम्मेदारी है, लेकिन इसका दूसरा पहलू भी सामने आया।

वाणिज्यिक एलपीजी, जिसका उपयोग होटल, रेस्तरां, छात्रावास और छोटे उद्योग करते हैं, सबसे पहले प्रभावित होने लगी। कई शहरों में भोजनालयों ने मेन्यू सीमित कर दिए। कुछ संस्थानों को वैकल्पिक ईंधनों का सहारा लेना पड़ा। यह दृश्य आधुनिक भारत की ऊर्जा कहानी की एक विचित्र विडंबना को सामने लाता है।

एक ओर हम डिजिटल अर्थव्यवस्था, अंतरिक्ष विज्ञान और कृत्रिम बुद्धिमत्ता की बात कर रहे हैं और दूसरी ओर कभी-कभी रसोई में फिर से लकड़ी का चूल्हा जलता दिखाई देता है। ऊर्जा संकट का असर केवल रसोई तक सीमित नहीं रहता। इसका प्रभाव उद्योगों पर भी पड़ता है। गैस आपूर्ति में व्यवधान का मतलब है कि उर्वरक संयंत्रों से लेकर सिरेमिक और वस्त्र उद्योग तक उत्पादन प्रभावित हो सकता है। तेल और गैस की कीमतों में थोड़ी-सी वृद्धि भी भारत जैसे आयात-निर्भर देश के लिए बड़ी आर्थिक चुनौती बन जाती है। इससे आयात बिल बढ़ता है और महंगाई पर दबाव भी बढ़ता है।

भारत के लिए यह संकट एक और कारण से संवेदनशील है। खाड़ी क्षेत्र में लगभग एक करोड़ भारतीय काम करते हैं। वे हर साल अरबों डॉलर की विदेशी मुद्रा भारत भेजते हैं, इसलिए पश्चिम एशिया की स्थिरता भारत की अर्थव्यवस्था और समाज दोनों से गहराई से जुड़ी हुई है। इसी कारण भारत को इस पूरे संकट में अत्यंत सावधानी से संतुलन बनाना पड़ता है। एक ओर वैश्विक रणनीतिक साझेदारियां हैं, दूसरी ओर ऊर्जा और व्यापारिक हित।

इस पूरे घटनाक्रम से एक बड़ा प्रश्न सामने आता है- क्या भारत की ऊर्जा सुरक्षा अभी भी उन समुद्री रास्तों पर टिकी हुई है, जिन पर हमारा कोई नियंत्रण नहीं है? ऊर्जा आत्मनिर्भरता का रास्ता आसान नहीं होता, लेकिन संकट अक्सर हमें यह दिखा देते हैं कि हमारी कमजोरियां कहाँ हैं। होर्मुज़ जलडमरूमध्य में पैदा हुई हलचल ने हमें एक साधारण, लेकिन गहरा सच फिर से समझा दिया है।

यही कारण है कि ऊर्जा सुरक्षा केवल आर्थिक नीति का विषय नहीं रह जाती; यह राष्ट्रीय सुरक्षा, विदेश नीति और सामाजिक स्थिरता का भी प्रश्न बन जाती है। भारत ने पिछले कुछ वर्षों में रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार, ऊर्जा स्रोतों के विविधीकरण और नवीकरणीय ऊर्जा के विस्तार की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। सौर ऊर्जा और हरित हाइड्रोजन जैसे विकल्प भविष्य की संभावनाएं अवश्य दिखाते हैं, लेकिन वर्तमान में तेल और गैस की वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला से पूरी तरह अलग हो जाना संभव नहीं है।

होर्मुज़ जलडमरूमध्य की हर हलचल भारत के लिए केवल अंतर्राष्ट्रीय समाचार नहीं होती। वह हमें बार-बार यह याद दिलाती है कि ऊर्जा की दुनिया में भूगोल और राजनीति कितनी गहराई से जुड़े हुए हैं। सच यही है कि दुनिया के किसी दूर समुद्र में पैदा हुई हलचल केवल नक्शे पर एक बिंदु की कहानी नहीं होती। उसकी प्रतिध्वनि हमारे शहरों के कारखानों में, बाजारों की कीमतों में और घरों की रसोई की आग में सुनाई देती है। होर्मुज़ की यह पतली जलधारा हमें बार-बार यह समझाती है कि वैश्विक राजनीति की सबसे दूर की लहर भी अंततः हमारे घर की देहरी तक पहुंच सकती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

## आमने सामने



आप तो होटलों में सोए थे। आप जाते थे तो एक पैर में नहीं, दोनों पैरों में पट्टी बांध लेते थे। यह पट्टी दिखाती थी कि इनके बस की नहीं है जाने की। जहां तक हमारी बात है, हम लगातार काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम बिना रुकावट के लोगों की सेवा करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

**–भजनलाल शर्मा**
मुख्यमंत्री, राजस्थान

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा में दो साल में ही हताशा का इतना भाव आ गया है कि वह सामान्य मानवीय संवेदनाओं को भी भूल चुके हैं। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जी के स्वास्थ्य पर जो बेहूदा टिप्पणी की, वह मुख्यमंत्री पद की गरिमा को गिराने वाली है।

**–टीकाराम जूली**
नेता प्रतिपक्ष, राजस्थान



# ईरानी तेल पर क्यों है अमेरिका की नजर



रनबीर सिंह
वरिष्ठ पत्रकार

ईरान का तेल अर्थात 'ईरानी लाइट', सिर्फ कूटनीतिक और राजनीतिक मामला नहीं है, बल्कि साइंस और इंजीनियरिंग और मिनरल फ्यूल से जुड़ा हुआ मामला भी है, जिससे देश अपनी गतिविधि को आराम से चलाते रहे हैं। रसायन विज्ञान के अनुसार सभी जगह का कच्चा पेट्रोलियम तेल एक समान तरलता वाला और गुणवत्ता का नहीं होता। जमीन से निकाला जाने वाला कच्चा तेल हज़ारों हाइड्रोकार्बन अणुओं का मिश्रण है, जो कार्बन और हाइड्रोजन परमाणुओं की आपस में जुड़ी श्रृंखलाएं होती हैं। धरती के गर्भ में पहले से यह अनेक रासायनिक क्रियाओं, गर्मी और दबाव से बना, विशाल मात्रा में मौजूद है और बनता भी रहता है।

हाइड्रोकार्बन्स की छोटी श्रृंखलाएं हल्की होती हैं और परिष्कृत होने पर पेट्रोल और जेट ईंधन बनाती हैं। लंबी, भारी श्रृंखलाएं धीमी होती हैं और उन्हें तोड़ना महंगा होता है, इसलिए अंततः वे कम मूल्य वाले डामर या ईंधन तेल के रूप में ज़्यादातर इस्तेमाल होती हैं। जब कच्चा तेल रिफाइनरी में प्रवेश करता है, तो यह एक ऊंचे आसवन टॉवर से गुज़रता है और क्वथनांक के आधार पर छांटा जाता है। हल्के अणु ऊपर उठते हैं और प्रीमियम ईंधन बन जाते हैं। भारी अणु नीचे बैठ जाते हैं। रिफाइनरी का काम ऊपर से निकलने वाले कच्चे तेल की मात्रा को अधिकतम करना है। किसी भी कच्चे तेल की दो सबसे महत्वपूर्ण गुणवत्ता विशेषताएं घनत्व और सल्फर की मात्रा हैं।

हल्के और कम सल्फर वाले कच्चे तेल आमतौर पर अधिक कीमत वाले होते हैं, क्योंकि इनसे पेट्रोल और डीजल का उत्पादन अधिक आसानी से और सस्ते में किया जा सकता है। घनत्व को एपीआई ग्रेविटी का उपयोग करके मापा जाता है, जो अमेरिकन पेट्रोलियम इंस्टीट्यूट द्वारा विकसित एक पैमाना है। इसे इस प्रकार समझें कि पानी की एपीआई ग्रेविटी 10 होती है और 10 से अधिक ग्रेविटी वाला कोई भी पदार्थ पानी पर तैरता है तो उसे तेल माना जाता है।

दस से ऊपर संख्या जितनी अधिक होती है, कच्चा तेल उतना ही हल्का होता है। एपीआई ग्रेविटी 25 डिग्री से कम भारी से लेकर 35 डिग्री से अधिक घनत्व तक होती है। ईरानी लाइट 33 और 36 के बीच है, जो मध्यम और हल्के के बीच की सीमा पर स्थित है। अधिकांश रिफाइनरियां इसी उपयुक्त स्तर को पसंद करती हैं। ईरानी लाइट, ईरान का प्रमुख निर्यात ग्रेड कच्चा तेल है, जिसमें सल्फर की मात्रा 1.36 से 1.5 प्रतिशत तक होती है। कम सल्फर वाले कच्चे तेल को स्वीट कहा जाता है और उच्च सल्फर वाले कच्चे तेल को खट्टा (सोर)। इसके आसवन से लगभग 20 प्रतिशत हल्के अंश और 50 प्रतिशत मध्य आसुत प्राप्त होते हैं।

मध्य आसुत वे उत्पाद हैं, जो आसवन टॉवर के मध्य भाग से निकाले जाते हैं। डीजल, जेट ईंधन और हीटिंग ऑयल, जो विश्व स्तर पर लगातार सबसे अधिक लाभदायक ईंधन हैं। इन आंकड़ों को मिलाकर देखें, तो प्रत्येक बैरल का लगभग 70 प्रतिशत प्रीमियम ईंधन बन जाता है। ईरान से आपूर्ति बंद होने पर रिफाइनरी इंजीनियरों की चिंता का कारण यही रूपांतरण दर है। अर्थात दूसरी जगह के तेल में रूपांतरण दर निश्चित तौर से कम होगी और उत्पादन घटेगा। सल्फर की मात्रा का महत्व होने का एक दूसरा कारण भी है, जिसका कीमत से कोई लेना-देना नहीं है। जब सल्फर युक्त कच्चे तेल को बिना उपचार के जलाया जाता है, तो यह सल्फर डाइऑक्साइड गैस छोड़ता है, जो अम्लीय वर्षा और श्वसन तंत्र को गंभीर नुकसान पहुंचाती है। इसे रोकने के लिए, रिफाइनरियां ईंधन के पेट्रोल पंप तक पहुंचने से पहले ही सल्फर को अलग कर देती हैं, जिसे हाइड्रोडीसल्फराइजेशन कहा जाता है। इस प्रक्रिया में, धातु उत्प्रेरकों अर्थात मेटल कैटेलिस्ट्स की उपस्थिति में, 450 डिग्री सेल्सियस तक के उच्च तापमान और 100 वायुमंडल तक के दबाव पर हाइड्रोजन गैस के साथ तेल की प्रतिक्रिया कराकर कच्चे तेल में मौजूद सल्फर यौगिकों को हटाया जाता है।

यह कारगर तो है, लेकिन महंगा, ऊर्जा-गहन और विशेष औद्योगिक उपकरणों की आवश्यकता वाला भी है। सल्फर की मात्रा जितनी कम होगी, उपकरणों की आवश्यकता भी उतनी ही कम होगी। सल्फर की 1.36 से 1.5 प्रतिशत मात्रा के साथ, ईरानी लाइट एक प्रबंधनीय सीमा में आता है, जिसे एशिया भर की अधिकांश मध्यम-जटिलता वाली रिफाइनरियां बिना किसी बड़े अतिरिक्त निवेश के संभाल सकती हैं। इरानी तेल को संभालना आसान है, क्योंकि यह इतना हल्का है कि इसे सस्ते में संसाधित किया जा सके और इतना भारी कि उन सभी प्रकार के ईंधनों का उत्पादन कर सके, जिनके लिए बड़ी, जटिल रिफाइनरियां बनाई गई थीं। ईरानी कच्चा तेल केवल तेल मात्र नहीं है, बल्कि यह वह सामान है, जिसके इर्द-गिर्द ही वैश्विक रिफाइनिंग प्रणाली की पूरी संरचना निर्मित की गई है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

> ईरान का तेल अर्थात 'ईरानी लाइट', सिर्फ कूटनीतिक और राजनीतिक मामला नहीं है, बल्कि साइंस एंड इंजीनियरिंग और मिनरल फ्यूल से जुड़ा हुआ मामला भी है।

## सोशल फोरम

# सबसे महंगा गाना

मुगल-ए-आज़म फिल्म में एक दृश्य है, जिसमें अनारकली और सलीम एक-दूजे से मिलते हैं। उनके बीच कोई संवाद नहीं है। रोमांस है और बैकग्राउंड में शास्त्रीय गायन चल रहा है। कहानी के मुताबिक उस वक्त तानसेन गायन कर रहे थे। के आसिफ ये सोचकर परेशान थे कि इस दृश्य में तानसेन के स्तर की गायकी करने के लिए भला किस गायक को लिया जाना चाहिए। उन्होंने अपने मन की बात नौशाद साहब से कही, 'किससे गायकी कराई जानी चाहिए।'



रंजन शर्मा
रिटायर अफसर

नौशाद बोले, 'कायदे से तो उन्हें ही करनी चाहिए, जिन्हें आज के ज़माने का तानसेन कहा जाता है।' के आसिफ ने पूछा, 'कौन हैं वो?'

'उस्ताद बड़े ग़ुलाम अली ख़ान, लेकिन वो फिल्मों के लिए गाते नहीं हैं।' नौशाद ने जवाब दिया।

दोनों खां साहब से मिलने पहुंचे। उस्ताद ने इंकार करते हुए कहा, 'भई फिल्मों में मैं नहीं गाता।' उस्ताद ने जैसे ही इंकार किया, के आसिफ बोल पड़े, 'खां साहब। गाना तो आप ही गाएंगे।' के आसिफ के इस अंदाज़ से उस्ताद बड़े ग़ुलाम अली खां झुंझला गए। उन्होंने नौशाद साहब से पूछा, 'ये कौन साहब हैं? नौशाद ने बताया, 'ये ही फिल्म के प्रोड्यूसर और डायरेक्टर हैं।'

उस्ताद बोले, 'कोई भी हों। मैंने जब मना कर दिया कि मैं नहीं गाऊंगा तो फिर ये क्यों ज़बरदस्ती कर रहे हैं?' नौशाद कुछ बोलते इससे पहले ही के आसिफ फिर से बोले, 'गाना तो आप ही गाएंगे।' उस्ताद बड़े गुलाम अली ख़ा हैरान थे। उस्ताद नौशाद का बाज़ू पकड़कर उन्हें बालकनी में ले गए और बोले, 'मैं इतनी कीमत मांगता हूं कि ये सुनकर खुद ही भाग खड़ा होगा।' इस पर नौशाद साहब ने कहा, 'हुज़ूर ये तो आप बोल सकते हैं। ये आपका हक है। अपनी गायकी की कीमत आप खुद ही तय कीजिए।'

उस्ताद वापस कमरे में आए और के आसिफ से बोले, 'ठीक है जनाब। मैं आपकी फिल्म में गाऊंगा, लेकिन एक गाने के 25 हज़ार रुपये लूंगा।'

नौशाद साहब ये सुनकर अपने कानों पर यकीन नहीं कर पाए, क्योंकि ये वो ज़माना था, जब बड़े-बड़े प्लेबैक सिंगर पांच सौ से एक हज़ार रुपये ही चार्ज करते थे। नौशाद जी को लगा कि यकीनन अब तो के आसिफ अपनी ज़िद को साइड में रख देंगे।

के आसिफ उस्ताद की बात सुनकर बोले, 'अजी आपकी तो कोई कीमत ही नहीं है। आप तो अनमोल हैं। ठीक है। बात पक्की। के आसिफ ने तुरंत ही दस हजार एडवांस दे दिए।' **–फेसबुक वॉल से**

## सामयिकी

# पीरियड लीव: सुप्रीम कोर्ट का फैसला और वैश्विक परिप्रेक्ष्य

13 मार्च 2026 को सुप्रीम कोर्ट ने पूरे देश में कामकाजी महिलाओं और छात्राओं के लिए पीरियड लीव (मासिक धर्म अवकाश) को अनिवार्य करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि इस तरह की नीति को कानूनी रूप से अनिवार्य बनाने के कुछ नकारात्मक परिणाम भी हो सकते हैं। अदालत ने यह स्पष्ट किया कि यदि इस प्रकार का प्रावधान कानून के रूप में लागू किया गया, तो कई नियोक्ता महिलाओं को रोजगार देने से ही हिचक सकते हैं, जिससे उनके करियर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने पेड पीरियड लीव को अनिवार्य बनाने की मांग वाली याचिका सुनने से इंकार कर दिया और इस मुद्दे पर व्यावहारिक चिंताओं को सामने रखा।

सुनवाई के दौरान अदालत ने यह भी उल्लेख किया कि याचिकाकर्ता पहले ही अपनी मांग महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के समक्ष रख चुके हैं, इसलिए सरकार सभी हितधारकों से चर्चा कर इस विषय पर कोई नीति बनाने पर विचार कर सकती है। अदालत ने संबंधित प्राधिकरणों को यह सुझाव दिया कि वे इस अभ्यावेदन पर विचार करें और विभिन्न पक्षों से परामर्श करके नीति का प्रारूप तैयार करें। सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में यह मांग की गई थी कि देशभर में कामकाजी महिलाओं और छात्राओं को मासिक धर्म के दौरान होने वाली शारीरिक परेशानियों को देखते हुए हर महीने कुछ दिनों का अवकाश दिया जाए। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता एमआर शमशाद ने यह भी बताया कि केरल सरकार ने स्कूलों में इस प्रकार की व्यवस्था लागू की है और देश की कई निजी कंपनियां भी स्वेच्छा से 'पेड पीरियड लीव' दे रही हैं।



सुनील कुमार महला
लेखक

वहीं दूसरी ओर कुछ महिलाओं का मानना है कि इस विषय में एक संतुलित या मध्य मार्ग होना चाहिए। उनके अनुसार 'पीरियड लीव' को अनिवार्य बनाने के बजाय वर्क फ्रॉम होम या फ्लेक्सिबल वर्किंग आवर्स का विकल्प दिया जाना चाहिए। इससे महिला का काम भी प्रभावित नहीं होगा और उसे कार्यालय के तनावपूर्ण वातावरण से राहत भी मिल सकेगी। उनका यह भी मानना है कि इस प्रकार की व्यवस्था से महिलाओं का आत्मविश्वास भी बढ़ेगा और उनकी पेशेवर गरिमा भी बनी रहेगी। कई महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान दर्द, ऐंठन, मतली और माइग्रेन जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसी स्थिति में लगातार काम करना उनके लिए मानसिक और शारीरिक रूप से अत्यंत कठिन हो सकता है।

यदि हम देशों की बात करें तो जापान में वर्ष 1947 से ही महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान अवकाश लेने का अधिकार दिया गया है। यह छुट्टी वेतन सहित होगी या नहीं, यह कंपनी की नीति पर निर्भर करता है। दक्षिण कोरिया में महिला कर्मचारियों को हर महीने एक दिन की मेंस्ट्रुअल लीव का अधिकार प्राप्त है। इंडोनेशिया के श्रम कानून में भी महिलाओं को मासिक धर्म के पहले दो अवकाश लेने की अनुमति दी गई है। जांबिया में 'मदर्स डे लीव' के नाम से हर महीने एक दिन की पीरियड लीव दी जाती है, जिसके लिए चिकित्सकीय प्रमाणपत्र की आवश्यकता भी नहीं होती। स्पेन ने भी इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए वर्ष 2023 में 'पेड पीरियड लीव' को कानूनी मान्यता प्रदान की, जिससे गंभीर मासिक धर्म पीड़ा से पीड़ित महिलाएं चिकित्सकीय सलाह के आधार पर अवकाश ले सकती हैं। मासिक धर्म से जुड़ी स्वास्थ्य और गरिमा की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विभिन्न देशों और संस्थानों में इसके प्रति जागरूकता और नीतिगत पहल लगातार बढ़ रही है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 से मुद्रित एवं 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना*** 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# अमृत विचार कैम्पस

## वर्ड स्मिथ

### टेलीविजन

टेलीविजन शब्द की उत्पत्ति भाषा और विज्ञान के अद्भुत मेल की कहानी है। 'टेलीविजन' शब्द दो अलग-अलग भाषाओं के शब्दों से मिलकर बना है। इसमें 'टेली' ग्रीक भाषा का शब्द है, जिसका अर्थ होता है 'दूर', जबकि 'विजन' लैटिन भाषा से आया है, जिसका अर्थ है 'देखना'। इस तरह 'टेलीविजन' का शाब्दिक अर्थ हुआ-दूर की वस्तुओं को देखना। 19 वीं और 20 वीं सदी के दौरान जब वैज्ञानिक संचार तकनीकों पर काम कर रहे थे, तब एक ऐसी मशीन की कल्पना की गई, जो दूर बैठे स्थानों के दृश्य को तुरंत दिखा सके। कई वैज्ञानिकों के प्रयासों के बाद यह तकनीक विकसित हुई और पहली बार चलती-फिरती तस्वीरों को दूर तक प्रसारित करना संभव हुआ। इस नई खोज के लिए ऐसा नाम चाहिए था, जो इसकी विशेषता को स्पष्ट करे, इसलिए 'टेलीविजन' शब्द चुना गया। धीरे-धीरे टेलीविजन हर घर का हिस्सा बन गया और सूचना, मनोरंजन तथा शिक्षा का एक महत्वपूर्ण माध्यम बनकर उभरा। आज भी यह शब्द हमें यह याद दिलाता है कि विज्ञान ने कैसे दूरी की सीमाओं को खत्म कर दुनिया को एक साथ जोड़ दिया है।



## नोटिस बोर्ड

### रोजगार मेला



- 24 मार्च को झांसी के बुंदेलखंड महाविद्यालय में रोजगार मेला का आयोजिन किया जाएगा। मेले में झांसी, चित्रकूट और आगरा मंडल के युवाओं को मौका मिलेगा। रोजगार मेले से युवाओं को सीधे कंपनी से जुड़ने और अपनी योग्यता के अनुसार नौकरी पाने का अवसर मिलेगा। मेले में 100 से अधिक कंपनियां और नियोक्ता शामिल होंगे, जिसके तहत प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, मुख्यमंत्री युवा कौशल योजना, आईटीआई और पॉलिटेक्निक से प्रशिक्षित युवाओं के साथ-साथ अन्य अभ्यर्थियों को भी रोजगार पाने का मौका मिल सकेगा।

### राहत भरी खबर

- रुहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली से संबद्ध महाविद्यालयों के छात्रों के लिए राहत भरी खबर है। वार्षिक प्रणाली के तहत संचालित स्नातक (बीए, बीएससी, बीकॉम) और परास्नातक (एमए, एमएससी, एमकॉम) द्वितीय वर्ष सहित विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार सिंह के अनुसार, पहले यह तिथि 10 मार्च तक निर्धारित थी, लेकिन छात्रों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इसे अब 25 मार्च तक बढ़ा दिया गया है। अभ्यर्थी निर्धारित तिथि तक परीक्षा फार्म भरकर शुल्क जमा कर सकते हैं।

# इंटर बाद के लिए उभरता करियर ऑप्शन

# विजुअल आर्ट्स और फोटोग्राफी



आज के दौर में जब हर व्यवसाय अपनी पहचान तस्वीरों, वीडियो और डिजिटल कंटेंट के माध्यम से बनाता है, तब विजुअल आर्ट्स और फोटोग्राफी केवल शौक नहीं रह गए हैं। यह एक ऐसा पेशेवर क्षेत्र बन चुका है, जिसमें रचनात्मकता के साथ-साथ अच्छी आय और वैश्विक अवसर भी मौजूद हैं। 12 वीं के बाद करियर चुनने वाले छात्रों और उनके अभिभावकों के लिए यह समझना जरूरी है कि फोटोग्राफी और विजुअल कम्युनिकेशन आज की डिजिटल अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुके हैं।



शैलेश गोयल
डायरेक्टर
आईआईपी एकेडमी

## बदलते दौर में विजुअल कंटेंट की बढ़ती जरूरत

आज हर कंपनी अपने उत्पाद या सेवा को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत करने के लिए प्रोडक्ट फोटोग्राफी, सोशल मीडिया रील्स, डिजिटल विज्ञापन, वेबसाइट विजुअल, कैटलॉग और ब्रांड स्टोरी टेलिंग का सहारा लेती है। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ फोटोग्राफी (IIP) के संस्थापक निदेशक राजेश गोयल कहते हैं, "फोटोग्राफी के बिना किसी उत्पाद या सेवा का प्रभावी विजुअल कम्युनिकेशन करना लगभग असंभव है।" दरअसल फोटोग्राफी केवल कैमरा चलाने का कौशल नहीं है। यह लाइटिंग, कंपोजिशन, विजुअल नैरेटिव और सौंदर्यबोध को विकसित करने की प्रक्रिया है, जो आगे चलकर फिल्म, विज्ञापन, डिजाइन और डिजिटल कंटेंट निर्माण जैसे क्षेत्रों में भी उपयोगी होती है।

## बढ़ता बाजार और नए अवसर

भारत का मीडिया और एंटरटेनमेंट सेक्टर तेजी से विस्तार कर रहा है। हाल के उद्योग आकलनों के अनुसार 2024 में यह क्षेत्र लगभग 2.5 ट्रिलियन रुपये तक पहुंच चुका है और इसमें डिजिटल मीडिया सबसे बड़ा सेगमेंट बन गया है। डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर हर दिन भारी मात्रा में नए विजुअल कंटेंट की जरूरत होती है। इसी कारण फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, एडिटिंग और डिजाइन से जुड़े पेशेवरों की मांग लगातार बढ़ रही है। इसके साथ ही क्रिएटर इकोनॉमी भी तेजी से विकसित हो रही है। लाखों कंटेंट क्रिएटर और डिजिटल ब्रांड्स के बढ़ने से यह अनुमान लगाया जा रहा है कि 2030 तक यह क्षेत्र ट्रिलियन-डॉलर से अधिक के उपभोक्ता बाजार को प्रभावित कर सकता है।





## सफलता की वास्तविकता

फोटोग्राफी में सफलता का कोई निश्चित प्रतिशत नहीं होता। विशेषज्ञों के अनुसार असफलता का मुख्य कारण यह होता है कि कई छात्र केवल कैमरा चलाना सीखते हैं, लेकिन पोर्टफोलियो निर्माण, क्लाइंट मैनेजमेंट, सही मूल्य निर्धारण और किसी विशेष क्षेत्र में विशेषज्ञता विकसित नहीं कर पाते। जो छात्र मजबूत बुनियादी प्रशिक्षण, वास्तविक प्रोजेक्ट्स, मेंटरशिप और इंडस्ट्री अनुभव के साथ आगे बढ़ते हैं, उनके सफल होने की संभावना अधिक होती है।

## फोटोग्राफी में करियर के विविध रास्ते

- फोटोग्राफी कई अलग-अलग क्षेत्रों में करियर के अवसर प्रदान करती है।
- कमर्शियल फोटोग्राफी में प्रोडक्ट, ई-कॉमर्स, फूड, ऑटोमोबाइल और विज्ञापन से जुड़े प्रोजेक्ट्स शामिल होते हैं।
- फैशन और पोर्ट्रेट फोटोग्राफी में मॉडल, सेलिब्रिटी, मैगजीन और एडिटोरियल शूट किए जाते हैं।
- आर्किटेक्चर और इंटीरियर फोटोग्राफी में इमारतों, होटलों और रियल एस्टेट प्रोजेक्ट्स की तस्वीरें ली जाती हैं, जबकि ड्रोन फोटोग्राफी भी तेजी से लोकप्रिय हो रही है।
- मीडिया और डॉक्यूमेंट्री फोटोग्राफी में फोटो जर्नलिज्म, ट्रैवल और स्पोर्ट्स फोटोग्राफी शामिल हैं।
- इसके अलावा फाइन आर्ट फोटोग्राफी, म्यूजियम डॉक्यूमेंटेशन और गैलरी इमेजिंग जैसे रचनात्मक क्षेत्रों में भी अवसर मौजूद हैं।
- डिजिटल युग में कुछ नई भूमिकाएं भी सामने आई हैं जैसे एआई-असिस्टेड इमेजिंग स्पेशलिस्ट, विजुअल स्टोरीटेलर और कंटेंट प्रोड्यूसर।

## नई शिक्षा नीति और रचनात्मक शिक्षा

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP)-2020 में भी रचनात्मक शिक्षा और बहुविषयक अध्ययन पर जोर दिया गया है। इस नीति का उद्देश्य छात्रों को कला, रचनात्मकता, आलोचनात्मक सोच और व्यावहारिक कौशल के साथ तैयार करना है।

इस दृष्टि से देखा जाए, तो विजुअल आर्ट्स और फोटोग्राफी जैसे क्षेत्र अब केवल वैकल्पिक करियर नहीं, बल्कि भविष्य की अर्थव्यवस्था से जुड़े महत्वपूर्ण विकल्प बनते जा रहे हैं।

**संस्थान चुनते समय क्या देखें :** किसी भी प्रशिक्षण संस्थान का चयन करते समय छात्रों और अभिभावकों को कुछ महत्वपूर्ण बातों पर ध्यान देना चाहिए।

क्या वहां केवल कैमरा संचालन सिखाया जाता है या कॉन्सेप्ट और क्रिएटिव थिंकिंग भी विकसित की जाती है।

क्या छात्रों को लाइव प्रोजेक्ट्स और इंडस्ट्री एक्सपोजर मिलता है।

क्या संस्थान के पास पूर्व छात्रों का मजबूत नेटवर्क और उपलब्धियां हैं।

क्या प्रशिक्षण में पोर्टफोलियो निर्माण, क्लाइंट हैंडलिंग और फ्रीलांसिंग की जानकारी दी जाती है।

## छात्रों के लिए चार सरल कदम

विशेषज्ञों के अनुसार कक्षा-12 के बाद फोटोग्राफी में करियर बनाने के इच्छुक छात्रों को चार कदमों पर ध्यान देना चाहिए-

- अपना क्षेत्र चुनें-जैसे कमर्शियल, फैशन, डॉक्यूमेंट्री या फाइन आर्ट।
- मजबूत पोर्टफोलियो बनाएं-12 से 20 अच्छी तस्वीरें, सैकड़ों साधारण तस्वीरों से बेहतर होती हैं।
- मेंटर्स से फीडबैक लें-सीखने के लिए पेशेवर मार्गदर्शन जरूरी है।
- कमाई का रास्ता बनाएं-इंटर्नशिप, असिस्टेंटशिप और फ्रीलांस प्रोजेक्ट्स से शुरुआत करें।



## बदलती सोच का समय

डिजिटल युग में तस्वीरें और विजुअल कंटेंट केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि व्यवसाय, संचार और ब्रांड निर्माण का शक्तिशाली माध्यम बन चुके हैं। ऐसे में यदि किसी छात्र में रचनात्मक दृष्टि, तकनीक सीखने की इच्छा और मेहनत करने का जज्बा है, तो विजुअल आर्ट्स और फोटोग्राफी उसके लिए एक सार्थक और संभावनाओं से भरा करियर साबित हो सकता है।

## कैंपस का पहला दिन

# झिझक से आत्मविश्वास तक का सफर

ज्ञानार्थी मीडिया कॉलेज में मेरा पहला दिन, पहला दिन नहीं था, बल्कि मेरे उस सपने की पहली सीढ़ी थी, जिसे मैंने बचपन से अपनी आंखों में सजाया था- एक पत्रकार बनने का सपना। जब मैं ज्ञानार्थी मीडिया कॉलेज के परिसर में पहुंची, तो मेरे कदम थोड़े डगमगा रहे थे और दिल की धड़कनें तेज थीं। मन में कई सवाल थे- क्या मैं इस नई दुनिया में खुद को ढाल पाऊंगी? क्या मुझे अच्छे दोस्त मिलेंगे? क्या मैं अपने सपनों के इस सफर में सफल हो पाऊंगी?



पूनम मौर्य
हल्द्वानी

ओरिएंटेशन और शुरुआती सत्र के दौरान जब हमारे शिक्षकों ने हमसे संवाद किया, तो पत्रकारिता को लेकर मेरा नजरिया पूरी तरह बदल गया। उन्होंने समझाया कि पत्रकारिता केवल माइक थामने या कैमरे के सामने खड़े होने का नाम नहीं है, बल्कि यह समाज के प्रति एक अटूट जिम्मेदारी है। सच को सामने लाना, लोगों की आवाज बनना और निष्पक्षता के साथ अपनी बात रखना ही एक सच्चे पत्रकार की पहचान होती है। उनकी बातें सुनकर मेरे भीतर एक नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार हुआ।

पहली क्लास खत्म होने के बाद, जो झिझक मेरे मन में थी, वह धीरे-धीरे कम होने लगी। कॉलेज की कैंटीन और गलियारों में मेरी मुलाकात अपने सहपाठियों से हुई। हम सब अलग-अलग जगहों से आए थे, लेकिन हम सबके बीच एक बात समान थी, वो थी दुनिया को बदलने का जज्बा और कुछ नया सीखने की चाह। बातचीत के दौरान हम अपने-अपने सपनों और उम्मीदों को साझा करने लगे। बातों-बातों में कब अजनबी सहपाठी दोस्त बन गए, पता ही नहीं चला। उस अपनत्व ने मेरे मन का डर काफी हद तक दूर कर दिया।

कॉलेज का माहौल, शिक्षकों का मार्गदर्शन और साथियों का सहयोग, इन सबने मेरे पहले दिन को यादगार बना दिया। हर कोना जैसे कुछ नया सिखाने




को तैयार था और हर चेहरा एक नई कहानी कह रहा था। मुझे यह महसूस होने लगा कि मैंने अपने जीवन की सही दिशा चुन ली है। शाम को जब मैं कॉलेज से घर के लिए निकली, तो मेरे पास केवल किताबों का बोझ नहीं था, बल्कि एक नई सोच, आत्मविश्वास और बड़े इरादे भी थे। ज्ञानार्थी मीडिया कॉलेज के उस पहले दिन ने मुझे यह सिखाया कि पत्रकारिता का रास्ता चुनौतीपूर्ण जरूर है, लेकिन यह सम्मान, जिम्मेदारी और समाज सेवा से भरा हुआ है।

## करेंट अफेयर्स

- हाल ही में भारत ने वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रांड प्रीक्स 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए इतिहास रच दिया। नई दिल्ली में आयोजित इस प्रतियोगिता में भारत ने कुल 208 पदक जीतकर पदक तालिका में पहला स्थान हासिल किया। तीन दिन तक चले इस अंतर्राष्ट्रीय आयोजन का आयोजन जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में किया गया, जिसमें आठ देशों के 257 एथलीटों ने भाग लिया। भारतीय पैरा एथलीटों ने ट्रैक और फील्ड स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 75 स्वर्ण, 69 रजत और 64 कांस्य पदक जीते।
- हाल ही में यूनिक्लो ने भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को भारत के लिए अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है। यह साझेदारी 16 मार्च 2026 को घोषित की गई, जो अंतर्राष्ट्रीय ब्रांड और भारतीय क्रिकेट स्टार के बीच एक महत्वपूर्ण सहयोग है।
- हाल ही में साउथ इंडियन बैंक ने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के सहयोग से नई ईपीएफ भुगतान सेवा शुरू की है। इस सेवा के माध्यम से नियोक्ता अब कर्मचारियों के भविष्य निधि अंशदान का भुगतान सीधे बैंक के इंटरनेट बैंकिंग प्लेटफॉर्म SIBerNet के जरिए कर सकेंगे, जिससे वैधानिक भुगतान अधिक तेज और सुविधाजनक हो जाएगा। इस पहल की घोषणा 12 मार्च 2026 को की गई, जो बैंक की डिजिटल बैंकिंग सेवाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।
- हाल ही में विश्व बैंक, भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में वायु गुणवत्ता सुधार के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस पहल को "उत्तर प्रदेश क्लीन एयर मैनेजमेंट प्रोग्राम" कहा जाता है, जिसमें 299 .66 मिलियन डॉलर का निवेश शामिल है। इसका उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में समन्वित उपायों के माध्यम से बढ़ते वायु प्रदूषण को कम करना है।

## जॉब अलर्ट

### सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया

- पद का नाम- स्पेशलिस्ट ऑफिसर
- पदों की संख्या-275
- वेतन- 48480 - 120940 प्रति माह
- योग्यता- AICTE/UGC से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कंप्यूटर साइंस/IT/ECE/E&TC/इलेक्ट्रॉनिक्स में B.E./B.Tech या MCA
- आयु सीमा- स्केल I- अधिकतम 30 वर्ष, स्केल II/III- अधिकतम 35 वर्ष, स्केल IV- अधिकतम 45 वर्ष
- अंतिम तिथि- 23 मार्च 2026

### रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड (RRB)

- पद का नाम- असिस्टेंट लोको पायलट (ALP)
- पदों की संख्या- 11,127 (सभी रेलवे)



- विज्ञापन संख्या- CEN No. 01/2026
- वेतन-7 वें CPC के अनुसार पे लेवल-2/शुरुआती
- वेतन : 19,900/- प्रति माह
- योग्यता- विस्तृत CEN No. 01/2026 के अनुसार (पद-वार शैक्षिक योग्यता और मेडिकल स्टैंडर्ड)
- आयु सीमा-18 से 30 वर्ष (दिनांक 01.07.2026 तक)
- आवेदन शुरू होने की तिथि-15-05-2026
- अंतिम तिथि-14-06-2026
- वेबसाइट-rrbapply.gov.in

### सशस्त्र सीमा बल (SSB)

- पद का नाम-कांस्टेबल (पशु चिकित्सा, ड्राइवर, ट्रेड्समैन और नर्सिंग अर्दली)
- श्रेणी- ग्रुप 'C' नॉन-गजटेड (कॉम्बैटाइज्ड), नॉन-मिनिस्टीरियल
- पदों की संख्या-827 पद
- वेतन-लेवल-3, 21,700–69,100 (7वां CPC)
- नौकरी का स्थान-भारत में कहीं भी / SSB की आवश्यकतानुसार भारत के बाहर भी
- आवेदन का तरीका-केवल ऑनलाइन
- चयन प्रक्रिया-PET, PST, लिखित परीक्षा, ट्रेड/कौशल परीक्षण, दस्तावेज़ीकरण और चिकित्सा परीक्षण

# एआई और हिंदी : रोजगार के नए क्षितिज

भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि संस्कृति की संवाहक और प्रगति का आधार होती है। आज जब दुनिया चौथी औद्योगिक क्रांति (Industry 4.0) के दौर से गुजर रही है, तो कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) ने मानव जीवन के हर पहलू को स्पर्श किया है। दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी बोली जाने वाली भाषा होने के नाते, हिंदी के लिए यह समय एक ऐतिहासिक मोड़ है। अक्सर यह कहा जाता है कि तकनीक भाषाओं को मिटा देगी, लेकिन वास्तविकता इसके विपरीत है। एआई ने हिंदी के लिए संभावनाओं के वे द्वार खोल दिए हैं, जो पहले बंद थे। आज हिंदी केवल साहित्य या बोलचाल तक सीमित नहीं है, यह डेटा, कोडिंग और डिजिटल अर्थव्यवस्था की भाषा बन रही है। एक हिंदी भाषी व्यक्ति तकनीक के इस युग में न केवल प्रासंगिक रह सकता है, बल्कि एआई को अपना हथियार बनाकर वैश्विक बाजार में रोजगार के नए और आकर्षक अवसर पैदा कर सकता है।



प्रो .मीना यादव
हिंदी विभाग
बरेली कॉलेज बरेली




**हिंदी और एआई का संगम**

प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण (एनएलपी) वह तकनीक है, जिसने मशीनों को हिंदी व्याकरण, मुहावरे और शब्दावली समझने की शक्ति दी है। आज गूगल, माइक्रोसॉफ्ट और ओपन एआई (चैटजीपीटी) जैसी कंपनियां हिंदी डेटा पर अरबों डॉलर खर्च कर रही हैं। हिंदी का विशाल डेटा सेट तैयार करना और उसे मशीनों के लिए सुलभ बनाना आज एक बड़ी आर्थिक गतिविधि बन चुका है।

## एआई के माध्यम से हिंदी में उभरते रोजगार के क्षेत्र

एआई ने हिंदी को सॉफ्ट स्किल से बदलकर एक तकनीकी स्किल में तब्दील कर दिया है। इसके अंतर्गत रोजगार के प्रमुख क्षेत्र इस प्रकार हैं।

### भाषा डेटा वैज्ञानिक और एनोटेटर

एआई मॉडल को सिखाने के लिए सटीक हिंदी डेटा की आवश्यकता होती है। हिंदी वाक्यों को व्याकरण के साथ टैग करना और भावनाओं की पहचान करना आज एक बड़ा करियर विकल्प है।

### प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग

एआई टूल्स से सही काम करवाने की कला। विज्ञापन एजेंसियां और कंटेंट हाउस ऐसे विशेषज्ञों को खोज रहे हैं, जो एआई का उपयोग कर कम समय में सटीक हिंदी विज्ञापन, स्क्रिप्ट या रिपोर्ट तैयार कर सकें।

### वॉयस टेक्नोलॉजी और स्पीच रिकग्निशन

एलेक्सा और सिरी जैसे असिस्टेंट के लिए हिंदी वॉयस देना, उच्चारण सुधारना और मशीन को स्थानीय बोलियों का लहजा समझाना।

### चैटबॉट और वर्चुअल असिस्टेंट डेवलपर

बैंकिंग, ई-कॉमर्स और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए हिंदी में बातचीत करने वाले चैटबॉट्स की स्क्रिप्ट लिखना और उन्हें सांस्कृतिक रूप से सही बनाना।

### अनुवाद और स्थानीयकरण 2.0

अब केवल अनुवाद नहीं, बल्कि 'मशीन ट्रांसलेशन पोस्ट-एडिटिंग' (MTPE) का दौर है। एआई द्वारा अनुवादित सामग्री की जांच करना और उसे मानवीय संवेदनाएं देना एक उच्च-भुगतान वाला कार्य बन गया है।

### तकनीकी कौशल और चुनौतियां

हिंदी को रोजगारपरक बनाने के लिए केवल भाषा का ज्ञान पर्याप्त नहीं है। युवाओं को ChatGPT, Gemini और Canva AI जैसे टूल्स का कुशल उपयोग सीखना होगा।

## एआई हिंदी भाषा के लिए कोई चुनौती नहीं, बल्कि एक अवसर



एआई हिंदी भाषा के लिए कोई चुनौती नहीं, बल्कि एक अवसर है। यह भाषा और तकनीक के बीच की उस खाई को पाट रहा है, जिसने दशकों से हिंदी भाषियों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में पीछे रखा था। आज एक अनुवादक, लेखक या शिक्षक एआई की मदद से अपनी कार्यक्षमता को दस गुना बढ़ा सकता है। इस बदलाव का लाभ उठाने के लिए हमें अपनी मानसिकता बदलनी होगी। हमें हिंदी के प्रति भावुकता के साथ-साथ तकनीकी दक्षता को भी अपनाना होगा। यदि हम अपनी भाषाई जड़ों को मजबूती से थामे रखकर एआई जैसे आधुनिक उपकरणों का सही तालमेल बिठा लेते हैं, तो हिंदी न केवल भारत की अस्मिता बनी रहेगी, बल्कि आने वाले समय में दुनिया की सबसे बड़ी रोजगार प्रदाता भाषा के रूप में भी स्थापित होगी। भविष्य उनका है, जो भाषा की गरिमा और तकनीक की गति, दोनों को साथ लेकर चलेंगे।

## बिजनेस ब्रीफ

### गोदरेज ने बेंगलुरु में 20 एकड़ जमीन खरीदी

**नयी दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड ने बेंगलुरु में 20 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया है। कंपनी वह एक आवासीय परियोजना विकसित करेगी जिससे अनुमानित 1,350 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त होने की उम्मीद है। गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसने पूर्वी बेंगलुरु में 20 एकड़ का भूखंड खरीदा है। कंपनी ने हालांकि जमीन की लागत का उल्लेख नहीं किया। कंपनी ने कहा कि कंपनी इस स्थल पर एक प्रीमियम आवासीय परियोजना विकसित करने की योजना बना रही है, जिसकी अनुमानित राजस्व क्षमता करीब 1,350 करोड़ रुपये है।

### 24 मार्च को खुलेगा पावरिका का आईपीओ

**नयी दिल्ली।** पावर सॉल्यूशन प्रदाता पावरिका लिमिटेड का 1,100 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 24 मार्च को खुलेगा। इसके लिए मूल्य दायरा 375-395 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। कंपनी ने बुधवार को बयान में कहा कि आईपीओ 700 करोड़ रुपये के नए शेयर और 300 करोड़ रुपये के शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन है। बयान के अनुसार, आईपीओ 27 मार्च को बंद होगा जबकि बड़े (एंकर) निवेशक 23 मार्च को बोली लगा पाएंगे। पावरिका का शेयर दो अप्रैल को शेयर बाजार में सूचीबद्ध होगा।

### एएफएल में 1,500 करोड़ डालेगा एक्सिस बैंक

**नयी दिल्ली।** एक्सिस बैंक अपनी एनबीएफसी इकाई एक्सिस फाइनेंस लिमिटेड (एएफएल) में कारोबार वृद्धि के लिए अगले एक वर्ष में राइट्स इश्यू के माध्यम से 1,500 करोड़ रुपये निवेश करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। बैंक ने बुधवार शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसके निदेशक मंडल की अधिग्रहण, विनिवेश एवं विलय समिति ने 18 मार्च 2026 को हुई बैठक में 31 मार्च 2027 से पहले एक या अधिक किश्तों में एएफएल में 1,500 करोड़ रुपये निवेश करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। कंपनी ने कहा कि यह निवेश एएफएल के राइट्स इश्यू के जरिये किया जाएगा।

### रक्षा इलेक्ट्रॉनिक क्षेत्र में अमारा राजा का प्रवेश

**मुंबई।** अमारा राजा डिजाइन अल्फा (एआरडीए) ने मिशन-क्रिटिकल रक्षा इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में प्रवेश की बुधवार को घोषणा की। यह अमारा राजा समूह की विशेषीकृत इंजीनियरिंग अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) कंपनी है। कंपनी के अनुसार, उसने नौसेना की सोनार प्रणाली के लिए स्वदेशी पावर कंडीशनिंग कैबिनेट (पीसीसी) विकसित किया है। अगले चरण में पावर एम्प्लीफायर, सिग्नल इंटरफेस एवं पावर एम्प्लीफायर कैबिनेट के डिजाइन तैयार करेगी। इससे नौसेना की सोनार प्रणाली के लिए एक व्यापक स्वदेशी परिवेश तैयार करने में मदद मिलेगी।

# पीएनजी नेटवर्क बढ़ाने पर मिलेगी ज्यादा एलपीजी

## पेट्रोलियम मंत्रालय ने राज्यों को पत्र लिखकर सुझाया फार्मूला, 30 प्रतिशत तक दी जाएगी कॉमर्शियल एलपीजी

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

- संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा-एलपीजी सीमित, लेकिन पीएनजी आपूर्ति निर्बाध जारी



केंद्र सरकार ने देश में तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) की आपूर्ति में कमी तीसरे सप्ताह जारी रहने के बीच पाइप के जरिये आपूर्ति की जाने वाली रसोई गैस (पीएनजी) नेटवर्क के विस्तार को तेज करने वाले राज्यों को वाणिज्यिक एलपीजी की आपूर्ति बढ़ाने का बुधवार को वादा किया। इससे खाना पकाने के ईंधन की उपलब्धता पर दबाव कम किया जा सकेगा।

पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण भारत की करीब 60 प्रतिशत एलपीजी तक पहुंच अवरुद्ध होने से सरकार ने घरेलू रसोई के लिए आपूर्ति को प्राथमिकता दी है। होटल जैसे वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों को शुरू में आपूर्ति बंद कर दी गई थी लेकिन बाद में उनकी जरूरत का पांचवां हिस्सा दिया गया।

केंद्र सरकार ने अब उन राज्यों में वाणिज्यिक एलपीजी आपूर्ति को 30 प्रतिशत तक बढ़ाने की पेशकश की है, जो पीएनजी नेटवर्क के विस्तार को तेज करेंगे। पीएनजी, घरेलू रसोई एवं वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों के लिए एलपीजी का एक आसान विकल्प है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए कहा कि एलपीजी आपूर्ति सीमित है लेकिन घरों व उद्योगों को पीएनजी की आपूर्ति निर्बाध जारी है।

उन्होंने कहा कि जहां शहर गैस वितरण (सीजीडी) नेटवर्क पास में उपलब्ध है, वहां एलपीजी उपभोक्ताओं को पीएनजी का कनेक्शन लेना चाहिए। संयुक्त सचिव ने कहा कि उनके मंत्रालय ने राज्यों को पत्र लिखकर 10 प्रतिशत अधिक वाणिज्यिक एलपीजी की पेशकश की है, यदि वे सभी पुराने आवेदनों को स्वीकृत अनुमति प्रदान करते हैं और पाइपलाइन बिछाने के लिए नए आवेदन के 24 घंटे बाद भी अनुमति देते हैं।

शर्मा ने कहा कि ऑनलाइन बुकिंग 93 प्रतिशत तक बढ़ गई है लेकिन उपभोक्ता अब भी डीलर के यहां पर कतार में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि एलपीजी उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि ऑनलाइन बुकिंग करने के बाद प्रतीक्षा करें। सिलेंडर उनके घर पहुंचाए जाएंगे। घबराहट में बुकिंग करने या एलपीजी वितरकों के पास जाने की जरूरत नहीं है। एलपीजी पर दबाव कम करने के लिए सरकार वाणिज्यिक एवं घरेलू एलपीजी उपयोगकर्ताओं को पीएनजी अपनाने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। शहर गैस वितरण कंपनियां प्रोत्साहन दे रही हैं और जल्द ''कनेक्शन'' प्रदान कर रही हैं।

पेट्रोलियम सचिव नीरज मित्तल ने सभी राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों को बुधवार को पत्र लिखकर कहा कि राज्य सरकारों को शुल्क कम करना चाहिए। शहर गैस वितरण कंपनियों द्वारा 12.63 करोड़ घरेलू ''कनेक्शन'' देने की प्रतिबद्धता के बावजूद अब तक केवल 1.6 करोड़ पीएनजी कनेक्शन दिए गए हैं।

### अधिक एलपीजी का फार्मूला

पाइपलाइन बिछाने के लिए आवेदन करने के 24 घंटे बाद सभी पुराने आवेदनों व नए आवेदनों को स्वत: सीजीडी अनुमति देने वालों को दो प्रतिशत अतिरिक्त आवंटन दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि राज्य सीजीडी इकाइयों के लिए ''खुदाई व पुनर्स्थापन योजना'' लागू करते हैं, तो उन्हें एलपीजी की तीन प्रतिशत अतिरिक्त आपूर्ति मिलेगी जिससे वे सड़कों आदि की खुदाई व पुनर्स्थापन स्वयं कर सकेंगे और इस प्रकार पुनर्स्थापन शुल्क समाप्त हो जाएगा। मित्तल ने कहा कि जो राज्य सीजीडी नेटवर्क बिछाने/संचालन के लिए यही अनुमति देते हैं, वार्षिक किराये/पट्टे के शुल्क में कटौती करते हैं और खुदाई व पुनर्स्थापन योजनाओं की वार्षिक किराया/पट्टा शुल्क को शून्य कर देते हैं, उन्हें चार प्रतिशत अतिरिक्त वाणिज्यिक एलपीजी प्राप्त होगी।

### पेट्रोल-डीजल में आत्मनिर्भर, एटीएफ भी पर्याप्त

सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात जैसे प्रमुख आपूर्तिकर्ताओं से माल की आपूर्ति प्रभावित होने के कारण, भारत ने आपूर्ति को सीमित कर दिया है। इसके अलावा, खाना पकाने व अन्य जरूरतों को पूरा करने के लिए राज्यों को 48,000 किलोलीटर अतिरिक्त मिट्टी का तेल दिया गया है। 12 राज्यों ने इस अतिरिक्त कोटे का उपयोग किया है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल व डीजल के मामले में भारत आत्मनिर्भर है और खुदरा दुकानों पर कहीं भी कमी की सूचना नहीं है। विमान ईंधन (एटीएफ) के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि इसकी पर्याप्त आपूर्ति उपलब्ध है।

### पड़ोसी देशों से पहले घरेलू ईंधन की आपूर्ति भारत की प्रथम प्राथमिकता



**नयी दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में जारी संकट और आपूर्ति में मची उथल-पुथल के बीच भारत, बांग्लादेश और अन्य पड़ोसी देशों के अनुरोधों पर विचार करने से पहले अपनी घरेलू ईंधन मांग को पूरा करने को प्राथमिकता देगा। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बुधवार को यह जानकारी दी। एक प्रेस वार्ता में उन्होंने 'राष्ट्रहित सर्वोपरि' का मंत्र देते हुए स्पष्ट किया कि देश की आंतरिक जरूरतों को पूरा करना सबसे पहली प्राथमिकता है। घरेलू मांग पूरी होने के बाद यदि कोई अधिशेष बचता है, तभी सक्षम प्राधिकारी निर्यात के अनुरोधों पर कोई निर्णय लेंगे। वर्तमान भू-राजनीतिक तनाव के कारण पैदा हुई किल्लत को देखते हुए बांग्लादेश, श्रीलंका और मालदीव जैसे पड़ोसी देशों ने भारत से आपातकालीन ईंधन आपूर्ति का आग्रह किया है। बांग्लादेश ने मौजूदा पाइपलाइन व्यवस्था के अलावा पांच हजार टन अतिरिक्त डीजल की मांग की है, वहीं नेपाल ने भी प्रति माह 3,000 टन अतिरिक्त रसोई गैस (एलपीजी) का अनुरोध किया है। भारत वर्तमान में नेपाल और भूटान को पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की नियमित आपूर्ति करता है।

## एफएफएफएआई का युद्ध जोखिम अधिभार के खिलाफ सरकार से हस्तक्षेप का आह्वान

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** फेडरेशन ऑफ फ्रेट फॉरवर्डर्स एसोसिएशंस इन इंडिया (एफएफएफएआई) ने पश्चिम एशिया संकट के बीच शिपिंग कंपनियों के माल ढुलाई पर युद्ध जोखिम अधिभार (डब्ल्यूआरएस) लगाने के फैसले से उत्पन्न समस्याओं के समाधान के लिए सरकार से हस्तक्षेप करने का आह्वान किया है।

एफएफएफएआई ने बंदरगाह, नौवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय को लिखे पत्र में कहा कि शिपिंग कंपनियों ने कुछ गंतव्यों के लिए और वहां से आने-जाने वाले माल पर युद्ध जोखिम अधिभार लगाना शुरू कर दिया है। निकाय ने सरकारी हस्तक्षेप का अनुरोध करते हुए कहा कि कई मामलों में मांगा जा रहा अधिभार मूल रूप से तय समुद्री मालभाड़े से करीब दोगुना है जिससे व्यापार पर अप्रत्याशित एवं भारी वित्तीय बोझ पड़ रहा है।

एफएफएफएआई ने कहा कि असाधारण परिस्थितियों में अतिरिक्त जोखिम 'कवरेज' की आवश्यकता हो सकती है लेकिन जिस तरीके से वर्तमान में ये अधिभार लगाए जा रहे हैं, उससे निर्यातकों एवं लॉजिस्टिक्स सेवा प्रदाताओं के लिए अनिश्चितता तथा परिचालन संबंधी कठिनाइयां खड़ी हो गई हैं।

# सीसीपीए के जुर्माने के आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट पहुंची मेटा

## कहा-ईमार्केट नहीं, बल्कि केवल एक नोटिस बोर्ड है फेसबुक

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

मेटा प्लेटफॉर्म्स इंक ने दिल्ली उच्च न्यायालय में केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) के उस आदेश को बुधवार को चुनौती दी, जिसमें फेसबुक मार्केटप्लेस पर वॉकी-टॉकी की कथित अनधिकृत बिक्री एवं सूचीबद्धता को लेकर उस पर 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

मेटा प्लेटफॉर्म्स इंक के पास फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया मंचों का स्वामित्व है। मेटा की ओर से पेश वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने कहा कि अमेजन और फ्लिपकार्ट के विपरीत, फेसबुक कोई ई-मार्केट नहीं है बल्कि केवल एक 'नोटिस बोर्ड' हैं। इसलिए वह सीसीपीए के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता।

न्यायमूर्ति पुरुषेंद्र कुमार कौरव ने मेटा की याचिका को 25 मार्च को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया और उससे यह स्पष्ट करने को कहा कि आदेश को 'अधिकार क्षेत्र से परे' कैसे माना जा सकता है।




न्यायाधीश ने याचिकाकर्ता से यह भी पूछा कि इस मामले पर राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग क्यों विचार नहीं कर सकता।

मेटा की ओर से पेश रोहतगी ने तर्क दिया कि फेसबुक न तो खरीद-बिक्री का कोई तंत्र उपलब्ध कराता है और न ही उपयोगकर्ताओं से कोई 'कमीशन' लेता है, क्योंकि यह ई-कॉमर्स मंच नहीं है। उन्होंने कहा कि यह केवल फेसबुक उपयोगकर्ताओं के लिए एक 'नोटिस बोर्ड' है। हम कोई दुकान नहीं हैं।

कोई व्यावसायिक बिक्री की अनुमति नहीं है। कोई शुल्क नहीं लिया जाता। हम किसी से शुल्क नहीं लेते।'

आदेश को रद्द करने की मांग करते हुए मेटा की याचिका में दावा किया गया कि सीसीपीए ने इस 'अमान्य' आधार पर कार्रवाई करके अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर काम किया कि फेसबुक मार्केटप्लेस ई-कॉमर्स के लिए कानूनी ढांचे के अधीन और उसके द्वारा शासित है।

### ये था सीसीपीए का आदेश

सीसीपीए ने एक जनवरी 2026 को पारित अपने आदेश में कहा था कि मेटा ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, उसके नियमों एवं सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यस्थ दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियमों का उल्लंघन किया है, क्योंकि उसने फेसबुक मार्केटप्लेस पर वॉकी-टॉकी को बिना अनिवार्य खुलासों के सूचीबद्ध होने दिया।

## शेयर हेरफेर: 8 संस्थाओं पर 2.8 करोड़ जुर्माना पांच साल का प्रतिबंध

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने रेट्रो ग्रीन रिवोल्यूशन लिमिटेड (आरजीआरएल) के शेयर मूल्य में हेरफेर करने के मामले में 18 संस्थाओं पर कुल 2.8 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है और उन्हें पांच वर्ष तक प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित कर दिया है। बाजार नियामक सेबी ने इसके अलावा इनमें से 15 संस्थाओं को 2.94 करोड़ रुपये के कुल अवैध लाभ को 31 दिसंबर 2021 से भुगतान की तिथि तक 12% वार्षिक ब्याज सहित वापस जमा कराने का निर्देश दिया है। यह राशि 45 दिन के भीतर सेबी के निवेशक संरक्षण एवं शिक्षा कोष में जमा करानी होगी।

नियामक ने मंगलवार को पारित अपने 61 पृष्ठ के आदेश में कहा कि ये संस्थाएं आरजीआरएल के कम नकदी वाले शेयर के मूल्य को कृत्रिम रूप से बढ़ाने और निवेशकों को आकर्षित करने की पूर्व नियोजित साजिश का हिस्सा थीं। सेबी ने पाया कि साजिश में आपस में जुड़े संगठनों के बीच ट्रेडिंग करना शामिल था जिसका उद्देश्य कम शेयर में कृत्रिम मात्रा उत्पन्न करना था।

# शेयर बाजार गुलजार: सेंसेक्स 633 अंक चढ़ा, निफ्टी 23700 के पार

**मुंबई, एजेंसी**



- कच्चे तेल में हल्की नरमी और वैश्विक बाजारों में मजबूती के रुझान से लगातार तीसरे दिन शेयर बाजार में रही तेजी

कच्चे तेल की कीमतों में हल्की नरमी और वैश्विक बाजारों में मजबूती के रुझान के बीच, शेयर बाजार के बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी बुधवार को लगभग 1 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुए। लगातार तीसरे दिन उनकी बढ़त जारी रही। आईटी शेयरों में तेजी के कारण घरेलू बाजारों में भी सकारात्मक रुझान देखने को मिला।बीएसई सेंसेक्स 633 अंक चढ़ गया जबकि एनएसई निफ्टी 197 अंक के लाभ में रहा।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 633.29 अंक यानी 0.83 प्रतिशत बढ़कर 76,704.13 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 929.38 अंक तक चढ़ गया था। इसी प्रकार, पचास शेयर पर आधारित एनएसई निफ्टी 196.65 अंक यानी 0.83 प्रतिशत बढ़कर 23,777.80 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में इटर्नल, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचसीएल टेक, अदाणी पोर्ट्स, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और एक्सिस बैंक प्रमुख रूप से लाभ में रहीं।

दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयर में एनटीपीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर, सन फार्मा और एचडीएफसी बैंक शामिल हैं। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि हाल की बिकवाली के बाद निचले स्तर पर लिवाली के समर्थन से घरेलू बाजारों में तेजी बनी रही। सौदों को पूरा करने और निचले स्तर पर लिवाली से तेजी चौतरफा रही। आईटी, रियल एस्टेट और वाहन क्षेत्रों की अगुवाई में मझोली और छोटी कंपनियों के शेयर में मजबूती देखी गई।

रेलिगेयर ब्रोकिंग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा कि स्थिर वैश्विक संकेतों के साथ बुधवार को लगातार तीसरे सत्र में बाजार में तेजी जारी रही। हालांकि अस्थिरता बनी हुई है। विश्लेषकों का कहना है कि वैश्विक स्तर पर तनाव का जारी रहना, रुपये की विनिमय दर में गिरावट और कच्चे तेल की कीमतों में फिर से अस्थिरता आने की आशंका बाजार के प्रतिभागियों को सतर्क रहने के लिए मजबूर कर रही है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लि. के शोध प्रमुख (संपत्ति प्रबंधन) सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि वैश्विक स्तर पर अनुकूल संकेतों के कारण तीन दिनों तक मजबूत उछाल के बाद, बाजारों में सतर्कता बनी रह सकती है। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.10 प्रतिशत टूटकर 103.3 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। एशिया के अन्य बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी पांच प्रतिशत और जापान का निक्की 2.87 प्रतिशत मजबूत हुए। चीन का शंघाई एसएसई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग भी बढ़त के साथ बंद हुए।

यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में तेजी का रुख था। अमेरिकी बाजार मंगलवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे।विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 4,741.22 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 5,225.32 करोड़ के शेयर खरीदे।

## नए वित्तीय वर्ष में नए नियम

# पैन कार्ड आवेदन के नए नियम पहली अप्रैल से होंगे लागू

सरकार ने पैन कार्ड यानि स्थायी खाता संख्या के आवेदन प्रक्रिया में बड़े बदलाव की घोषणा की है। नए नियम पहली अप्रैल 2026 से लागू होंगे, जिसके बाद केवल आधार कार्ड के आधार पर पैन कार्ड के लिए आवेदन नहीं हो सकेगा। सरकार समर्थित कॉमन सर्विस सेंटर्स (सीएससी) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी दी।

बताया कि फिलहाल 31 मार्च 2026 तक नागरिक केवल आधार के जरिए पैन के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद नए नियम अनिवार्य हो जाएंगे और उसी के अनुसार पैन के लिए आवेदन किया जा सकेगा।




**सिर्फ आधार से नहीं बनेगा पैन कार्ड**

### इन दस्तावेजों की होगी जरूरत

- जन्म प्रमाण पत्र
- वोटर आईडी
- मैट्रिक प्रमाण पत्र
- ड्राइविंग लाइसेंस
- पासपोर्ट
- शपथ पत्र (अफिडेविट)
- अन्य सरकारी दस्तावेज

### सरकार की अपील

- सरकार ने नागरिकों से अपील की है कि वे 31 मार्च 2026 से पहले अपने पैन से जुड़े काम पूरे कर लें, ताकि बाद में अतिरिक्त दस्तावेजों की जरूरत से बचा जा सके।

### ये होंगे बदलाव

- एक अप्रैल 2026 के बाद केवल आधार से पैन आवेदन स्वीकार नहीं होगा।
- आवेदन के साथ जन्मतिथि का प्रमाण देना जरूरी होगा।
- नए पैन आवेदन फॉर्म लागू होंगे, पुराने फॉर्म मान्य नहीं रहेंगे।
- पैन कार्ड में दर्ज नाम को आधार के अनुसार ही रखा जाएगा।

### फर्जी ईमेल से सावधान रहने की चेतावनी

लोगों को साइबर फ्रॉड से आगाह करते हुए सरकार ने चेतावनी दी है कि 'ई-पैन डाउनलोड' के नाम पर फर्जी ईमेल और मैसेज भेजे जा रहे हैं। ऐसे किसी भी लिंक, कॉल या मैसेज पर अपनी व्यक्तिगत या वित्तीय जानकारी साझा न करें। पैन कार्ड वित्तीय और बैंकिंग लेन-देन के लिए एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है, जबकि आधार 12 अंकों की एक यूनिक पहचान संख्या है, जिसे यूआईडीएआई द्वारा जारी किया जाता है। इसलिए सावधान रहें, सुरक्षित रहें।

### इन पोर्टल्स के जरिए कर सकते हैं आवेदन

- इनकम टैक्स विभाग का ई-फाइलिंग पोर्टल
- प्रोटियन (पूर्व में NSDL eGov)
- यूटीआई इंफ्रास्ट्रक्चर टेक्नोलॉजी एंड सर्विसेज लिमिटेड (UTIITSL)

### अमेजन पर 'रेडी टू ईट' उत्पादों की बिक्री बढ़ी

**नयी दिल्ली।** एलपीजी आपूर्ति में व्यवधान के बीच ई-कॉमर्स मंच अमेजन पर तत्काल उपयोग के लिए तैयार खाद्य उत्पादों की मांग में करीब 15 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। अमेजन इंडिया ने बुधवार को कहा कि एलपीजी संकट पैदा होने के बाद इंस्टेंट नूडल्स, डिब्बाबंद खाना, स्नैक्स और पेय पदार्थ जैसी श्रेणियों की बिक्री में खासी बढ़ोतरी देखी गई है। यह मांग केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं है, बल्कि हैदराबाद, कोलकाता और चेन्नई के साथ सोनीपत और पणजी जैसे छोटे शहरों में भी देखी जा रही है।

**एक्शन** | गलत तरीके से बेची थी पॉलिसी, अब 25 हजार ग्राम पंचायतों को मिलेगा 100 प्रतिशत बीमा कवर

# रिलायंस, एसबीआई सहित 5 बीमा कंपनियों पर 8 करोड़ का जुर्माना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सरकार ने गलत तरीके से पॉलिसी बेचने और नियमों के उल्लंघनपर रिलायंस जनरल इंश्योरेंस, एचडीएफसी लाइफ और एसबीआई लाइफ जैसी पांच बड़ी कंपनियों पर करीब आठ करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। साथ ही, इंश्योरेंस मार्केट का दायरा बढ़ाने के लिए सरकार अब 25,000 ग्राम पंचायतों को बीमा कवरेज के दायरे में लाने की तैयारी कर रही है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राज्यसभा में कहा है कि बीमा कंपनियों की किसी भी गड़बड़ी को नजरअंदाज नहीं किया जाएगा। इंश्योरेंस रेगुलेटर (आईआरडीएआई) ऐसी कंपनियों पर लगातार कार्रवाई कर रहा है। सीतारमण ने उन गड़बड़ियों की सूची भी बताई जिन पर सरकार की पैनी नजर है-

**बिना सहमति बीमा:** अगर ग्राहक की मर्जी के बिना पॉलिसी थमाई गई, तो जुर्माना लगेगा।

**गलत जानकारी और क्लेम में देरी:** पॉलिसी बेचते समय फीचर्स छिपाना या गुमराह करने वाले दावे करना। साथ ही परिपक्वता यानी मैच्योरिटी क्लेम के निपटारे में देरी या ब्याज न देना भी जांच के दायरे में आएगा।

**प्रीमियम का गलत आवंटन:** अगर प्रीमियम के पैसों का हिसाब सही नहीं रखा गया, तो रेगुलेटर एक्शन लेगा।




### 25 हजार गांवों पर फोकस

अब सरकार बीमा (इंश्योरेंस) को देश के दूर-दराज के गांवों तक पहुँचाने के लिए एक नया तरीका अपना रही है। इंश्योरेंस रेगुलेटर आईआरडीए के नए नियमों के अनुसार अब इंश्योरेंस की पहुंच को 'ग्राम पंचायत' के आधार पर मापा जाएगा। वित्त मंत्री ने बताया कि इस बार 25,000 ग्राम पंचायतों को खास तौर पर चुना गया है, जहां बीमा का दायरा बढ़ाया जाएगा। सरकार का वास्तविक उद्देश्य है कि गांव-गांव और समाज के हर वर्ग तक 100% बीमा की सुविधा पहुंच सके।

### 43.52 करोड़ आयुष्मान कार्ड बने

वित्त मंत्री ने देश में स्वास्थ्य बीमा की स्थिति पर लिखित डेटा भी पेश किया। बताया कि 28 फरवरी 2026 तक देशभर में 43.52 करोड़ आयुष्मान कार्ड बने हैं। बताया कि 2.51 करोड़ व्यक्तिगत पॉलिसियों के जरिए करीब 6 करोड़ लोग कवर हैं। साथ ही 13.05 लाख ग्रुप पॉलिसियों के तहत 27.51 करोड़ सदस्यों को सुरक्षा मिली हुई है। ईएसआईसी में 14.91 करोड़ लाभार्थी और सीजीएचएस में करीब 43 लाख (पेंशनर्स सहित) लोग कवर हैं।

### किस पर कितना जुर्माना

| वित्त वर्ष 2023-24 | जुर्माना |
|---|---|
| रिलायंस जनरल इंश्योरेंस | 2 करोड़ |
| बजाज फाइनेंस | 2 करोड़ |
| एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस | 2 करोड़ |
| एसबीआई लाइफ | एक करोड़ |
| रॉयल सुंदरम जनरल इंश्योरेंस | एक करोड़ |

### सीधे कर सकते हैं शिकायत

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जनता से अपील की कि अगर कोई बीमा कंपनी नियमों का पालन नहीं करती या परेशान करती है, तो चुप न बैठें। लोग सीधे आईआरडीएआई से संपर्क कर सकते हैं या सरकारी शिकायत पोर्टल CPGRAMS का उपयोग कर सकते हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि रेगुलेटर सिस्टेमैटिक तरीके से हर शिकायत की जांच करता है।

अमृत विचार



## वर्ल्ड ब्रीफ

### बेनामी लेनदेन में 20 लाख रुपये बरामद

**करीमनगर।** तेलंगाना के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने एक बड़ी कार्रवाई में कथित रिश्वतखोरी और बेनामी लेनदेन मामले में आबकारी निरीक्षक और एक सरकारी शिक्षक को हिरासत में लिया है। एसीबी द्वारा बुधवार को जारी बयान के अनुसार, करीमनगर अर्बन के आबकारी निरीक्षक श्री गुंडेटी रामू और जगत्याल जिले के मल्लियाल मंडल स्थित एमपीपीएस ओबुलापुर के सेकेंडरी ग्रेड शिक्षक जक्कानी वेणु को 17 मार्च को रात लगभग 8 :25 बजे आय से अधिक संपत्ति और अवैध धनराशि के मामले में पकड़ा गया। एसीबी ने खुलासा किया कि वेमुलावाड़ा में एसएचओ के रूप में तैनाती के दौरान निरीक्षक ने 2022 से 2024 के बीच एक गुड़ व्यापारी से नियमित रूप से अवैध धन वसूला। यह राशि कथित रूप से शिक्षक के माध्यम से ली जाती थी, जो मध्यस्थ की भूमिका निभा रहा था और लेनदेन यूपीआई के जरिए किये जाते थे।

### अमेरिकी वायु अड्डे पर गोलीबारी में एक मरा

**अलामोगोर्डो।** अमेरिका के न्यू मेक्सिको स्थित वायु सेना के एक अड्डे पर गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गयी और एक अन्य घायल हो गया। वायु सेना अड्डे ने एक बयान जारी कर कहा कि अलामोगोर्डो शहर के निकट होलोमन वायु सेना अड्डे पर एक हमलावर के मौजूद होने की खबरों के कारण मंगलवार शाम साढ़े पांच बजे उसे बंद कर दिया गया। गोलीबारी में घायल व्यक्ति को उपचार के लिए ले जाया गया। सुरक्षा अधिकारियों ने पुष्टि की है कि अब अड्डा सुरक्षित है और उसे खोल दिया गया है। बयान में कहा गया है कि आपातकालीन कर्मी स्थिति से निपट रहे हैं और कोई खतरा नहीं है।

### एफबीआई ने वांछितों पर इनाम को बढ़ाया

**वाशिंगटन।** संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) ने 10 सर्वाधिक वांछित अपराधियों की सूची में शामिल भगोड़ों के बारे में सूचना देने वालों के लिए इनाम की राशि बढ़ाकर 10 लाख अमेरिकी डॉलर कर दी है। इस सूची में 11 साल पुराने हत्या के मामले में फरार एक भारतीय नागरिक भी शामिल है और इसमें पहली बार किसी साइबर अपराधी को भी शामिल किया गया है। एफबीआई के आपराधिक प्रभाग के सहायक निदेशक हीथ आर . जानके ने यहां कहा कि 10 सर्वाधिक वांछित भगोड़ों की सूची में फरार हुए तीन आरोपियों ने नामों को पिछले सप्ताह जोड़ा गया था और सूचीबद्ध किए जाने के तुरंत बाद उनमें से एक को गिरफ्तार कर लिया गया।

# ब्रिटिश कोर्ट में नीरव मोदी की याचिका पर सुनवाई पूरी

- दाखिल याचिका में प्रत्यर्पण मामला पुन: खोलने की मांग

लंदन, एजेंसी

फरार हीरा कारोबारी नीरव मोदी की उस अर्जी पर सुनवाई लंदन के उच्च न्यायालय में पूरी हो गई जिसमें उसने अपनी प्रत्यर्पण याचिका पर फिर से विचार किए जाने का अनुरोध किया था। इस अर्जी में दावा किया गया है कि भारत में जांच एजेंसियों द्वारा पूछताछ किए जाने के दौरान उसे यातना दिए जाने का खतरा है।

रॉयल कोर्ट्स ऑफ जस्टिस में अपील की सुनवाई कर रहे लॉर्ड जेरेमी स्टुअर्ट-स्मिथ और जस्टिस रॉबर्ट जे ने मंगलवार को दिनभर चली सुनवाई के अंत में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

स्टुअर्ट-स्मिथ ने कहा कि यह मामला मोदी और भारत से आए



भारतीय अधिकारियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। हम यथाशीघ्र फैसला सुनाएंगे। भारत में करीब दो अरब अमेरिकी डॉलर के पंजाब नेशनल बैंक ऋण घोटाला और धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन के मुकदमे में वांछित हीरा कारोबारी उत्तरी लंदन की पेंटनविल जेल से वीडियो लिंक के जरिये सुनवाई में पेश हुआ।

## क्यों राख में तब्दील हो रहीं जिंदगियां

भारत में आग की घटनाएं अब केवल दुर्घटनाएं नहीं, बल्कि व्यवस्थागत विफलताओं का प्रतीक बन गई हैं। दिल्ली के पालम इलाके और इंदौर के तिलक नगर में हुए भीषण अग्निकांडों ने देश को झकझोर कर रख दिया है। इन हादसों में कई मासूमों और परिवारों ने अपनी जान गंवा दी। दिल्ली में एक बहुमंजिला इमारत में आग से 9 लोगों की मौत हुई, जबकि इंदौर में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) की चार्जिंग के दौरान हुए शॉर्ट सर्किट ने 7 की जान ले ली। तकनीक और विकास के इस दौर में हम आग जैसी बुनियादी आपदा से निपटने में इतने असहाय क्यों हैं? क्या हमारी सुरक्षा प्रणालियां केवल कागजों तक सीमित हैं? दिल्ली और इंदौर की घटनाओं ने उजागर किया है कि अवैध निर्माण, सुरक्षा मानकों की अनदेखी और आपातकालीन निकासी के अभाव ने इमारतों को 'डेथ ट्रैप' बना दिया है।

# अग्नि तांडव-सुरक्षा तंत्र



### मौत का मंजर और चूक के बिंदू

- हालिया घटनाओं में सबसे बड़ी चूक बिल्डिंग बायलॉज का उल्लंघन और अवैध भंडारण रहा है।
- दिल्ली (पालम हादसा) : इमारत में कॉस्मेटिक और बिजली के तारों का स्टॉक था, जिसने आग को तेजी से भड़काया। एकमात्र सीढ़ी होने के कारण लोग फंस गए।
- इंदौर (तिलक नगर) : घर के बाहर खड़ी इलेक्ट्रिक कार की चार्जिंग के दौरान शॉर्ट सर्किट हुआ, जिससे वहां रखे गैस सिलेंडरों में विस्फोट हो गया। ● निकासी मार्ग का अभाव :इमारतों में केवल एक ही प्रवेश/निकास द्वार होना। ● अवैध व्यावसायिक उपयोग : आवासीय क्षेत्रों में ज्वलनशील पदार्थों का भंडारण। फायर विभाग से एनओसी लिए बिना संचालन।

### देश के इतिहास में सबसे भीषण अग्निकांड

- भारत ने पिछले तीन दशकों में कई ऐसे हादसे देखे हैं जिन्होंने सुरक्षा नियमों को बदलने पर मजबूर किया, लेकिन जमीनी स्तर पर सुधार अब भी अधूरा है।
- डबवाली स्कूल अग्निकांड (1995) : हरियाणा के सिरसा में एक वार्षिक उत्सव के दौरान लगी आग में 442 लोगों (ज्यादातर बच्चे) की जान गई थी।
- उपहार सिनेमा (1997) : दिल्ली के ग्रीन पार्क में 'बॉर्डर' फिल्म के शो के दौरान आग लगी, जिसमें 59 लोग मारे गए। मुख्य कारण निकास द्वारों का बंद होना था।
- कुंभकोणम स्कूल (2004) : तमिलनाडु में स्कूल में मिड–डे मील की रसोई से लगी भीषण आग में 94 बच्चों की मौत हुई
- आमरी अस्पताल, कोलकाता (2011) : अस्पताल के बेसमेंट में आग के कारण 89 मरीजों की मौत।

### भारत में सुरक्षा बनाम अन्य देश

- भारत में नेशनल बिल्डिंग कोड (एनबीसी) 2016 मुख्य मार्गदर्शिका है, लेकिन यह केवल सिफारिशी है, अनिवार्य नहीं।
- भारत की स्थिति : राज्यों के अपने कानून हैं, लेकिन उनमें एकरूपता की कमी है। राजस्थान और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में आज भी ठोस फायर सेफ्टी कानून का अभाव है।
- यूनाइटेड किंगडम : यहां 'फायर रिस्क असेसमेंट' अनिवार्य है और उल्लंघन पर जेल का प्रावधान है।
- अमेरिका : एनएफपीए मानकों के अनुसार, होटलों में निकास मार्ग की दूरी अधिकतम 23 मीटर होनी चाहिए, जबकि भारत में यह 30 मीटर तक मान्य है।

# ट्रंप बोले-ईरान युद्ध लंबा नहीं चलेगा स्पष्ट समयसीमा बताने से इनकार

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरान से मौजूदा संघर्ष को बताया एक संक्षिप्त अभियान

- सुनिश्चित करेंगे कि संघर्ष के बाद ठीक से संचालित हो ईरान

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि ईरान के साथ जारी युद्ध ज्यादा लंबा नहीं चलेगा, लेकिन उन्होंने इसके समाप्त होने की कोई स्पष्ट समयसीमा बताने से इंकार किया है जिससे अमेरिकी रणनीति को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। ट्रंप ने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत के दौरान इस संघर्ष को एक संक्षिप्त अभियान बताया और संकेत दिया कि यह कुछ हफ्तों में समाप्त हो सकता है, हालांकि यह स्पष्ट नहीं किया कि वह बीते समय की बात कर रहे थे या आने वाले समय की।

उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका अभी हटने के लिए तैयार नहीं है, लेकिन बहुत जल्द वापसी कर सकता है। ट्रंप ने युद्ध के बाद की योजनाओं पर पूछे जाने पर केवल सामान्य रूपरेखा दी और कहा कि अमेरिका यह सुनिश्चित करना चाहेगा कि संघर्ष के बाद ईरान ठीक से संचालित हो। ट्रंप ने वरिष्ठ ईरानी नेताओं की हत्या पर टिप्पणी करते हुए मजाकिया अंदाज में कहा कि इससे कूटनीति जटिल हो गयी है और हमें नहीं पता कि बातचीत किससे करें।

नाटो को लेकर अपनी आलोचना दोहराते हुए ट्रंप ने सहयोगियों द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य की सुरक्षा के लिए अमेरिकी नेतृत्व वाले प्रयास का समर्थन न करने पर नाराजगी जताई और यूरोपीय देशों के रुख को बहुत बड़ी गलती बताया। उन्होंने ब्रिटेन और फ्रांस का विशेष रूप से उल्लेख करते हुए कहा कि ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर समर्थन नहीं दे रहे हैं, जो एक बड़ी गलती है, जबकि फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के बारे में उन्होंने कहा कि वह जल्द ही पद छोड़ने वाले हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने इससे पहले संकेत दिया था कि पेरिस और लंदन सहित कुछ अन्य देश अमेरिकी पहल में शामिल हो सकते हैं, लेकिन फ्रांस ने कहा है कि वह नौसैनिक एस्कॉर्ट मिशन पर तभी विचार करेगा जब तेहरान के साथ तनाव कम होगा। वहीं ब्रिटेन ने सैन्य अभियानों में शामिल होने से साफ इनकार कर दिया है, जबकि अन्य एशियाई और यूरोपीय सहयोगी भी सतर्क रुख अपनाए हुए हैं।

ट्रंप ने सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कतर और बहरीन जैसे खाड़ी देशों की रक्षात्मक तैयारियों की सराहना की।



### अप्रयुक्त हथियारों से हमले का जवाब देगा ईरान

**तेहरान।** ईरान की सेना अमेरिका और इजरायल के खिलाफ अपने अभियान में ऐसे हथियारों को तैनात करने की योजना बना रही है जिनका इस्तेमाल पहले कभी नहीं किया गया है। यह बात बुधवार को ईरानी सेना के प्रवक्ता मोहम्मद अकरमिनिया ने कही। अमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी को ईरान के भीतर कई ठिकानों पर हमले कर अपने सैन्य अभियान की शुरुआत की थी। इन हमलों से नुकसान हुआ और आम नागरिकों की भी जान गयी। ईरान ने इसके जवाब में इजरायल के इलाके और पश्चिमी एशिया में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले किए।

### यूएई ने की ईरान के हमलों की कड़ी निंदा

**अबू धाबी।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान ने ईरान के मिसाइल और ड्रोन हमलों की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि नागरिक ठिकानों पर हमले संप्रभुता का घोर उल्लंघन हैं और क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न करते हैं। नाहयान ने बुधवार को कहा कि बिना उकसावे के किए गए ये हमले पिछले 18 दिनों से जारी हैं, जिनमें 2,000 से अधिक मिसाइल और ड्रोन का इस्तेमाल करते हुए देशभर में महत्वपूर्ण नागरिक ठिकानों पर हमले किए गए।

# मोदी ने 59 सांसदों को दी विदाई बोले-राजनीति में फुल स्टॉप नहीं

- राज्यसभा में सेवानिवृत्त हो रहे सदस्यों को भावभीनी विदाई

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अप्रैल से जुलाई के बीच राज्यसभा से सेवानिवृत्त हो रहे 59 सांसदों को विदाई देते हुए बुधवार को संसद को एक खुला विश्वविद्यालय करार दिया। प्रधानमंत्री ने सेवानिवृत्त हो रहे सांसदों से राष्ट्रीय जीवन में योगदान जारी रखने का आह्वान करते हुए कहा राजनीति में 'फुल स्टॉप' नहीं होता।

उच्च सदन में मोदी ने कहा कि ऐसे क्षण स्वाभाविक रूप से पार्टीगत मतभेदों को भुला देते हैं। उन्होंने कहा हम सभी में एक साझा भावना उत्पन्न होती है – यह एहसास कि हमारे सहयोगी अब अन्य प्रयासों को आगे बढ़ाने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद कुछ सदस्य पुनः सदन में आएंगे और कुछ नहीं आएंगे। ऐसे सदस्यों को प्रधानमंत्री ने आश्वस्त करते हुए कहा राजनीति में फुल स्टॉप जैसी कोई चीज़ नहीं होती। भविष्य आपका भी इंतजार कर रहा है, और आपका अनुभव हमेशा हमारे राष्ट्रीय जीवन का स्थायी हिस्सा रहेगा।

मोदी ने तीन वरिष्ठ नेताओं – पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा, नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शप) प्रमुख शरद पवार की खास तौर पर सराहना की और उन्हें ऐसे स्तंभ बताया जिन्होंने अपने जीवन का आधे से अधिक समय संसदीय कार्यवाई में बिताया। उन्होंने कहा कि जिस तरह वे नियमित रूप से सदन आते हैं, कार्रवाई में इतनी निष्ठा के साथ भाग लेते हैं, वह वास्तव में अनुकरणीय है। यह एक ऐसी भावना है जिससे सभी नए सांसदों को सीख लेनी चाहिए।

प्रधानमंत्री ने सेवानिवृत्त हो रहे उपसभापति हरिवंश की भी सराहना की। मोदी ने उन्हें मृदुभाषी और विनम्र लेकिन कठोर कार्रवाई करने वाला व्यक्ति बताया। उन्होंने उल्लेख किया कि हरिवंश ने अवकाश के दौरान देशभर की यात्राएं कीं और युवाओं से राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर संवाद किया। उन्होंने हल्के-फुल्के अंदाज में केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि हमारे आठवले जी वास्तव में सदाबहार हैं। वह जा रहे हैं, फिर भी मुझे विश्वास है कि कोई खालीपन महसूस नहीं करेगा, वह लगातार सेवाएं देते रहेंगे। प्रधानमंत्री ने दो सदनों वाली संसदीय संरचना में विधेयक पारित करने की प्रक्रिया की तुलना दूसरी राय लेने से की और कहा कि यह लोकतांत्रिक निर्णय को मजबूत बनाता है।

### राज्यसभा का सदन एक खुला विश्वविद्यालय



प्रधानमंत्री ने कहा एक सदन में लिए गए निर्णय को दूसरे सदन में दूसरी राय के लिए भेजा जाता है। यह पूरे बहस और निर्णय लेने की प्रक्रिया को नई दिशा देता है। मोदी ने यह भी उल्लेख किया कि सेवानिवृत्त हो रहे कुछ सदस्यों ने पुराने और नए संसद भवन दोनों में सेवा की। उन्होंने छह साल के राज्यसभा कार्यकाल को जीवन को आकार देने का अमूल्य अवसर बताया और कहा कि इससे सांसदों को राष्ट्रीय मामलों की गहन समझ प्राप्त होती है। छह साल के राज्यसभा कार्यकाल को उन्होंने परिवर्तनकारी अनुभव बताया। प्रधानमंत्री ने कहा यह सदन एक खुला विश्वविद्यालय है। यह राष्ट्रीय जीवन की जटिलताओं की गहन समझ हासिल करने का अवसर देता है। एक तरह से, यहां औपचारिक शिक्षा और प्रारंभिक प्रशिक्षण दोनों मिलता है। संसद में प्राप्त अनुभव वास्तव में व्यापक और मूल्यवान हैं।

# स्वेच्छा से देश छोड़ने पर अवैध प्रवासियों को देंगे 2600 डॉलर

- अमेरिकी गृह मंत्रालय ने पोस्टर जारी कर की बोनस की पेशकश

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के गृह मंत्रालय ने पोस्टर जारी कर भारत सहित अन्य देशों के अवैध अप्रवासियों को मुफ्त में स्वदेश भेजने के साथ-साथ 2600 अमेरिकी डॉलर का निर्वासन बोनस देने की पेशकश की है। अमेरिका के गृह मंत्रालय (डीएचएस) ने देश में रहने वाले अवैध अप्रवासियों को लक्षित करके शुरू की गई स्व-निर्वासन पहल को बढ़ावा देने के लिए ताजमहल और कोलंबिया और चीन के प्रमुख स्थलों की तस्वीरों का इस्तेमाल किया है।

डीएचएस ने 'एक्स' पर जारी पोस्ट में कहा कि सीबीपी होम (अमेरिकी सीमा शुल्क एवं सीमा सुरक्षा विभाग द्वारा विकसित ऐप) का उपयोग करके स्वयं को निर्वासित करने पर आपको घर वापसी की मुफ्त उड़ान और 2,600 अमेरिकी डॉलर का निकासी बोनस मिलेगा।

प्रोजेक्ट होमकमिंग नामक यह पहल पिछले साल मई में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल की शुरुआत के बाद शुरू की गई थी। डीएचएस ने प्रवासियों को प्रक्रिया शुरू करने के लिए सीबीपी ऐप का उपयोग करने की सलाह दी है, जिससे वे स्वेच्छा से देश छोड़ने के अपने इरादे के तहत पंजीकरण कर सकें, अपने विवरण जमा कर सकें और यात्रा सहायता और कार्यक्रम के तहत दी जाने वाली वित्तीय प्रोत्साहन राशि के बारे में जानकारी कर सकें। डीएचएस के मुताबिक जनवरी 2025 में योजना के शुरू होने के बाद से 22 लाख से अधिक अवैध अप्रवासियों ने लाभ उठाया है।

### ऊर्जा संकट: यूएस ने दी जहाजरानी प्रतिबंधों में ढील

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने ईरान के साथ जारी युद्ध के कारण बढ़ती ऊर्जा कीमतों और आपूर्ति संकट से निपटने के लिए देश के भीतर तेल, गैस और अन्य आवश्यक वस्तुओं की शिपिंग पर लगे प्रमुख प्रतिबंधों को अस्थायी रूप से हटा दिया है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर इस निर्णय की जानकारी दी है। अमेरिकी प्रशासन ने जहाजरानी संबंधी कानून 'जोन्स एक्ट' में अगले 60 दिनों के लिए छूट देने का फैसला किया है। इस छूट के बाद अब विदेशी झंडे वाले जहाजों को भी अमेरिकी बंदरगाहों के बीच तेल, प्राकृतिक गैस, उर्वरक और कोयले जैसी वस्तुओं के परिवहन की अनुमति होगी। आमतौर पर जोन्स एक्ट के तहत अमेरिकी बंदरगाहों के बीच माल की ढुलाई केवल अमेरिका में पंजीकृत और निर्मित जहाजों द्वारा ही की जा सकती है।

# राजपाल यादव की सजा एक अप्रैल तक निलंबित

- दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा, अभिनेता को जेल नहीं भेजेंगे

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को अभिनेता राजपाल यादव की सजा को निलंबित रखने की मियाद एक अप्रैल तक बढ़ाते हुए कहा कि चेक बाउंस मामलों में दोषी ठहराए जाने के संबंध में उन्हें जेल नहीं भेजा जाएगा क्योंकि उन्होंने 'पर्याप्त' भुगतान कर दिया है। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने टिप्पणी की कि उच्च न्यायालय सुनवाई अदालत के फैसले के खिलाफ यादव की अपील पर सुनवाई करेगा और अंततः फैसला सुनाएगा। इसी के साथ उच्च न्यायालय ने अभिनेता के वकील को दलीलें पेश करने को कहा।

न्यायमूर्ति शर्मा ने कहा कि मैं आपकी मुख्य याचिका सुन रही हूं। मैं उन्हें अभी जेल नहीं भेज रही हूं। उन्होंने काफी बड़ी रकम का भुगतान कर दिया है। मैं इस मामले पर फैसला करूंगी।



अदालत ने व्यक्तिगत रूप से पेश हुए यादव से कहा कि उनके पास पैसा लौटाने या मामले को चुनौती देने का विकल्प है।

शिकायतकर्ता का पक्ष रखने के लिए पेश हुए अधिवक्ता ने अदालत से कहा कि सजा को निलंबित करने के आदेश के खिलाफ उनका आवेदन लंबित है। अदालत ने रेखांकित किया कि यादव पहले ही 4.25 करोड़ रुपये जमा कर चुके हैं। न्यायाधीश ने कहा कि मुझे कोई कारण नहीं दिखता। वह भाग नहीं रहे हैं...।

### म्यांमार आतंकी कनेक्शन में सात विदेशी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए सात विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इनमें छह यूक्रेनी नागरिक और एक अमेरिकी नागरिक शामिल हैं। इन पर म्यांमार में आतंकी गतिविधियों से जुड़े प्रशिक्षण देने का आरोप है। एनआईए के अनुसार, सभी आरोपी अवैध रूप से भारत में दाखिल हुए थे और म्यांमार में हथियार चलाने तथा ड्रोन ऑपरेशन का प्रशिक्षण देने में कथित रूप से शामिल थे। जांच में यह भी सामने आया है कि प्रशिक्षण में इस्तेमाल किए जाने वाले ड्रोन यूरोप से खरीदे गए थे। गिरफ्तार आरोपियों को विशेष एनआईए अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें 11 दिनों की एनआईए हिरासत में भेज दिया गया है। फिलहाल एजेंसी आरोपियों से अवैध प्रवेश, हथियार प्रशिक्षण, ड्रोन संचालन, ड्रोन खरीद नेटवर्क को लेकर पूछताछ कर रही है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज कारोबारियों को बड़ा निवेश करने से बचना चाहिए। व्यापार को लेकर बड़ी मीटिंग कर सकते हैं। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा।

**वृष** – आज अपने रसूख के कारण आप अत्यंत लोकप्रिय रहेंगे। बच्चों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। ललित कलाओं का आनंद ले सकते हैं।

**मिथुन** – आज किसी बड़ी समस्या से आपको छुटकारा मिल सकता है। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। आर्थिक स्थिति सबल रहेगी।

**कर्क** – आज दूर के रिश्तेदारों से मुलाकात होगी। नए प्रोजेक्ट्स को लेकर आप अत्यंत सक्रिय रहेंगे। आध्यात्मिक विषयों में आप रुचि लेंगे।

**सिंह** – आज अकारण लोगों से विवाद हो सकता है। धैर्यवान होकर सभी काम करें। भाग्य का साथ न मिलने से काम प्रभावित हो सकते हैं।

**कन्या** – आज व्यवसाय में बड़े अनुबंध हो सकते हैं। धन कमाने के नए स्रोत बना सकते हैं। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश मिल सकता है।

**तुला** – आज सुबह काम का तनाव रहेगा। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। पारिवारिक कार्यों को लेकर भागदौड़ करनी पड़ सकती है।

**वृश्चिक** – आज का दिन काफी अच्छा रहेगा। व्यापार को लेकर आपके मन में आइडियाज आते रहेंगे। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**धनु** – आज विद्वान लोगों का सानिध्य प्राप्त होगा। कानूनी मामलों में उलझन की आशंका है। कार्यक्षेत्र में अपनी छवि को लेकर चिंतित रहेंगे।

**मकर** – आज का दिन नए काम की शुरुआत करने के लिए अत्यंत शुभ है। कारोबार को लेकर यात्रा कर सकते हैं। आपका स्वास्थ्य बेहतर रहेगा।

**कुंभ** – आज आपके कार्यों से परिजन नाराज होंगे। गुप्त शत्रु आपका अहित करने का प्रयास करेंगे। कुछ लोग आपके साथ विश्वासघात कर सकते हैं।

**मीन** – आज आपको जॉब में उच्च पद प्राप्त हो सकता है। आपके सपने साकार हो सकते हैं। छात्रों का पढ़ाई में प्रदर्शन बहुत शानदार रहेगा।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 19 मार्च, गुरुवार 2026 संवत–2083, शक संवत 1948 मास– चैत्र, पक्ष– कृष्ण पक्ष, अमावस्या 06 .52 तक तत्पश्चात प्रतिपदा 20 मार्च 04 .52 तक तत्पश्चात द्वितीया।

**दिशाशूल**– दक्षिण, **ऋतु**– वसंत।

**चन्द्रबल**– वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।

**ताराबल**–अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेष, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

**नक्षत्र**– उत्तर भाद्रपद 20 मार्च 04 .05 तक तत्पश्चात रेवती।

### सुडोकू - 92 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 8 | 5 | 2 | 7 | 9 | 6 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 1 | 3 | 5 | 8 | 7 |
| 1 | 7 | 3 | 8 | 5 | 6 | 4 | 2 | 9 |
| 5 | 1 | 4 | 3 | 2 | 7 | 8 | 9 | 6 |
| 2 | 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 1 | 7 | 5 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 6 | 1 | 3 | 4 | 2 |
| 3 | 5 | 1 | 7 | 8 | 2 | 9 | 6 | 4 |
| 6 | 2 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 |
| 8 | 4 | 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 3 | 1 |

### सुडोकू -93

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | 9 | | | | 8 |
| | 7 | | | | 1 | 5 | | 2 |
| 8 | | | 7 | | | | 3 | |
| 3 | | 9 | | 6 | | | | 4 |
| | | | 2 | | | 7 | 9 | |
| 2 | | 7 | | 5 | | | | |
| 7 | | | | 3 | | 2 | | |
| | 2 | | 1 | | 9 | | 5 | 6 |
| | | 6 | | | | 3 | | |

### अफगानिस्तान में नशामुक्ति केंद्र पर हमले की जांच हो

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त कार्यालय ने अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में एक नशामुक्ति केंद्र पर पाकिस्तानी हवाई हमले की स्वतंत्र और पारदर्शी जांच की मांग की है। इस हमले में करीब 400 लोगों की मौत और 250 के घायल होने की खबर है। यूएनएचसीएचआर के प्रवक्ता थमीन अल-खीतान ने कहा कि इस घटना की तुरंत, निष्पक्ष और पारदर्शी जांच होनी चाहिए और दोषियों को अंतर्राष्ट्रीय मानकों के तहत जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए।

साक्षात्कार

## ईरानी विदेशमंत्री बोले–नेतृत्व परिवर्तन के बावजूद हम पहले की नीति पर कायम

# ईरान की परमाणु नीति में कोई बड़ा बदलाव नहीं : अराघची

तेहरान, एजेंसी

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि इजरायल-अमेरिका के हमलों में सर्वोच्च नेता आयतुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद हुए नेतृत्व परिवर्तन के बावजूद देश की परमाणु नीति में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। अराघची ने अल जज़ीरा को दिए साक्षात्कार में बताया कि 2000 के दशक की शुरुआत में तत्कालीन सर्वोच्च नेता अली खामेनेई द्वारा जारी एक धार्मिक फतवे में सामूहिक विनाश के हथियारों के विकास पर प्रतिबंध लगाया गया था। उन्होंने कहा कि यह टिप्पणी ऐसे संवेदनशील समय में आई है जब ईरान बाहरी दुनिया को नीति की निरंतरता का संकेत देना चाहता है, हालांकि मौजूदा सैन्य दबाव के बीच नई नेतृत्व व्यवस्था इस सिद्धांत की व्याख्या कैसे करेगी, यह अभी स्पष्ट नहीं है।

अराघची ने यह भी स्पष्ट किया कि ऐसे धार्मिक आदेश उस इस्लामी विधिवेत्ता से जुड़े होते हैं, जो उन्हें जारी करता है। ईरान के नये सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई के रुख का आकलन करना अभी जल्दबाजी होगी। उन्होंने कहा, फतवे उस इस्लामी विद्वान पर निर्भर करते हैं जो उन्हें जारी करता है" और वह अभी उनके धार्मिक या राजनीतिक दृष्टिकोण पर टिप्पणी नहीं कर सकते। उनकी टिप्पणी से संकेत मिलता है कि ईरान की परमाणु नीति अपने मूल रुख में व्यापक रूप से निरंतरता बनाए रखेगी, हालांकि नेतृत्व परिवर्तन से कुछ हद तक रणनीतिक अनिश्चितता भी उत्पन्न हुई है। यह मुद्दा वर्तमान संघर्ष के केंद्र में बना हुआ है। अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और इटली जैसे पश्चिमी देश तथा इजरायल लंबे समय से ईरान पर परमाणु हथियार विकसित करने का आरोप लगाते रहे हैं।



### ईरान के परमाणु कार्यक्रम का उद्देश्य शांतिपूर्ण

ईरान, अमेरिका–इजरायल और अन्य देशों के परमाणु हथियार विकसित करने के आरोपों से इनकार करता रहा है और अपने परमाणु कार्यक्रम को ऊर्जा एवं अनुसंधान जैसे शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए बताता है। इस तरह की जानकारी है कि उसने उच्च स्तर पर यूरेनियम संवर्धन किया है और उसके पास बड़े यूरेनियम के विशाल भंडार मौजूद हैं।



यह साल बहुत अच्छा रहा। मैं अपनी निजी प्रदर्शन के बारे में ज्यादा कुछ नहीं कह सकती, क्योंकि जिस तरह से हमने विश्व कप खेला और उसे जीता, वह अपने आप में बहुत खास था। लेकिन मेरे लिए व्यक्तिगत तौर पर भी यह साल बहुत अच्छा रहा।
–स्मृति मंधाना


# स्टेडियम

अमृत विचार

www.amritvichar.com

अयोध्या, गुरुवार, 19 मार्च 2026


## हाईलाइट

### जापान-ऑस्ट्रेलिया में होगा महिला एशिया कप खिताबी मुकाबला

**सिडनी।** खिताब की प्रबल दावेदार जापान की टीम ने बुधवार को सिडनी में दक्षिण कोरिया को 4–1 से आसानी से हराकर महिला एशिया कप के फाइनल में जगह बना ली है, जहां उसका मुकाबला मेजबान ऑस्ट्रेलिया से होगा। ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार रात यहाँ सेमीफ़ाइनल में मौजूदा चैंपियन चीन को 2–1 से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। रिको उएकी और माइका हमानो ने शुरुआती 25 मिनट में गोल किए, जिसके बाद साकी कुमागाई ने मैच खत्म होने से 15 मिनट पहले हेडर से गोल करके जापान की सेमीफाइनल में शानदार जीत लगभग पक्की कर दी। पूरे मैच के दौरान सटीक पासिंग और बेहतरीन नियंत्रण के साथ खेलते हुए, जापान ने शनिवार को सिडनी में 'मैटिल्डास' (ऑस्ट्रेलियाई टीम) के खिलाफ होने वाले फ़ाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।

### मारिन ने विश्व कप व एशियाई खेलों के लिए टीम की योजना बनाई

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच शोर्ड मारिन इस साल होने वाले विश्व कप और एशियाई खेलों की टीम को तैयार करने के लिए विदेशी दौरों, मुकाबलों के अनुभव और राष्ट्रीय शिविर के मेल पर भरोसा कर रहे हैं। विश्व कप अगस्त में बेल्जियम और नीदरलैंड में होना है जबकि एशियाई खेल सितंबर में जापान में होंगे। भारतीय महिला टीम 15 से 21 जून तक ऑकलैंड में एफआईएच हॉकी नेशंस कप में हिस्सा लेगी। टीम के अमेरिका और अर्जेंटीना का दौरा करने तथा जर्मनी और नीदरलैंड के खिलाफ मैच खेलने का भी कार्यक्रम है। मारिन ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा, हमारा अमेरिका और अर्जेंटीना का दौरा है, न्यूजीलैंड में नेशंस कप है और जर्मनी में अभ्यास मैच हैं। हम नीदरलैंड में भी कुछ मैच खेलेंगे।

### शीर्ष-20 से शीर्ष-10 का सफर और भी मुश्किल : अनाहत



**मुंबई।** विश्व स्क्वाश रैंकिंग के शीर्ष–20 में जगह बनाने वाली सबसे कम उम्र की एशियाई खिलाड़ी बनने के बाद 17 साल की अनाहत सिंह जानती हैं कि शीर्ष –10 में जगह बनाना कहीं अधिक मुश्किल होगा क्योंकि उन्हें शीर्ष स्तर पर लगातार अच्छा प्रदर्शन करना होगा। दीपिका पल्लीकल और जोशना चिनप्पा पीएसए रैंकिंग में 10वें स्थान तक पहुंची थीं लेकिन उससे आगे नहीं बढ़ पाईं। विश्व रैंकिंग में 20वें स्थान पर मौजूद अनाहत कम उम्र और खास प्रतिभा के दम पर वह कर सकती हैं जो आज तक किसी भारतीय ने नहीं किया। अनाहत ने इंडियन ओपन के दौरान पीटीआई से कहा मुझे पता है कि यह काफी मुश्किल होने वाला है। शीर्ष–20 में जगह बनाना उतना मुश्किल नहीं था जितना शीर्ष–10 में जगह बनाना होगा क्योंकि अब जब आप इतने ऊंचे स्तर पर होते हैं तो एक भी पायदान ऊपर चढ़ना काफी मुश्किल होता है।

### मंधाना ने 2025 विश्व कप जीत का श्रेय टीम की तैयारी को दिया

**नई दिल्ली।** स्टार क्रिकेटर स्मृति मंधाना ने बीसीसीआई नमन अवॉर्ड्स में 'सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर (महिला)' का खिताब जीतकर अपने शानदार सीजन का समापन किया। उन्होंने विश्वकप जीत का श्रेय टीम की मेहनत और तैयारी को दिया। यह साल मंधाना के लिए निजी उपलब्धियों और वैश्विक मंच पर भारत की जीत, दोनों के लिहाज से बेहद यादगार रहा। उन्होंने व्यक्तिगत सम्मानों के बजाय टीम की सामूहिक सफलता को अधिक महत्व दिया। बीसीसीआई के एक वीडियो में मंधाना ने कहा यह साल बहुत अच्छा रहा। मैं अपनी निजी प्रदर्शन के बारे में ज्यादा कुछ नहीं कह सकती, क्योंकि जिस तरह से हमने विश्व कप खेला और उसे जीता, वह अपने आप में बहुत खास था। मेरे लिए व्यक्तिगत तौर पर भी यह साल बहुत अच्छा रहा, क्योंकि मैं टीम के लिए जो कुछ भी कर सकती थी, मैंने किया।



# पूरी जिंदगी नहीं खेल सकते, इसलिए पढ़ाई जरूरी : सिंधु

**गुरुग्राम, एजेंसी**

- **पूर्व विश्व चैंपियन ने डीपीएस इंटरनेशनल में बातचीत के दौरान शिक्षा के महत्व पर दिया जोर**

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता भारतीय बैडमिंटन स्टार पी वी सिंधु ने इस बात पर जोर दिया कि उभरते हुए खिलाड़ियों के लिए पढ़ाई करना बेहद जरूरी है और पढ़ाई को नजरअंदाज करके सिर्फ खेल पर ध्यान देना बहुत जोखिम भरा है। क्योंकि एक ही चोट से खेल करियर खत्म हो सकता है।

पूर्व विश्व चैंपियन ने डीपीएस इंटरनेशनल में एक बातचीत के दौरान शिक्षाविद देवयानी जयपुरिया से बात करते हुए ये बातें कहीं। हैदराबाद की इस खिलाड़ी ने अपनी बात को समझाने के लिए अपनी जिंदगी के कई पहलुओं का जिक्र किया। इनमें 2016 के ओलंपिक से पहले का वह दौर भी शामिल है जब वह अपने बाएं पैर में 'स्ट्रेस फ्रैक्चर' होने के कारण परेशान थीं और उन्हें खुद पर शक होने लगा था।

उन्होंने कहा मैं इतने साल से खेल रही हूं। कभी न कभी तो आपको 'रिटायर' होना ही पड़ता है। और यही सच है। आप 45, 50 या 60 साल की उम्र तक शीर्ष स्तर पर नहीं खेल सकते। सिंधू ने राष्ट्रीय कोच पुलेला गोपीचंद की बात का समर्थन किया जिन्होंने उभरते हुए खिलाड़ियों के माता-पिता से शिक्षा को प्राथमिकता देने की बात कही थी। इस खिलाड़ी ने कहा आपको इस बात को स्वीकार करना ही होगा कि शिक्षा हमेशा पूरी जिंदगी आपके साथ रहेगी और हमेशा आपके पास रहेगी।

उन्होंने कहा कोई भी सोने की चम्मच लेकर पैदा नहीं होता और आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ती है, चाहे वह पढ़ाई में हो या खेल में। पढ़ाई और खेल दोनों ही अहम हैं। मैंने अपना एमबीए किया है। इसलिए मुझे पता है कि यह आसान नहीं है। आप सुबह ट्रेनिंग के लिए जाते हैं, वापस आते हैं, पढ़ाई करते हैं, फिर शाम के सत्र के लिए जाते हैं। सिंधु ने कहा सच तो यही है कि खेल एक बहुत छोटी सी चीज है। शिक्षा हमेशा आपके साथ रहेगी। खेल भी जरूरी है, लेकिन इतना भी नहीं कि आप अपनी पढ़ाई पूरी तरह से रोक दें। तीस साल की यह खिलाड़ी अभी ब्रेक पर है।

अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर बमबारी के चलते हवाई क्षेत्र बंद करने की वजह से उन्हें कुछ दिनों के लिए दुबई में रुकना पड़ा था। उन्होंने कहा कि खेल के दौरान लगने वाली चोटों से उबरना मुश्किल हो सकता है, इसलिए उन्होंने उभरते हुए खिलाड़ियों से पढ़ाई का एक विकल्प अपने पास रखने की बात कही। सिंधु ने कहा हो सकता है मेरी बात थोड़ी कड़वी लगे, शायद अभी उन्हें यह बात समझ नहीं आए, लेकिन जिंदगी के बाद के पड़ाव में उन्हें यह जरूर समझ आएगा कि पढ़ाई भी उतनी ही जरूरी है।

खेल कभी-कभी बहुत जोखिम भरा हो सकता है। इसमें कभी भी चोट लग सकती है। उन्होंने कहा चोट से आपका करियर खत्म हो सकता है, आपकी सर्जरी हो सकती है। और चोटें बताकर नहीं आतीं, बस हो जाती हैं।

ऐसे समय में, आपको यह पक्का करना होता है कि आप जिंदगी में हर चीज के लिए तैयार हैं। उन्होंने 2015 को याद किया जब उनके बाएं पैर में 'स्ट्रेस फ्रैक्चर' हो गया था जिससे उनका करियर खत्म होने का खतरा पैदा हो गया था और उन्हें छह महीने तक खेल से बाहर रहना पड़ा था।

# सनराइजर्स हैदराबाद के शुरुआती कुछ मैचों में कप्तानी करेंगे ईशान किशन

## आईपीएल 2026 : नियमित कप्तान पैट कमिंस पीठ की चोट से पूरी तरह नहीं उबरे

**हैदराबाद, एजेंसी**



सनराइजर्स हैदराबाद ने भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन को बुधवार को आईपीएल 2026 के शुरुआती मुकाबलों के लिए अंतरिम कप्तान नियुक्त किया जबकि अभिषेक शर्मा उप कप्तान होंगे। यह फैसला इसलिए किया गया क्योंकि नियमित कप्तान पैट कमिंस चोट से उबर रहे हैं।

कमिंस पीठ के निचले हिस्से में लगी चोट के कारण टीम से बाहर हैं। इसी चोट की वजह से वह पिछली एशेज श्रृंखला के अधिकतर मुकाबलों और टी20 विश्व कप में भी नहीं खेल पाए थे। फ्रेंचाइजी ने सोशल मीडिया पर बताया, 'पैट कमिंस चोट से उबरने की प्रक्रिया के दौरान कुछ मैच नहीं खेल पाएंगे। जब तक वह ठीक नहीं हो जाते तब तक इशान किशन कप्तान और अभिषेक शर्मा उप कप्तान रहेंगे।' हालांकि आईपीएल 2016 के विजेता सनराइजर्स ने यह साफ नहीं किया कि कमिंस कितने मैच नहीं खेल पाएंगे।

सनराइजर्स ने सभी प्रारूपों में अच्छे प्रदर्शन के बाद ईशान को कार्यवाहक कप्तान की जिम्मेदारी सौंपी है। इस बाएं हाथ के बल्लेबाज ने टी20 विश्व कप में भारत को खिताब जिताने में अहम भूमिका निभाई थी। वह टूर्नामेंट में चौथे सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। उन्होंने नौ मैच में 199.37 के स्ट्राइक रेट से 317 रन बनाए। उनका औसत 80.25 रहा और उन्होंने तीन अर्धशतक भी जड़े। बल्ले से शानदार प्रदर्शन की बदौलत इशान आईसीसी की टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। इस सत्र की शुरुआत में ईशान ने झारखंड टीम की कप्तानी करते हुए सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी में पहली बार खिताब दिलाया था।

### आरसीबी में अब भी कोहली ही हैं मुख्य ताकत : डिविलियर्स

**बेंगलुरु।** दक्षिण अफ्रीका के महान बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) में विराट कोहली के हमेशा बने रहने वाले प्रभाव को रेखांकित किया है। उन्होंने कोहली को मौजूदा चैंपियन टीम की पहचान और सफलता के पीछे की मुख्य ताकत बताया है, चाहे वह मैदान के अंदर हो या बाहर। जैसे ही आरसीबी 28 मार्च को बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अपना इंडियन प्रीमियर लीग 2026 का अभियान शुरू करने की तैयारी कर रही है, 2025 में ऐतिहासिक खिताब जीतने के बाद टीम से उम्मीदें काफी बढ़ गई हैं।

### चक्रवर्ती और नारायण को ईडन गार्डन्स में अनुकूल पिच मिलनी चाहिए : डु प्लेसी

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान फाफ डु प्लेसी ने कहा है कि वरुण चक्रवर्ती का प्रदर्शन टी20 विश्व कप में भले ही कुछ खास नहीं रहा हो लेकिन 28 मार्च से शुरू हो रहे आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए यह भारतीय रहस्यमयी स्पिनर बहुत महत्वपूर्ण साबित होगा। इस टूर्नामेंट से संन्यास लेने से पहले चेन्नई सुपरकिंग्स, दिल्ली कैपिटल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए खेलने वाले डु प्लेसी ने से कहा कि ईडन गार्डन्स की पिच सुनील नारायण और चक्रवर्ती की गेंदबाजी के अनुकूल होनी चाहिए। डु प्लेसी ने कहा अगर मैं केकेआर टीम प्रबंधन का हिस्सा होता तो मैं ईडन गार्डन्स के मैदानकर्मियों से कहता कि पिच को स्पिन के अनुकूल बनाया जाए। केकेआर खुशकिस्मत है कि उसके पास चक्रवर्ती और नारायण जैसे दो शानदार गेंदबाज हैं। उन्होंने कहा ये दोनों इस समय टी20 क्रिकेट के सबसे बेहतरीन स्पिनरों में से हैं। वरुण और नारायण, दोनों का प्रदर्शन असरदार होना जरूरी है। अगर वे ऐसी पिचों पर खेलते हैं जहां वे अपनी पूरी क्षमता से गेंदबाजी नहीं कर पाते तो आप अपने इन दो सबसे बड़े हथियारों और अपनी सबसे बड़ी ताकत को खो देंगे।

### पोंटिंग ने यानसेन के देर से टीम से जुड़ने की दी छूट

**नई दिल्ली।** पंजाब किंग्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने आईपीएल के लिए मार्को यानसेन के देर से आने को स्वीकृति दे दी है। उन्होंने ऐसा इसलिए किया क्योंकि यह दक्षिण अफ्रीकी ऑलराउंडर उन खिलाड़ियों के आखिरी समूह में शामिल था जो टी20 विश्व कप के बाद 'लॉजिस्टिक्स' से जुड़ी दिक्कतों के कारण भारत से देर से रवाना हुए थे। दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के खिलाड़ी विश्व कप में अपना सफर खत्म होने के बाद एक हफ्ते से अधिक समय तक भारत में ही फंसे रहे थे। वेस्टइंडीज के मुख्य कोच डैरेन सैमी और दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज डेविड मिलर सहित कुछ खिलाड़ियों ने भारत से रवाना होने में देरी पर नाराजगी भी जाहिर की थी।



कोलकाता के ईडन गार्डन्स में आईपीएल 2026 से पहले अभ्यास सत्र के दौरान कोलकाता नाइट राइडर्स के रिंकू सिंह ने टीम के साथ जमकर अभ्यास किया। एजेंसी



चैंपियंस लीग मैच के दौरान मुकाबला करते रियल मैड्रिड के ब्राहिम डियाज और मैनचेस्टर सिटी के मैथ्यूज नून्स। एजेंसी

### चैंपियन्स लीग के क्वार्टर फाइनल में रियल मैड्रिड व पीएसजी

**मैनचेस्टर।** रियल मैड्रिड और पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में क्रमशः मैनचेस्टर सिटी और चेल्सी की वापसी की उम्मीदों को खत्म करते हुए मंगलवार को यहां क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

पहले चरण में तीन गोल की बढ़त हासिल करने के बाद रियल मैड्रिड ने विनिसियस जूनियर के दो गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी को उसकी सरजमीं पर 2-1 से हराकर कुल 5-1 के स्कोर से जीत दर्ज की। गत चैंपियन पीएसजी ने शुरुआती 14 मिनट में दो गोल दागने के बाद चेल्सी को 3-0 से हराया।

# भारत थॉमस और उबेर कप में चीन के ग्रुप में

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय पुरुष और महिला टीम को क्रमशः थॉमस और उबेर कप के लिए मुश्किल ड्रॉ मिले हैं क्योंकि उन्हें मौजूदा चैंपियन चीन के साथ एक ही ग्रुप में रखा गया है। विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) ने बुधवार को ड्रॉ की घोषणा की।

थॉमस कप का 34वां और उबेर कप का 31वां सत्र 24 अप्रैल से तीन मई तक डेनमार्क के हॉर्सेंस में आयोजित किया जाएगा। वर्ष 2022 में अपना पहला खिताब जीतकर इतिहास रचने वाली भारतीय पुरुष टीम को चीन, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया के साथ ग्रुप ''ए'' में रखा गया है। भारत पिछले टूर्नामेंट (2024) के क्वार्टर फाइनल में चीन से हार गया था जो बाद में विजेता बना था। उबेर कप में भारतीय महिला टीम भी मौजूदा और 16 बार के चैंपियन चीन के साथ ग्रुप ''ए'' में है। मेजबान डेनमार्क और यूक्रेन इस ग्रुप की अन्य टीम हैं। भारत पिछले टूर्नामेंट में क्वार्टर फाइनल में जापान से हारकर बाहर हो गया था। चीन के पास एक मजबूत पुरुष टीम है जिसमें शी युकी (दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी) और ली शी फेंग (दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी) के अलावा वेंग होंग यांग (दुनिया के 17वें नंबर के खिलाड़ी) और लू गुआंग झू (दुनिया के 18वें नंबर के खिलाड़ी) शामिल हैं। भारत को लक्ष्य सेन की हालिया फॉर्म से आत्मविश्वास मिलेगा क्योंकि पेरिस ओलंपिक 2024 के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले इस खिलाड़ी ने इस महीने की शुरुआत में ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में उपविजेता रहने के दौरान फेंग को हराया था। भारत ने 2022 में बैंकॉक में अपना पहला थॉमस कप खिताब जीतकर इतिहास रचा था। चार-चार टीम के चार ग्रुप में बांटी कुल 16 टीम राउंड रोबिन लीग खेलेंगी जिसमें हर मुकाबले में पांच मैच (तीन एकल और दो युगल) होंगे। हर ग्रुप से शीर्ष दो टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंचेंगी।

**थॉमस कप ड्रॉ**

ग्रुप ए : चीन, भारत, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया
ग्रुप बी : जापान, मलेशिया, इंग्लैंड, फिनलैंड
ग्रुप सी : चीनी ताइपे, डेनमार्क, कोरिया, स्वीडन
ग्रुप डी : इंडोनेशिया, फ्रांस, थाईलैंड, अल्जीरिया।



**उबेर कप ड्रॉ**

ग्रुप ए : चीन, भारत, डेनमार्क, यूक्रेन
ग्रुप बी : जापान, मलेशिया, तुर्की, दक्षिण अफ्रीका
ग्रुप सी : चीनी ताइपे, इंडोनेशिया, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया
ग्रुप डी : कोरिया, थाईलैंड, बुल्गारिया, स्पेन।

हॉकी विश्व कप | नीदरलैंड्स और बेल्जियम की संयुक्त मेजबानी में 15 से 30 अगस्त तक होंगे मुकाबले

# भारत व पाकिस्तान की पुरुष टीमों को एक ही ग्रुप में जगह

**एम्स्टर्डम, एजेंसी**

भारत व पाकिस्तान की पुरुष टीमों को इसी वर्ष नीदरलैंड्स व बेल्जियम की संयुक्त मेजबानी में आयोजित एफआईएच हॉकी विश्व कप के एक ही ग्रुप में जगह दी गई है। 15 से 30 अगस्त तक होने वाले इस वैश्विक आयोजन की ड्रॉ सेरेमनी मंगलवार को एम्स्टर्डम के वैगेनर स्टेडियम में हुई और विस्तृत शेड्यूल जल्द ही जारी होने की उम्मीद है।

**ग्रुप डी के सभी मैच नीदरलैंड्स में होंगे :** दो कट्टर प्रतिद्वंद्वियों – भारत व पाकिस्तान व इंग्लैंड व वेल्स के साथ पूल डी में जगह दी गई है। इस ग्रुप के सभी मैच नीदरलैंड्स में खेले जाएंगे। खास बात यह है कि क्रिकेट के, जहां भारत व पाकिस्तान कमोबेश हर विश्व कप में एक ही ग्रुप में होते हैं, उलट हॉकी में ये दोनों टीमें 2010 के बाद पहली बार विश्व कप में एक-दूसरे से भिड़ेंगी।

**विश्व कप में 2010 के बाद पहली बार आमने-सामने होंगी भारत-पाक टीमें :** पुरुषों हॉकी विश्व कप के इतिहास में भारत व पाकिस्तान पांच बार एक-दूसरे का सामना कर चुके हैं। भारत तीन जीत के साथ आगे है जबकि पाकिस्तान दो बार जीता है। भारत ने नई दिल्ली के मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में पाकिस्तान के खिलाफ पिछले विश्व कप मैच में 4-1 से जीत हासिल की थी।

**2026 में दोनों टीमों की कम से कम तीन मुलाकातें होंगी :** हॉकी विश्व कप में मुकाबले के अलावा, भारत और पाकिस्तान इस वर्ष दो बार और एक-दूसरे का सामना करेंगे। विश्व कप में मुकाबले से पहले, दोनों टीमें एफआईएच प्रो लीग में दो बार खेलेंगी। इस वर्ष के आखिर में होने वाले एशियन गेम्स में चौथी मुलाकात की भी संभावना है।

**महिला वर्ग में भारत, चीन, इंग्लैंड व द. अफ्रीका एक ग्रुप में :** इस बीच पुरुष विश्व कप के अलावा महिला हॉकी विव कप के लिए भी ड्रॉ सेरेमनी हुई, जिसमें पाकिस्तान क्वालिफाई नहीं कर पाया है। भारत, चीन, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका के साथ पूल D में है।

**पुरुष हॉकी विश्व कप के ग्रुप**

**पूल ए** : नीदरलैंड्स, अर्जेंटीना, न्यूजीलैंड व जापान (मैच नीदरलैंड्स में खेले जाएंगे)।
**पूल बी** : बेल्जियम, जर्मनी, फ्रांस व मलेशिया (मैच बेल्जियम में खेले जाएंगे)।
**पूल सी** : ऑस्ट्रेलिया, स्पेन, आयरलैंड व दक्षिण अफ्रीका (मैच बेल्जियम में खेले जाएंगे)।
**पूल डी** : इंग्लैंड, भारत, पाकिस्तान व वेल्स (मैच नीदरलैंड्स में खेले जाएंगे)।

**महिला हॉकी विश्व कप के ग्रुप**

**पूल ए** : नीदरलैंड्स, ऑस्ट्रेलिया, चिली व जापान (मैच नीदरलैंड्स में खेले जाएंगे)।
**पूल बी** : अर्जेंटीना, जर्मनी, अमेरिका व स्कॉटलैंड (मैच बेल्जियम में खेले जाएंगे)।
पूल सी – बेल्जियम, स्पेन, न्यूजीलैंड व आयरलैंड (मैच बेल्जियम में खेले जाएंगे)।
पूल डी – चीन, इंग्लैंड, भारत व दक्षिण अफ्रीका (मैच नीदरलैंड्स में खेले जाएंगे)।


